# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# भ्रष्टाचार के जुर्म में एक को तीन साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम विपिन कुमार ने साधन सहकारी समिति लिमिटेड शाहपुर विकास खंड भवनापुर जनपद सिद्धार्थनगर के तत्कालीन सचिव राम प्रकाश अवस्थी को तीन साल के कठोर कारावास एवं 60 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रमेश राम त्रिपाठी का कहना था कि वादी एस एम श्रीवास्तव परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण बस्ती ने 21 जून 1990 को मुकदमा दर्ज कराया था। उनका कहना था कि अभियुक्त द्वारा राष्ट्रीय ग्राम रोजगार सेवक योजना के अंतर्गत उठाए गए खाद्यान्न में से 159.44 कुंटल चावल का वितरण फर्जी कूपनो पर दिखाकर 38638.07 रुपए का आहरण किया गया है।

# मास्टर माइंड मनीष और सूरज की हो रही तलाश

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर के रामजानकी नगर में अवैध ढंग से रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल चला रहे आठ जालसाजों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस अब इस गिरोह के सरगना देवरिया जिले के थाना श्रीरामपुर क्षेत्र में रहने वाले मनीष सिंह कुशवाहा की तलाश कर रही है। इसके नाम पर तीन आईडी चल रही थी। इसके साथ ही दिल्ली के आस-पास रहने वाले सूरज को भी पुलिस ढूंढ रही है। दोनों के पकड़े जाने पर इस धंधे से जुड़ी जानकारी और कई बड़े शातिरों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

पुलिस के अनुसार, क्रोम के माध्यम से रेडी अन्ना आनलाइन गेम में सट्टेबाज जुड़ते हैं। मनीष ने रेड्डी अन्ना के पैनल की तीन आईडी खरीदी थी। एक आईडी की कीमत करीब 12 से 15 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके बाद शाहपुर के रामजानकी नगर से अवैध सट्टे का खेल संचालित किया जा रहा था। लोगों को बहला-फुसलाकर म्युलफर्जी खाते खुलवाया गया था। उनमें पैसों का लेन-देन करते थे। एक दिन में 11-12 लाख रुपये का लेन-देन किया जाता था। इसमें 20 प्रतिशत फायदा रेडी अन्ना के खाते में जाता था। रविवार को पकड़े गए जालसाजों में छह देवरिया और दो बिहार सिवान जिले के हैं। उनसे पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

■ शाहपुर इलाके में रेड्डी आन लाइन गेमिंग पोर्टल के जरिये जालसाजी का मामला

### लखनऊ में ट्रेनिंग ली, बना सिटी इंचार्ज

पुलिस के अनुसार, रेड्डी अन्ना आनलाइन गेम की आईडी लेने के बाद बिहार सिवान जिले के बेलाव गांव के चंदन कुशवाहा की ट्रेनिंग लखनऊ में कराई गई थी। इसके बाद वह गोरखपुर शहर की कमान संभाल रहा था। रविवार को पकड़े जाने के बाद चंदन ने बताया कि ट्रेनिंग लेने के बाद उसे सिटी इंचार्ज बनाया गया था।

यहां के अलावा और कहां यह अवैध धंधा चल रहा है, इसके बारे में उसे कुछ पता नहीं है। पुलिस के अनुसार, लखनऊ में जिस जगह पर ट्रेनिंग कराई जा रही है, वहां की भी जानकारी पुलिस जुटा रही है। पुलिस का मानना है कि लखनऊ में भी इस गिरोह के सदस्य काम कर रहे हैं।

# लखनऊ में प्रशिक्षण के बाद खिला रहे थे आनलाइन सट्टा

**फालोअप**

- देवरिया जिले के रहने वाले सरगना व उसके साथी की चल रही तलाश
- शाहपुर पुलिस ने रविवार को गिरोह के आठ सदस्यों को पकड़ा था

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रेड्डी अन्ना आनलाइन गेमिंग पोर्टल के जरिये सट्टा खिलाने वाले सरगना मनीष की तलाश में जिले की पुलिस देवरिया में छापेमारी कर रही है। गाजियाबाद में रहने वाला सहयोगी सूरज भी फरार है। शाहपुर थाना पुलिस की जांच में सामने आया है कि लखनऊ में प्रशिक्षण लेने के बाद जालसाजों ने गोरखपुर में कार्यालय खोला था।

शाहपुर थाना पुलिस ने रविवार को रामजानकी नगर कालोनी में ठिकाने पर छापा डालकर आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरोह का सरगना देवरिया जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र में रहने वाला मनीष सिंह कुशवाहा चकमा देकर फरार हो गया। छानबीन में पता चला कि दुबई के रेड्डी अन्ना आनलाइन गेमिंग पोर्टल के संचालक से उसने चार आइडी ली थी। एक आइडी की कीमत 12 से 15 लाख रुपये बताई जा रही है। शाहपुर के रामजानकी नगर में अवैध सट्टे का खेल संचालित किया जा रहा था। झांसा देकर लोगों से म्यूल खाते में रुपये ट्रांसफर कराने के बाद उन्हें बिटक्वाइन दिया जाता था। प्रतिदिन यह गिरोह 11-12 लाख रुपये का लेन-देन करता था, जिसका 20 प्रतिशत फायदा रेड्डी अन्ना गेमिंग पोर्टल के संचालक को मिलता था। रविवार को जेल भेजे गए आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि मनीष ने सिवान जिले के बेलाव गांव में रहने वाले चंदन कुशवाहा को गोरखपुर स्थित सेंटर का प्रभारी बनाया था।

### दुबई से हो रहा संचालन, हर मैच पर लगाते थे सट्टा

साइबर सेल की जांच में पता चला कि रेड्डी अन्ना गेमिंग पोर्टल का संचालन दुबई से हो रहा है। इसकी वजह से कई मामले सामने आने के बाद भी पुलिस संचालक तक नहीं पहुंच सकी। रविवार को पकड़े गए आरोपितों के पास से 25 मोबाइल फोन नंबर मिले हैं, जिन्हें ट्रेस किया जा रहा है। इन नंबरों के जरिये पुलिस अवैध धंधे में लिप्त जालसाजों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। आरोपितों ने पुलिस को बताया था कि क्रिकेट, फुटबाल, हाकी समेत अन्य सभी खेलों में वह हार-जीत का सट्टा लगाते थे।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सरगना समेत गिरोह के सभी सदस्यों पर कार्रवाई होगी। जालसाजों ने जिन खातों में रुपये मंगाए हैं, बैंक से उनकी डिटेल मांगी गई है। स्टेटमेंट मिलने के बाद यह पता चलेगा कि गिरोह ने कितने की ठगी की है।

**पुलिस ने इनको भेजा था जेल :** शाहपुर थाना पुलिस ने रविवार को रामजानकी नगर स्थित कार्यालय में छापा मारकर देवरिया जिले के श्रीरामपुर, प्रतापपुर के रहने वाले रोहित प्रसाद, गुड्डू शर्मा, रंजेश यादव, ठाकुरपुर के छपरा बुजुर्ग गांव में रहने वाले अमित शर्मा, अभय कुमार यादव, बैंकुठपुर के संजीत खरवार, सिवान (बिहार) के दरौली, बेलाव में रहने वाले चंदन कुशवाहा, मैरवा के सिसवा खुर्द में रहने वाले प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही गिरोह का पर्दाफाश किया था।

# हास्पिटल में घुसकर मारपीट के मामले में केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रामगढ़ताल इलाके में स्थित न्यू गोरखपुर मेडिसिटी हास्पिटल में घुसकर हंगामा करने और कर्मचारियों से मारपीट का मामला सामने आया है। अस्पताल के मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।अस्पताल के मैनेजर नमन शुक्ला ने दी तहरीर में लिखा है कि रविवार की शाम चार बजे देवरिया के बड़ावन निवासी मरीज ओम प्रकाश यादव को देखने के लिए कुछ लोग आए थे। मरीज 17 सितंबर को भर्ती हुआ था। बदौली बाबू, बांसगांव का रहने वाला अज्जू सिंह अपने 10-12 अज्ञात साथियों के साथ आया था। वह बिल के बारे में पूछा तो स्टाफ ने बताया कि 22 हजार 500 रुपये का बिल है। बिल देखने के बाद अज्जू सिंह ने हाथापाई और मारपीट शुरू कर दी। धमकी दी कि अभी पहचान नहीं रहे हो, पूरे अस्पताल को फूंक दूंगा। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची, लेकिन आरोपित फरार हो गए थे। घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। अस्पताल के संचालक डा. गौरव पांडेय ने बताया कि आरोपितों की हरकत सीसी टीवी कैमरे में कैद है। घटना की सूचना तत्काल ही पुलिस को दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन आरोपित फरार हो गए थे।

# किशोरी को किया अपहृत, चार पर केस

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीया किशोरी को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर गांव की ही एक महिला उसका बेटा और बेटी ने मिलकर गायब कर दिया है। एसएसपी के निर्देश पर महिला समेत चार के विरूद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि 15 जुलाई को पूरा परिवार एक कमरे में सोया था। बेटी बगल के कमरे में सोती थी। रात्रि में करीब 1.30 बजे मेरी पत्नी बाथरूम के लिए उठी तो देखी बेटी कमरे में नहीं है। काफी तलाश किया लेकिन नहीं मिली। दूसरे दिन मेरे घर बबलू आये बताया कि तुम्हारे बेटी को खड़खड़िया निवासी मधुप सहानी, उसकी मां मुन्नी देवी, उसकी बहन खुशबू के साथ सुबह कैम्पियरगंज में देखा है। उक्त लोग मेरी बेटी को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर उसे भगा ले गये हैं। मेरी बेटी अपने साथ अपनी मां की सोने का नथिया, मांग टीका, माला, अंगूठी व चांदी का हाथपलानी, पौजेब साथ ले गयी है। जानकारी होने पर आरोपितों के घर गया तो देखा घर पर ताला लगा है। आरोपियों का पुलिस से मेल मिलाप के कारण मेरा मुकदमा आज तक नहीं लिखा गया। बार-बार थाने पर दौड़ाया जा रहा है। एसएसपी के निर्देश के बाद कैम्पियरगंज पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## साइबर ठगी का केस दर्ज

**पिपराइच।** पुलिस ने कोनी गांव निवासी अनुराधा गौड़ के तहरीर पर साइबर ठगी का केस अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर में कहा है कि मिंत्रा आनलाइन से क्रीम मंगाया था वह एक्सपायर हो गया था। वापसी के लिए गुगल से सर्च कर उसके कस्टमर केयर से सम्पर्क किया। टोल फ्री नम्बर द्वारा कहा गया आपके पास ह्वाट्सएप काल जायेगा। कुछ देर बाद पीड़िता के मोबाइल पर पचास हजार रुपये कटने का फर्जी मैसेज आया। इसके बाद ह्वाट्सएप काल पर बताया गया कि आप का पचास हजार रूपए रिटर्न भेजा जा रहा है। थोड़ी ही देर में पीड़िता के खाते से 16777 रुपये निकाल जाने का मैसेज आ गया। पीड़िता को ऐहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगों ने ठगी की है। जिसके बाद उसने पुलिस को इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।

## जालसाजी कर भूमि रजिस्ट्री कराने के दो आरोपित गिरफ्तार

**झंगहा।** जालसाजी कर भूमि रजिस्ट्री कराने के मामले में आरोपित और वांछित चल रहे दो आरोपितों को झंगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम काशीनाथ पुत्र मंहगू निवासी ग्राम डेहराडाबर थाना झंगहा व वीर बहादुर पुत्र मुनेसर निवासी ग्राम बेनीजोत खरहरा थाना झंगहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस दोनों को दर्ज मुकदमे की धारा 120बी, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई रविंद्र सिंह तोमर व आरक्षी धर्मेंद्र यादव थाना झंगहा शामिल रहे।

# एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख हड़पा, गिरफ्तार

चौरीचौरा (एसएनबी)। दिल्ली एम्स में नर्सिंग आफिसर की नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी कर सात लाख रुपए हड़प लिए जाने के मामले में स्थानीय पुलिस ने दुघई निवासी अशोक कुमार को सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 419, 420, 467, 468 व 471 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सरैया निवासी सुमित्रा देवी पत्नी योगेन्द्र ने पुलिस को तहरीर सौंप कर आरोप लगाया है कि अशोक कुमार निवासी दुघई द्वारा दिल्ली एम्स में नर्सिंग आफिसर की नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपए बैंक अकाउंट में तथा पांच लाख रुपये नगद जालसाजी कर हड़प लिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अशोक कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने करमहा रेलवे क्रासिंग के पास से अशोक कुमार को गिरफ्तार किया।

# एयरफोर्स कर्मी की पत्नी से 27 लाख की जालसाजी

गोरखपुर(एसएनबी)। एयरफोर्स में कार्यरत एक कर्मचारी की पत्नी से 27.45 लाख रुपये की जालसाजी हो गई। वह सोशल मीडिया के जरिए शेयर मार्केट में रुपये लगाकर कमाने के लालच में फंसी और फिर खाता खाली हो गया। वायु सेना कर्मी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ सोशल मीडिया के जरिये शेयर मार्केट में रूपये लगाकर कमाने के चक्कर में खाली हो गया एकाउंट

जानकारी के अनुसार झारखंड प्रांत के धनबाद जिला के छाताबाद निवासी दिलीप कुमार विश्वकर्मा ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 18 जून को पत्नी कोमल के फेसबुक एकाउंट पर कोटक इन्वेस्टमेन्ट क्लब नाम से एक लिंक आया, जिसमें शेयर मार्केट से संबंधित टिप्स देने की बात कही गई। पत्नी शेयर मार्केट में थोड़ी दिचस्पी रखती है, इस वजह से लिंक ओपेन कर उस ग्रुप से जुड़ गई। धीरे-धीरे उस ग्रुप के द्वारा गुगल प्ले स्टोर से बूल्क कोटक प्रो नाम का ट्रेडिंग एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। धीरे-धीरे इस एप में ज्यादा प्रोफिट देने के नाम पर ट्रेडिंग करवाने लगे। उस समय मैं सर्विस के काम से बाहर गया हुआ था। 10 जुलाई को लगभग 8 लाख रुपये पत्नी द्वारा इन्वेस्ट कर दिया गया। 15 जुलाई को कोटक इन्वेस्टमेन्ट क्लब ग्रुप के द्वारा बताया गया कि सहज सोलर सिस्टम का एक आईपीओ आने वाला और उसमें प्रोफिट होने की संभावना बहुत ज्यादा है और बताया गया कि उपरोक्त एप में पहले बीड लगाना है, उसके बाद पैसा देना है। 16 जुलाई को उनके द्वारा बताया गया कि आपका लगभग 20 लाख का आईपीओ लग गया और आपको 12 लाख रूपये और देने होंगे तब तक मैं शहर से बाहर ही था। पत्नी द्वारा फोन पर मुझे बताया गया कि उपरोक्त एप में आईपीओ पाने के लिए 12 लाख रूपये और देना होगा। कई बार में खाते से 27.45 लाख रुपये कट गए।

## टास्क पूरा करने का झांसा देकर 4.05 लाख हड़पा

गोरखपुर (एसएनबी)। टास्क पूरा करने का झांसा देकर जालसाजों ने महिला से 405 लाख की ठगी कर ली।पीड़ित की शिकायत पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर साइबर थाना पुलिस जांच कर रही है। सिंघड़िया के गोरक्षनगर में रहने वाली गरिमा पाठक ने तहरीर में लिखा है कि वाट्सएप पर वर्कफ्राम होम के जरिए डेली टास्क पूरा कर रुपये कमाने का मैसेज मिला।बात करने पर मैसेज करने वाले ने उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ लिया।प्रीपेड टास्क पूरा कर जालसाजों ने कमीशन मिलने का झांसा दिया।रुपये देने की बात कह अलग-अलग खातों में 4.05 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

# एयरफोर्स कर्मी की पत्नी से 27.45 लाख रुपये ठगे

## शेयर बाजार में रुपये लगाकर मुनाफा कमाने का दिया था झांसा, साइबर थाना पुलिस ने फ्रीज कराया खाता

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : साइबर अपराधियों ने झांसा देकर एयरफोर्स कर्मचारी की पत्नी से 27.45 लाख रुपये की जालसाजी कर दी। इसकी जानकारी होने पर एयरफोर्स कर्मचारी ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

झारखंड के धनबाद जिला स्थित छाताबाद के रहने वाले एयरफोर्स कर्मचारी दिलीप कुमार विश्वकर्मा ने तहरीर में लिखा है कि 18 जून को पत्नी कोमल के फेसबुक अकाउंट पर कोटक इन्वेस्टमेंट क्लब नाम से लिंक आया, जिसमें शेयर मार्केट से संबंधित टिप्स देने की बात लिखी थी। पत्नी शेयर मार्केट में दिलचस्पी रखती हैं, इसलिए लिंक से जुड़ गईं। उस ग्रुप के द्वारा गूगल प्ले स्टोर से बूल्क कोटक प्रो नाम का ट्रेडिंग एप डाउनलोड करने को कहा गया। इसके बाद ज्यादा मुनाफा देने के नाम पर ट्रेडिंग कराया जाने लगा। उस समय मैं किसी काम से बाहर था। 10 जुलाई को पत्नी ने लगभग 8 लाख रुपये इन्वेस्ट कर दिया। 15 जुलाई को कोटक इन्वेस्टमेंट क्लब ग्रुप द्वारा बताया गया कि सहज सोलर सिस्टम का एक आइपीओ आने वाला है। उसमें मुनाफा होने की संभावना बहुत ज्यादा है।

बताया गया कि उपरोक्त एप में पहले बीड लगाना है, उसके बाद पैसा देना है। 16 जुलाई को बताया गया कि आपका लगभग 20 लाख का आइपीओ लग गया है, 12 लाख रुपये और देने होंगे। पत्नी ने फोन पर यह बात मुझे बताई। इसके बाद कई बार में खाते से 27.45 लाख रुपये कट गए। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। जिन खातों में जालसाजों ने रकम ट्रांसफर कराए हैं, उन्हें फ्रीज करा दिया गया है।

टास्क पूरा करने का झांसा देकर 4.05 लाख हड़पे : गोरखपुर : टास्क पूरा करने का झांसा देकर जालसाजों ने महिला से 4.05 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर साइबर थाना पुलिस जांच कर रही है। सिंघड़िया के गोरक्षनगर में रहने वाली गरिमा पाठक ने तहरीर में लिखा है कि वाट्सएप पर वर्कफ्राम होम के जरिये डेली टास्क पूरा कर रुपये कमाने का मैसेज मिला। बात करने पर मैसेज करने वाले ने उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ लिया। प्रीपेड टास्क पूरा कर जालसाजों ने कमीशन मिलने का झांसा दिया। रुपये देने की बात कह अलग-अलग खातों में 4.05 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

### दिल्ली एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख रुपये उड़ाए

जासं, चौरी चौरा : दिल्ली एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने सात लाख रुपये हड़प लिए। नौकरी नहीं मिलने पर सरैया की सुमित्रा देवी ने चौरी चौरा थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया। जांच करते हुए पुलिस ने सोमवार को आरोपित अशोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। सुमित्रा देवी ने बताया कि दुबई निवासी अशोक कुमार ने दिल्ली एम्स में नर्सिंग आफिसर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उसने कहा कि सात लाख रुपये में वह चार महीने में नौकरी दिला देगा। उसकी बातों में आकर दो लाख रुपये उसके खाते में और पांच लाख रुपये नकद दे दिया। तय समय बीत जाने पर पूछताछ करते हुए रुपये वापस मांगने पर आरोपित धमकी देने लगा। सीओ चौरी चौरा अनुराग सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई। इसके बाद कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### 399 रुपये की क्रीम के चक्कर में युवती से एक लाख की जालसाजी, पुलिस कर रही जांच

जासं, गोरखपुर : पिपराइच कस्बे में रहने वाली अनुराधा गौड़ के साथ एक लाख छह हजार 777 रुपये की जालसाजी हो गई। उन्होंने 399 रुपये की फेस क्रीम आनलाइन मंगवाई थी। क्रीम एक्सपायर निकलने पर उन्होंने क्रीम लौटाकर रुपये वापस करने के लिए इंटरनेट मीडिया से कस्टमर केयर का नंबर निकालकर फोन किया था। युवती ने रविवार को पिपराइच थाने में तहरीर दी। सोमवार को केस दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। अनुराधा गौड़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसने आनलाइन शापिंग एप से फेस क्रीम मंगवाई थी। कोरियर के माध्यम से क्रीम घर पहुंचने के बाद जब पैकेट खोला तो वह एक्सपायर निकली। इसके बाद गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर फोन किया। उधर से बताया गया कि अभी वाट्सएप काल आएगी। कुछ देर बाद उसके मोबाइल नंबर पर 50 हजार रुपये कटने का फर्जी मैसेज आया। अभी वह मैसेज खोलकर देख ही रही थी कि वकई बार में उसके खाते से एक लाख छह हजार 777 रुपये कट गए। सीओ चौरी चौरा अनुराग सिंह ने बताया कि केस दर्ज करने के बाद पिपराइच पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है।

### फर्जी दस्तावेज से जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले आरोपित गिरफ्तार

जासं, झंगहा : फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन रजिस्ट्री कराने और बेचने वाले दो आरोपितों को झंगहा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों की पहचान डेहराडाबर निवासी काशीनाथ व बेनीजोत खरहरा निवासी वीर बहादुर के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया। झंगहा के इटौवा निवासी ओम प्रकाश पाठक ने तहरीर देकर बताया था कि गांव में उनकी पैतृक जमीन है। बड़े भाई भैरव प्रसाद पाठक और केशव प्रसाद पाठक ने दो फर्जी गवाह की सहायता से उनका फर्जी आधार कार्ड तैयार करा लिया। इसके बाद 19 जनवरी को 2023 को चौरी चौरा तहसील में उनके हिस्से की जमीन को अपने नाम से एग्रीमेंट करा लिया। इसके बाद 17 मार्च 2023 को केशव प्रसाद की पत्नी उषा देवी ने अपने नाम से चौरी चौरा तहसील में बैनामा करा लिया। कुछ दिन बाद उसे बेच दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच करते हुए 29 अप्रैल को भैरव, केशव और नेकवार जंगल रसूलपुर टोला नंबर दो निवासी उषा देवी और रमायन, डेहराडाबर निवासी काशीनाथ, बेनीजोत खरहरा निवासी वीर बहादुर सिलहटा मुंडेरा निवासी मनोज कुमार निषाद के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी।

### कैंट थाना पुलिस ने जालसाजी कर भूमि वेचने वाले को किया गिरफ्तार

जासं., गोरखपुर : जालसाजी कर दूसरे की भूमि बेचने वाले जालसाज को कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। गोरखनाथ के लच्छीपुर बनकटवा के रहने वाले देशबंधु शर्मा के विरुद्ध कैंट थाने में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप था कि जालसाजी कर देशबंधु ने 4.50 लाख रुपये हड़प लिए हैं। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर सोमवार की सुबह कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी रामानुज यादव ने देशबंधु को गिरफ्तार कर लिया।

# गोलघर में चल रहा था हुक्का बार वीडियो प्रसारित होने पर लगा ताला

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: गोलघर के एक रेस्टारेंट में हुक्का बार चल रहा था। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद एसएसपी ने कैंट थाना पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया तो इसकी खबर संचालक को लग गई और उसने ताला बंद कर दिया। रेस्टोरेंट की आड़ में शहर के भीतर कई अन्य हुक्का बार चल रहे हैं। यद्यपि, जागरण इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

रविवार की शाम को इंटरनेट मीडिया पर गोलघर स्थित रेस्टोरेंट में युवकों के हुक्का पीने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। वीडियो में दिख रहे युवक हुक्का पीने के साथ ही भोजपुरी गाने पर थिरक रहे थे। वीडियो के बारे में अधिकारियों को जानकारी हुई तो उन्होंने कैंट थाना पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सोमवार की शाम को एसपी सिटी ने कार्रवाई के बारे में पूछा तो बताया गया कि संचालक ने ताला बंद कर दिया है। चर्चा है कि कार्रवाई होने की जानकारी संचालक को पहले ही लग गई थी। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार को चिन्हित कर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं।

एसपी सिटी की कार्रवाई के बाद मचा था हड़कंप : अगस्त, 2022 में तत्कालीन एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शहर के एक होटल व चार रेस्टोरेंट में छापा डाला। 31 हुक्का बरामद करने के साथ ही संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इस कार्रवाई के बाद से हड़कंप मच गया था। जिन पांच जगहों पर कार्रवाई हुई थी उसमें गोलघर का एक रेस्टोरेंट शामिल था। एसएसपी आवास के सामने स्थित जीडीए टावर में भी हुक्का बार पकड़ा था। एसपी सिटी ने संचालकों के विरुद्ध कैंट, रामगढ़ताल व गुलरिहा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।



गोलघर के रेस्टोरेंट में हुक्का पीते युवक। ● सौ. इंटरनेट मीडिया

**कैंट पुलिस के पहुंचने से पहले संचालक को लग गई कार्रवाई की खबर, रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे धंधे ने फिर पकड़ी रफ्तार**

# अधेड़ पर धारदार हथियार से हमला, मुकदमा दर्ज

उनवल : खजनी थाना क्षेत्र के रामपुर पांडेय निवासी जयशंकर पर सोमवार को एक मनबढ़ ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। बहू गीता ने थाने में तहरीर देकर आरोपित सुशील के विरुद्ध केस दर्ज कराया। गीता ने पुलिस को बताया कि सुबह 11 बजे वह भोजन बना रही थी। इसी बीच आरोपित पहुंचा और चाचा जयशंकर के साथ विवाद करने लगा। उनके गर्दन व हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया।

# आटो में छूट गया है अचार, नहीं दोगे तो कर देंगे शिकायत

## चौराहों पर लगे इमरजेंसी काल बाक्स से आइटीएमएस में करते हैं शिकायत, हर दिन आते हैं 20 से 30 फोन

जितेन्द्र पाण्डेय • जागरण

गोरखपुर : नगर निगम में स्थित आइटीएमएस कंट्रोल रूम में ईसीबी (इमरजेंसी काल बाक्स) से अजब-गजब शिकायतें आ रही हैं। एक महिला ने फोन कर कहा कि आटो में उसका अचार छूट गया है, चुपचाप शास्त्री चौराहे पर आकर दे दो, नहीं तो पुलिस से शिकायत कर दूंगी। महिला को लगा कि वह आटो चालक से बात कर रही है लेकिन, जब बताया गया कि उसने आइटीएमएस स्थित कंट्रोल रूम में फोन किया है तो उसने ढूंढने के लिए निवेदन किया।



आइटीएमएस • जागरण

नगर निगम में स्थित आइटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) से जिले की यातायात व्यवस्था की निगरानी होती है। साथ ही वाहनों में छूटने वाले सामानों का कंट्रोल रूम में फोन आने पर उन्हें ढूंढने का भी काम पुलिस के माध्यम से कराया जाता है। यहां काम करने वाले कर्मचारियों के अनुसार कंट्रोल रूम में हर दिन 25 से 30 शिकायतें पहुंचती हैं। इसमें तीन से चार शिकायतें ही महत्वपूर्ण होती हैं। इसके अलावा अधिकतर यात्री आटो में झाड़ू, गमछा, चप्पल समेत अन्य सामान छूटने की शिकायत करते हैं। आटा, दाल, सब्जी तक तलाशने की शिकायतें आती हैं, जिसे ढूंढने की कोशिश की जाती है।

**आइटीएमएस से जुड़े हैं 21 चौराहे :** शहर के 21 चौराहों को आइटीएमएस से जोड़ा गया है। इन चौराहों पर सीसी कैमरा से लेकर, लाउडस्पीकर, ईसीबी और पैदल यात्रियों के लिए बटन लगा है। कंट्रोल रूम में बैठे कर्मचारी सीसी कैमरे से यातायात व्यवस्था की निगरानी करते रहते हैं। जाम लगते ही चौराहों पर खड़ी पुलिस की मदद से उसे दूर कराते हैं। इमरजेंसी काल बाक्स से लोग अपनी शिकायतें कंट्रोल रूम तक पहुंचाते हैं।

**ऐसे काम करता है ईसीबी :** चौराहों पर लगे ईसीबी में एसओएस बटन दबाकर किसी भी आपातकाल में सूचना दर्ज कराई जा सकती है। बटन दबते ही आइटीएमएस स्थित कंट्रोल रूम में बैठे कर्मचारी बातचीत शुरू कर देते हैं। जानकारी लेने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देते हैं। साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से विभिन्न चौराहों पर खड़ी पुलिस व यातायात पुलिस को सूचना देते हुए सतर्क करना शुरू कर देते हैं।

**अब तक 800 लोगों का ढूंढा जा चुका है सामान :** कंट्रोल रूम में शिकायत मिलने के बाद यहां तैनात कर्मचारियों ने पुलिस की मदद से अब तक 800 लोगों का सामान ढूंढकर उन्हें लौटाया है। इसमें बच्चे, बुजुर्ग, जरूरी कागजात, प्रमाणपत्र, रुपये और कपड़े से भरा बैग समेत अन्य सामान शामिल है। इसमें दो दर्जन से अधिक विदेशी नागरिकों का भी सामान शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि सबसे अधिक सामान रेलवे, रोडवेज, मोहद्दीपुर, कूड़ाघाट और धर्मशाला से गायब होते हैं।

> आइटीएमएस से यातायात व्यवस्था को चलाने के साथ लोगों के गायब सामान को ढूंढने का काम किया जाता है। चौराहों पर लगे ईसीबी बाक्स से आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता दी जाती है और उसका निदान भी कराया जाता है। लोगों को शिकायत करने के दौरान ध्यान देना चाहिए कि वह किस तरह की शिकायत कर रहे हैं।
>
> 
>
> संजय कुमार, एसपी यातायात

# सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हुक्का बार पर ताला

### कैंट पुलिस के पहुंचने से पहले संचालक को लग गई भनक

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Sept):** गोलघर के एक रेस्टोरेंट में हुक्का बार चल रहा था. सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने कैंट थाना पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया तो इसकी खबर संचालक को लग गई और उसने ताला बंद कर दिया. रेस्टोरेंट की आड़ में शहर के भीतर कई अन्य हुक्का बार चल रहे हैं.



## कार्रवाई का निर्देश

रविवार की शाम को सोशल मीडिया पर गोलघर स्थित रेस्टोरेंट में युवकों के हुक्का पीने का वीडियो वायरल हुआ. वीडियो में दिख रहे युवक हुक्का पीने के साथ ही भोजपुरी गाने पर थिरक रहे थे. वीडियो के बारे में अधिकारियों को जानकारी हुई तो उन्होंने कैंट थाना पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया. सोमवार की शाम को एसपी सिटी ने कार्रवाई के बारे में पूछा तो बताया गया कि संचालक ने ताला बंद कर दिया है.

## पहले ही लगी भनक

चर्चा है कि कार्रवाई होने की जानकारी संचालक को पहले ही लग गई थी. एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार को चिन्हित कर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. इस संबंध में सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं.

## मचा था हड़कंप

अगस्त, 2022 में तत्कालीन एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शहर के एक होटल व चार रेस्टोरेंट में छापा डाला. 31 हुक्का बरामद करने के साथ ही संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था. इस कार्रवाई के बाद से हड़कंप मच गया था. जिन पांच जगहों पर कार्रवाई हुई थी उसमें गोलघर का एक रेस्टोरेंट शामिल था. एसएसपी आवास के सामने स्थित जीडीए टावर में भी हुक्का बार पकड़ा था. एसपी सिटी ने संचालकों के विरुद्ध कैंट, रामगढ़ताल व गुलरिहा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था.

# एयरफोर्स कर्मी की पत्नी से 27.45 लाख रुपए की जालसाजी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (23 Sept): एयरफोर्स में कार्यरत एक कर्मचारी की पत्नी से 27.45 लाख रुपये की जालसाजी हो गई. वह सोशल मीडिया के जरिए शेयर मार्केट में रुपये लगाकर कमाने के लालच में फंसी और फिर खाता खाली हो गया. वायु सेना कर्मी की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच कर रही है. झारखंड प्रांत के धनबाद जिला के छाताबाद निवासी दिलीप कुमार विश्वकर्मा ने




केस दर्ज कराया है. उन्होंने बताया कि 18 जून को पत्नी कोमल के फेसबुक एकाउंट पर कोटक इन्वेस्टमेन्ट क्लब नाम से एक लिंक आया, जिसमें शेयर मार्केट से संबंधित टिप्स देने की बात कही गई. पत्नी शेयर मार्केट में थोड़ी दिचस्पी रखती है, इस वजह से लिंक ओपेन कर उस ग्रुप से जुड़ गई.

### डाउनलोड करने को कहा

धीरे-धीरे उस ग्रुप के द्वारा गुगल प्ले स्टोर से बूल्क कोटक प्रो नाम का ट्रेडिंग एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया. धीरे-धीरे इस एप में ज्यादा प्रोफिट देने के नाम पर ट्रेडिंग करवाने लगे.

### पत्नी ने कराया इन्वेस्ट

10 जुलाई को लगभग 8 लाख रुपये पत्नी ने इन्वेस्ट कर दिया गया. 15 जुलाई को कोटक इन्वेस्टमेन्ट क्लब ग्रुप के द्वारा बताया गया कि सहज सोलर सिस्टम का एक आईपीओ आने वाला और उसमें प्रोफिट होने की संभावना बहुत ज्यादा है और बताया गया कि उपरोक्त एप में पहले बीड लगाना है.

### देने होंगे और 12 लाख

16 जुलाई को उनके द्वारा बताया गया कि आपका लगभग 20 लाख का आईपीओ लग गया और आपको 12 लाख रूपये और देने होंगे तब तक मैं शहर से बाहर ही था. पत्नी ने फोन पर मुझे बताया गया कि उपरोक्त एप में आईपीओ पाने के लिए 12 लाख रूपये और देना होगा. कई बार में खाते से 27.45 लाख रुपये कट गए. उधर पीड़ित ने एम्स थाने में तहरीर दी. पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है.

# बीआरडी : समिति ने सीसी फुटेज खंगाला

मेडिकल कॉलेज। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में शनिवार को हुई मारपीट का मामला ठंडा होता नजर नहीं आ रहा है। शनिवार को ट्रामा सेंटर में आधा दर्जन सुरक्षाकर्मियों ने तीमारदारों को पीट दिया था। इस मामले की जांच के लिए सोमवार को प्राचार्य ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की।

जांच समिति के की अगुआई प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कंचन श्रीवास्तव कर रही हैं। उनके अलावा समिति में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीएन शुक्ला व एनेस्थीसिया के डॉ. शाहनवाज शामिल हैं। समिति अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. राम कुमार जायसवाल को सौंपेगी। सोमवार को समिति एक्टिव हो गई। ट्रामा सेंटर के बाहर लगे सीसी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया।

# गोलघर में चल रहा था हुक्का बार वीडियो वायरल होने पर ताला बंद

- कैंट पुलिस के पहुंचने से पहले संचालक को लग गई कार्रवाई की खबर
- रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे धंधे ने फिर पकड़ी रफ्तार पहुंच रहे नाबालिग

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोलघर के एक रेस्टोरेंट में हुक्का बार चल रहा था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने कैंट थाना की पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया तो इसकी खबर संचालक को लग गई और उसने ताला बंद कर दिया। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट की आड़ में शहर के भीतर कई अन्य हुक्का बार चल रहे हैं।

रविवार की शाम को सोशल मीडिया पर गोलघर स्थित रेस्टोरेंट में युवकों के हुक्का पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहे युवक हुक्का पीने के साथ ही भोजपुरी गाने पर थिरक रहे थे। वीडियो के बारे में अधिकारियों को जानकारी हुई तो उन्होंने कैंट पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सोमवार की शाम को एसपी सिटी ने कार्रवाई के बारे में पूछा तो बताया गया कि संचालक ने ताला बंद कर दिया है। चर्चा है कि कार्रवाई होने की जानकारी संचालक को किसी ने पहले ही बता दी थी। बताया जा रहा है कि शहर में रेस्टोरेंट की आड़ में कई हुक्का बार चल रहे हैं जहां बड़ी संख्या में रोज नाबालिग पहुंचते हैं।

# छात्रा की मौत मामले में युवक गिरफ्तार

घघसरा। सहजनवां थाना क्षेत्र के बड़गो निवासी फार्मेसी छात्रा की मौत के लिए जिम्मेदार आरोपित को सोमवार को पुलिस ने रिठुआखोर से दबोच लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

एसओ विशाल उपाध्याय ने बताया कि बड़गो निवासी हरिराम की बेटी 22 वर्षीय फार्मेसी छात्रा प्रियंका का शव फंदे से लटकता मिला था। पिता ने रिठुआखोर निवासी अभिषेक पासवान पर बेटी की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी। सूचना मिली कि रिठुआखोर रोड पर एक युवक कहीं भागने के फिराक में है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया।

### देवरिया के मनीष ने ली थी रेड्डी अन्ना पोर्टल की तीन आईडी

# ऑनलाइन सट्टेबाजी गैंग के सरगना की तलाश

**फॉलोअप**

- शाहपुर में रविवार को पकड़ा गया गैंग, 25 मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर रही पुलिस
- लखनऊ में ट्रेनिंग के बाद जिले में चला रहे थे अवैध ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल



## लखनऊ में ट्रेनिंग लेकर बना गोरखपुर का सिटी इंचार्ज

पुलिस के अनुसार, रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेम की आईडी लेने के बाद बिहार सिवान जिले के बेलाव गांव के चंदन कुशवाहा की ट्रेनिंग लखनऊ में कराई गई थी। इसके बाद उसे गोरखपुर शहर की कमान दी गई। रविवार को पकड़े जाने के बाद चंदन ने बताया कि ट्रेनिंग लेने के बाद उसे सिटी इंचार्ज बनाया गया था। यहां के अलावा और कहां यह अवैध धंधा चल रहा है, इसके बारे में उसे कुछ पता नहीं है। पुलिस के अनुसार, लखनऊ में जिस जगह पर ट्रेनिंग कराई जा रही है, वहां की भी जानकारी पुलिस जुटा रही है। पुलिस का मानना है कि लखनऊ में भी इस गिरोह के सदस्य काम कर रहे हैं।

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** शाहपुर के रामजानकी नगर में अवैध ढंग से चल रहे रेड्डी अन्ना ऑन लाइन गेमिंग पोर्टल का सरगना देवरिया का मनीष बताया जा रहा है। देवरिया जिले के श्रीरामपुर क्षेत्र में रहने वाले मनीष सिंह कुशवाहा की तलाश में पुलिस दबिश डाल रही है। आरोप है कि मनीष के नाम से अकेले तीन आईडी चल रही थी। इसके साथ ही दिल्ली के आस-पास रहने वाले सूरज को भी पुलिस तलाश रही है। दोनों के पकड़े जाने पर कई बड़े शातिरों के नाम सामने आने की उम्मीद है। गिरोह की तलाश में जुटी पुलिस 25 मोबाइल नम्बरों को ट्रेस करने में जुटी है।

पुलिस ने रविवार को आठ लोगों को गिरफ्तार कर गिरोह का खुलासा किया था। पुलिस की जांच में पता चला कि क्रोम के माध्यम से रेडी अन्ना ऑनलाइन गेम में सट्टेबाज जुड़ते हैं। मनीष ने रेड्डी अन्ना के पैनल की तीन आईडी खरीदी थी। एक आईडी की कीमत करीब 12 से 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

इसके बाद शाहपुर के रामजानकी नगर से अवैध सट्टे का खेल संचालित किया था। लोगों को बहला-फुसलाकर म्युल/फर्जी खाते खुलवाया गया था। उनमें पैसों का लेन-देन करते थे। एक दिन में 11-12 लाख रुपये का लेन-देन किया जाता था। इसमें 20 प्रतिशत फायदा रेडी अन्ना के खाते में जाता था। रविवार को पकड़ गए जालसाजों में छह देवरिया और दो बिहार सिवान जिले के रहने वाले थे। उनसे पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

**दुबई व अन्य देशों से हो रहा वेबसाइट का संचायन :** पुलिस के अनुसार, दुबई व अन्य देशों से रेड्डी अन्ना की वेबसाइट संचालित की जा रही है। रविवार को गिरोह के आठ जालसाजों को पकड़े जाने के बाद ही वेबसाइट डिलीट कर दी गई। इस वजह से उससे जुड़ी और जानकारी नहीं मिल पाई। ऑनलाइन जुड़े 25 मोबाइल नंबर मिले हैं, जिसे ट्रेस किया जा रहा है। इन नंबरों के जरिए पुलिस अवैध धंधे में लिप्त जालसाजों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# पुलिस से शिकायत, मेरे और पत्नी के नाम वायरल पत्र फर्जी

गोरखपुर, कार्यालय संवाददाता। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता ने एम्स पुलिस से शिकायत की है कि उनके और उनकी पत्नी के नाम से एक फर्जी पत्र वायरल हो रहा है। वायरल पत्र में एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल को भद्दी-भद्दी बातें लिखी गई हैं। इस पत्र को वाया पोस्ट और व्हाट्सएप पर वायरल किया जा रहा है। इस वायरल पत्र की जानकारी पटना एम्स के कुछ मित्रों से हुई है। मामले में एम्स पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले डॉ. गौरव गुप्ता और उनकी पत्नी डॉ. संगीता गुप्ता के नाम से एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वायरल पत्र दो अधिकारियों के नाम संबोधित था। पत्र में कार्यकारी निदेशक को हिटलर कहने से लेकर उन पर जातिगत टिप्पणियां की गई थीं।

डॉ. गौरव गुप्ता ने बताया कि पत्र में न तो मेरे हस्ताक्षर हैं, न ही मेरी पत्नी के। इस पत्र से मेरा और मेरी पत्नी का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि यह पत्र किस मंशा से लिखा गया और किसने लिखा। इसकी जांच होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने इसकी शिकायत जन सुनवाई पोर्टल और साइबर सेल से भी की है।




- एम्स के डॉक्टर गौरव गुप्ता ने एम्स थाने में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई
- डॉ. गौरव गुप्ता और उनकी पत्नी के नाम के दो पत्र हो रहे हैं वायरल

# सिपाही पर शारीरिक संबंध बनाने व गर्भपात कराने के आरोप में केस

**कैंपियरगंज।** एक गांव की महिला ने गोरखनाथ थाने पर डायल 112 में तैनात कांस्टेबल विजय कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

महिला का आरोप है कि विजय शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा और दो बार उसने गर्भपात भी कराया। अब शादी न करके वीडियो वायरल करने और जान मारने की धमकी दे रहा है। कैंपियरगंज थाने में केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिला ने तहरीर में लिखा है कि सिपाही तीन वर्ष पहले कैंपियरगंज थाने में तैनात था। उसी दौरान थाने पर उससे मुलाकात हुई। इसके बाद मोबाइल फोन से बात शुरू हुई। सिपाही घर पर भी आने जाने होने लगा। महिला ने बताया कि वर्ष 2022 में सिपाही को घर में घुसते गांव वालों ने देख लिया था।

# फर्जी दस्तावेज से जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**झंगहा।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन रजिस्ट्री कराने और बेचने वाले दो आरोपियों को झंगहा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में दोनों की पहचान डेहराडाबर निवासी काशीनाथ व बेनीजोत खरहरा निवासी वीर बहादुर के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया। झंगहा के इटौवा निवासी ओम प्रकाश पाठक ने तहरीर देकर बताया था कि गांव में उनकी पैतृक जमीन है। बड़े भाई भैरव प्रसाद पाठक और केशव प्रसाद पाठक ने दो फर्जी गवाह की सहायता से उनका फर्जी आधार कार्ड तैयार करा लिया। 17 मार्च 2023 को केशव प्रसाद की पत्नी उषा देवी ने अपने नाम से चौरीचौरा तहसील में बैनामा करा लिया। कुछ दिन बाद उसे बेच दिया।

# गोलघर में हुक्का बार का वीडियो वायरल, संचालक ने लगाया ताला

## कैंट पुलिस के पहुंचने से पहले संचालक को लग गई कार्रवाई की खबर

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोलघर के एक रेस्टोरेंट में हुक्का बार चल रहा था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने कैंट थाना पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया तो इसकी जानकारी संचालक को हो गई और उसने ताला बंद कर दिया।

ये बता दें कि रेस्टोरेंट की आड़ में शहर के भीतर कई अन्य हुक्का बार चोरी-छिपे चल रहे हैं। मगर इसकी शिकायत न होने से किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

रविवार की शाम गोलघर स्थित रेस्टोरेंट में युवकों के हुक्का पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहे युवक हुक्का पीने के साथ ही भोजपुरी गाने पर थिरक रहे थे। वीडियो के बारे में अधिकारियों को जानकारी हुई तो उन्होंने कैंट थाना पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सोमवार की शाम को एसपी सिटी ने कार्रवाई के बारे में पूछा तो बताया गया कि संचालक ने ताला बंद कर दिया है।

चर्चा है कि कार्रवाई होने की जानकारी संचालक को किसी ने पहले ही बता दी थी। शहर में रेस्टोरेंट की आड़ में कई हुक्का बार चल रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में रोज नाबालिग पहुंचते हैं।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार को चिह्नित कर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**खोराबार (गोरखपुर)।** क्षेत्र के एक गांव की युवती ने खोराबार थाने में तहरीर देकर कुशीनगर के युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में 19 वर्षीय युवती ने लिखा है कि पढ़ाई के दौरान ही कुशीनगर जिले के रामकोला इलाके के युवक से मुलाकात हुई थी। बाद में वह शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। ब्यूरो

# थाना से बाइक गायब

**सरदार नगर।** चौरीचौरा के भोपा बाजार की अनुराधा पत्नी देवानंद ने अपर पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति बाइक लेकर मुंडेरा बाजार गए थे। लौटते समय चौरीचौरा पुलिस ने गाड़ी पकड़ ली और कागजात मांगा। कागजात नहीं दिखाने पर बाइक चौरीचौरा थाने में खड़ी करा दी। अनुराधा ने पेपर लाने पर वहां गाड़ी न होने की बात कहकर लौटा दिया। ब्यूरो

## फर्जी दस्तावेज से रजिस्ट्री कराने वाले गिरफ्तार

**झंगहा।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन रजिस्ट्री कराने और बेचने वाले दो आरोपियों को झंगहा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों की पहचान डेहराडाबर निवासी काशीनाथ व बेनीजोत खरहरा निवासी वीर बहादुर के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया। ब्यूरो

## मां और बेटियों की पिटाई, केस दर्ज

**कैंपियरगंज।** लक्ष्मीपुर द्वितीय में मां और उसकी दो बेटियों को सौतन ने ससुरालियों के साथ दौड़ाकर पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सौतन ने महिला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने अंजनी, पानमती, विश्वनाथ और स्वामीनाथ के विरुद्ध केस दर्ज किया। लक्ष्मीपुर द्वितीय के टोला डोवई की रहने वाली माया ने पुलिस को तहरीर दी। ब्यूरो

## किशोरी को भगाने का केस दर्ज

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को शादी का झांसा देकर एक युवक भगा ले गया। इसमें युवक की मां, बहन ने भी साथ दिया है। सोमवार को किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मधुप सहानी, उसकी मां मुन्नी देवी और उसकी बहन के विरुद्ध केस दर्ज किया। पिता ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को रात 1:30 बजे उसकी पत्नी उठी तो बेटी गायब थी। आरोपी शादी का झांसा देकर उसे भगा ले गया है। ब्यूरो

## अधेड़ पर धारदार हथियार से हमला, केस दर्ज

**उनवल।** खजनी थाना क्षेत्र के रामपुर पांडेय निवासी जयशंकर पर सोमवार को एक मनबढ़ ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। बहू गीता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी सुशील के विरुद्ध केस दर्ज कराया। गीता ने पुलिस को बताया कि सुबह 11 बजे वह भोजन बना रही थी। इसी बीच आरोपी पहुंचा और चाचा जयशंकर के साथ विवाद करने लगा। उनके गर्दन व हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। ब्यूरो

## मनबढ़ों ने मां-बेटे को पीटा, केस दर्ज

**हरपुर-बुदहट।** धोबौली की रहने वाली हेमंती देवी और बेटा शिवनाथ को मनबढ़ों ने पीटकर घायल कर दिया। सोमवार को हेमंती देवी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के चंद्रभान व तेज प्रताप पर केस दर्ज किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जमीन के रंजिश में आरोपियों ने घर पर चढ़कर गाली देते हुए लाठी-डंडे से पीटा। ब्यूरो

# विकास खंड के सचिव को तीन साल की सजा

**अदालत से**

**गोरखपुर।** भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम विपिन कुमार ने साधन सहकारी समिति लिमिटेड शाहपुर विकास खंड भवनापुर जनपद सिद्धार्थनगर के तत्कालीन सचिव राम प्रकाश अवस्थी को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 60 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर आरोपी को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। ब्यूरो

# युवक को पीटा, केस दर्ज

**पीपीगंज।** बैरघटना निवासी दिलीप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को कमलेश उर्फ अटल यादव के विरुद्ध केस दर्ज किया। दिलीप ने पुलिस को बताया कि वह गांव में स्थित मंदिर पर बैठा था। इसी बीच आरोपी पहुंचा और उसे पीटते हुए मंदिर की चहारदीवारी पर सिर लड़ाकर फरार हो गया। इससे उसका सिर फट गया और वह बेहोश हो गया। ब्यूरो

# पहले बाइक चुराई, अब गाड़ी ट्रांसफर के लिए आ रही कॉल

## यांत्रिक कारखाना से हुई थी रेलकर्मी की बाइक चोरी लखनऊ से आ रही कॉल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शाहपुर स्थित यांत्रिक कारखाना के आरपीएफ गेट के सामने से रेलकर्मी की बाइक चोरी हो गई थी। कर्मी ने शाहपुर थाने में तहरीर देकर अज्ञात पर केस दर्ज कराया था।

चोरी के एक साल बाद अब रेलकर्मी के पास लखनऊ से एक कॉल आ रही है, वह बाइक ट्रांसफर करने का दबाव बना रहा है। रेलकर्मी ने शाहपुर थाने पर सूचना दी, उस मोबाइल नंबर पर पुलिस ने फोन कर बातचीत की है। उसने दो दिन में बाइक देने का आश्वासन दिया है। पुलिस के अनुसार, सीतापुर क्षेत्र के बिसवां गांव का कोई व्यक्ति है।

राजघाट के मिर्जापुर निवासी विनय गुप्ता रेलवे वर्कशाप में टेक्नीशियन पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में उन्होंने पैशन प्रो बाइक खरीदी थी। 20 जुलाई 2023 को यांत्रिक कारखाना के पास से बाइक चोरी हुई। 21 जुलाई को उन्होंने शाहपुर थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। इसके बाद सात अगस्त 2023 को बाइक का बिना हेलमेट चालान खलीलाबाद में किया गया, जिसका मैसेज मेरे मोबाइल फोन पर आया। फिर लखनऊ में 23 दिसंबर 2023 को चालान हुआ।

### ओएलएक्स से खरीदने के बाद कर रहा फोन

**विनय** ने बताया कि मई 2024 से उनके पास लखनऊ से एक व्यक्ति कॉल कर रहा है। उसने बताया कि बाइक ओएलएक्स पर 15 हजार रुपये में खरीदा है। जिसने गाड़ी बेची, उसका फोन अब नहीं लग रहा है। गाड़ी के बीमा वाले कागज पर नाम और नंबर देखकर कॉल किया हूं। अब गाड़ी आप ट्रांसफर कर दो, चलाने में परेशानी हो रही है। यह सुनकर विनय ने कहा कि जिस गाड़ी को आपने खरीदा है, उसकी चोरी की एफआईआर शाहपुर थाने में दर्ज है। गाड़ी चोरी की है, उसे वापस कर दो।

# झांसा देकर 4.05 लाख रुपये की जालसाजी

**गोरखपुर।** टास्क पूरा करने का झांसा देकर जालसाजों ने महिला से 4.05 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर जालसाजी का केस दर्ज कर साइबर थाना पुलिस जांच कर रही है। सिंघड़िया के गोरक्षनगर में रहने वाली गरिमा पाठक ने तहरीर में लिखा है कि व्हाट्सएप पर वर्क फ्राम होम के जरिए डेली टास्क पूरा कर जालसाजों ने कमीशन मिलने का झांसा दिया। रुपये देने की बात कहकर अलग-अलग खातों में 4.05 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। ब्यूरो

# रेड्डी अन्ना पोर्टल : देवरिया के सरगना को खोज रही पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर के रामजानकी नगर में अवैध ढंग से रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल चला रहे आठ जालसाजों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया था। अब इस गिरोह के सरगना देवरिया जिले के थाना श्रीरामपुर क्षेत्र में रहने वाले मनीष सिंह कुशवाहा की तलाश पुलिस कर रही है।

इसके नाम पर तीन आईडी चल रही थी। इसके साथ ही दिल्ली के आसपास रहने वाले सूरज को भी पुलिस ढूंढ रही है। दोनों के पकड़े जाने पर इस धंधे से जुड़ी जानकारी और कई बड़े नाम भी सामने आ सकते हैं।

पुलिस के अनुसार, क्रोम के माध्यम से रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेम में सट्टेबाज जुड़ते हैं। मनीष ने रेड्डी अन्ना के पैनल की तीन आईडी खरीदी थी। एक आईडी की कीमत करीब 12 से 15 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके बाद शाहपुर के रामजानकी नगर से अवैध सट्टे का खेल संचालित किया जाने लगा।


रेडी अन्ना पोर्टल से सट्टेबाजी के नाम पर ठगी..आठ आरोपी गिरफ्तार

23 सितंबर को प्रकाशित खबर।

## शाहपुर में पकड़ा गया था गैंग, 25 मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर रही पुलिस

लोगों को बहला-फुसलाकर म्युल/फर्जी खाते खुलवाए गए थे। उनमें पैसों का लेनदेन करते थे। एक दिन में 11-12 लाख रुपये का लेनदेन किया जाता था।

इसमें 20 प्रतिशत फायदा रेड्डी अन्ना के खाते में जाता था। रविवार को पकड़े गए जालसाजों में छह देवरिया और दो बिहार सिवान जिले के हैं। उनसे पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

**जालसाजी कर भूमि बेचने वाला गिरफ्तार**

गोरखपुर। जालसाजी कर दूसरे की भूमि बेचने वाले जालसाज को कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। गोरखनाथ के लच्छीपुर बनकटवा के रहने वाले देशबंधु शर्मा के विरुद्ध कैंट थाने में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का केस दर्ज हुआ था। आरोप था कि जालसाजी कर देशबंधु ने 4.50 लाख रुपये हड़प लिए हैं। ब्यूरो

# सनकी युवक ने ईंट से मारकर डेढ़ साल के मासूम की कर दी हत्या

## बांसगांव : पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

अमर उजाला ब्यूरो

बांसगांव (गोरखपुर)। भैंसारानी गांव में डेढ़ साल के एक बच्चे की गांव के ही एक सनकी युवक ने ईंट मारकर हत्या कर दी। बच्चा घर से कुछ दूरी पर खेल रहा था। इस बीच आरोपी युवक ने उसके सिर पर ईंट से प्रहार कर दिया। घायल बच्चे को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के शव को बीआरडी मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। आरोपी को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पूछताछ में बहकी सी बातें कर रहा है।



विद्यांश फाइल फोटो

भैंसारानी गांव निवासी राहुल यादव के डेढ़ साल का बच्चा विद्यांश यादव सोमवार शाम को घर के पास ही खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले रंजीत ने उसके सिर पर बिना किसी कारण के ही ईंट से हमला कर दिया। ईंट लगने से मासूम लहूलुहान हो गया। लोगों के शोर मचाने पर परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसगांव पहुंचे, जहां डॉक्टर ने बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गोरखपुर जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। >> पहले गोद में उठाया, फिर मारने लगा : पेज 5

### घर के पास ही खेल रहा था विद्यांश युवक कर रहा इधर-उधर की बातें

डेढ़ साल के बच्चे की ईंट से मारकर हत्या का मामला सामने आया है। जिस युवक पर हत्या का आरोप है, वह अक्सर बच्चे के साथ खुद ही खेलता था। उसने यह घटना क्यों की है, इसकी जांच की जा रही है। आरोपी पुलिस हिरासत में है। केस दर्ज कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। - **डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी**

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# हमले में आधा दर्जन पर केस, एक गिरफ्तार

देवरिया। रविवार रात कारोबारी के घर पर ईंट, पत्थर चलाने में पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। वहीं रात में तहरीर देने गये पीड़ित कारोबारी के बेटे को मनबढ़ों ने जान से मारने की धमकी दी।

शहर के भटवलिया वार्ड नंबर 5 निवासी प्रभुनाथ गुप्ता पुत्र चोकट साहू का फल मंडी में फलों का थोक का कारोबार है। उनके पड़ोसी रामायण गुप्ता के दो पुत्र विशाल और विवेक पुरानी अपनी रंजिश में रविवार शाम को अचानक प्रभुनाथ गुप्ता के घर पर दर्जनों साथियों के साथ हमला बोल दिया। हमलावरों के घर पर ईंट-पत्थर चलाने से व्यवसायी का परिवार सहम कर घर के अंदर दुबक गया। हमलावरों ने घर के बाहर खड़ी कार, बुलेट व अन्य बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। ईंट-पत्थर चलाने से खिड़कियों के शीशे टूट गए। हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद व्यवसायी का पुत्र तहरीर देने पहुंचा तो हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी।

## देवरिया और नवलपुर बाईपास के प्रभावित किसानों ने किया प्रदर्शन, भीषण गर्मी में सड़क पर उतरे किसान

# मुआवजे को लेकर किसानों ने भरी हुंकार

### नारेबाजी

देवरिया, निज संवाददाता। बाईपास से प्रभावित किसानों को बिना कटौती मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर हुंकार भरी। उन्होंने तीखी धूप और भीषण गर्मी में सुभाष चौक से लेकर कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में किसान महापंचायत कर सर्किट रेट से चार गुना मुआवजा देने की मांग की। किसानों के आंदोलन को देखते हुए पूरी कलेक्ट्रेट पुलिस छावनी बनी रही। डीएम कार्यालय जाने को लेकर किसान नेताओं व पुलिस कर्मियों में नोंक-झोंक भी हुई।



सोमवार को सुभाष चौक से लेकर कलक्ट्रेट तक प्रदर्शन करते बाईपास से प्रभावित किसान।


किसानों के आंदोलन को देखते सड़क पर पुलिस के साथ मुस्तैद एसडीएम विपिन द्विवेदी व सीओ संजय कुमार रेड्डी।

भारतीय किसान यूनियन के पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनूप चौधरी, महासचिव जनार्दन मिश्र, सतीश चन्द्र ओझा, पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष विनय सिंह,जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अजीत कुमार त्रिपाठी व खेत मजदूर यूनियन के सतीश कुमार, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव नेतृत्व में किसानों ने न 727 ए और भी से प्रभावित किसानों को समुचित मुआवजा देने की मांग को लेकर सुभाष चौक से लेकर कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों के आंदोलन को देख कई थानों के पुलिस कर्मियों को बुलाया गया था। प्रदर्शन वाले किसानों को पुलिस ने कलेक्ट्रेट के दक्षिणी गेट की जगह उत्तरी से प्रवेश कराया। आंदोलनकारी डीएम कार्यालय की ओर बढ़ने का प्रयास किये, लेकिन पुलिस ने उन्हे रोक दिया। इसको लेकर किसान नेताओं व पुलिस के बीच नोंक-झोंक भी हुई।

किसान महापंचायत में विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि बाईपास, फोर लेन के नाम पर किसानों के जमीन का जिले में व्यापक पैमाने पर अधिग्रहण किया जा रहा है। एक तरफ जिला प्रशासन 2020 के सर्किल रेट से ग्रामीण किसानों को प्रत्येक गाटा में 102 एयर तक चार गुना मुआवजा देने के बाद पूरे जमीन के मुआवजा में 2/3 अर्थात 67% की कटौती कर ले रहा हैं। वहीं अर्ध नगरी, नगरीय एवं विशिष्ट गावों में 2020 के सर्किल रेट से 102 एयर तक सर्किल रेट का दोगुना मुआवजा देने के बाद पूरे जमीन के मुआवजा में 2/3 अर्थात 67% की कटौती किया जा रहा हैं। किसान नेताओं का डीएम दिव्या मित्तल से वार्ता हुआ। उन्होंने किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान एडीएम विपिन द्विवेदी व सीओ संजय कुमार रेड्डी भी मुस्तैद रहे। महापंचायत में विनोद गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, मिथिलेश यादव, राणा प्रताप सिंह, जानिसार अख्तर, सुनील राय, चन्द्रदेव सिंह, कृष्ण कांत सिंह, सुरेन्द्र चौहान, गोविंद गुप्ता, कलक्टर शर्मा, मदन चौहान, राम किशोर चौहान, रमाशंकर गुप्ता, हरेन्द्र सिंह, सुग्रीव मिश्र, साधुशरण, धनंजय सिंह, प्रभुदयाल सिंह आदि शामिल रहे।

# पहले न्यायालय में शादी, अब रखने से प्रेमी कर रहा इंकार

जासं, रामपुर कारखाना: पहले प्रेम, फिर न्यायालय में शादी और अब युवती को रखने से प्रेमी ने इन्कार कर दिया है। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का दूसरे गांव के युवक से प्रेम हो गया। दोनों ने न्यायालय में शादी कर ली। इसकी जानकारी जब परिवार के लोगों को हुई तो वह कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दिए। पुलिस ने दोनों को बुलाया। प्रेमिका प्रेमी के साथ रहने के लिए जिद करने लगी। फिर दोनों रजामंदी से एक-दूसरे के साथ रहने लगे। उसके बाद बिजनौर चले गए। वहां रहने के बाद दोनों घर लौट आए और अब दोनों में अनबन हो गई है। प्रेमी अपने घर रखने से मना कर दिया है।

# कृषि रक्षा अधिकारी ने दर्ज कराया मुकदमा

- पेस्टिसाइड्स बेच रहे दुकानदार की जांच करने पंहुची थीं अधिकारी
- दुकानदार पर अभद्रता व कीटनाशक एक्ट में मुकदमा दर्ज

सुरौली, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र सुरौली के पकड़ी बाजार में बिना लाइसेंस के पेस्टिसाइड बेच रहे दुकान की जांच करने पहुंची जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने दुकानदार पर अभद्रता, सरकारी काम में व्यवधान, सरकारी अभिलेख फाड़ देना, जान से मारने व बिना आवश्यक प्रपत्रों के पेस्टिसाइड बेचने समेत विभिन्न आरोप लगाते हुए सुरौली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

सुरौली थाना क्षेत्र के पकड़ी बाजार स्थित किसान कृषि सेवा प्रतिष्ठान नाम से एक खाद बीज की दुकान संचालित है। बिगत बीस सितंबर को जिला कृषि रक्षा अधिकारी ईरम जांच करने के लिए दुकान पर पहुंचती हैं। जांच के दौरान उन्होंने ने पाया कि दुकान में बिना आवश्यक प्रपत्र के पेस्टिसाइड की बिक्री की जा रही है। पुलिस को दिए तहरीर में कृषि रक्षा अधिकारी का आरोप कहा है कि पेस्टिसाइड बेचने का लाइसेंस कागजात मांगने पर दुकानदार संजय कुमार पांडेय व संतोष पांडेय मेरे साथ जांच में सहयोग न करते हुए अभद्र व्यवहार करते हैं तथा सरकारी अभिलेख को फाड़ देते हैं व जान से मारने की धमकी भी देते। कृषि रक्षा अधिकारी के तहरीर पर सुरौली पुलिस ने दुकानदार संतोष कुमार पांडेय व संजय पांडेय के खिलाफ कीट नाशक अधिनियम व 3/7 ईसी एक्ट के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बनकटा। पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम का गजहड़वा के समीप से मुखबिर की सूचना पर बोलेरो गाड़ी में शराब की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के अनुसार सोमवार को दिन के करीब दो बजे के आसपास मुखबीर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गजहड़वा चौराहा के पास से बोलोरो गाड़ी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बोलेरो में छुपा कर रखा गया 23 पेटी बंटी बबली अवैध शराब व दो पेटी ड्रीम गर्ल क्लासिक ग्रैंड व्हिस्की बरामद हुआ। मौके से एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बनकटा थाना क्षेत्र के टड़वा निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा पुत्र हरिश्चंद्र कुशवाहा के रूप में हुआ है। थाना प्रभारी ने संतोष कुमार ने बताया कि शराब को जप्त कर पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई है।

# चोरी के प्रयास में युवक पर केस दर्ज

भटनी। नगर में चोरी की एक घटना का प्रयास विफल हो गया, जब स्थानीय दुकानदारों और नगरवासियों ने एक युवक को गुमटी का ताला तोड़ते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी युवक सगीर अली उर्फ कल्लू, जो लार थाना क्षेत्र के खोड़ी मुहल्ला का निवासी है, पर आरोप है कि वह एक गुमटी में चोरी करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी।

घटना के तुरंत बाद, लोगों ने आरोपी का एक वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो के माध्यम से चोर के अन्य साथियों की भी पहचान की कोशिश की जा रही है। दुकानदार पिंटू मद्धेशिया की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# असलहे के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा, जेल भेजा

बरियारपुर, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर के पास पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को कट्टाऔर कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर के पास उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश यादव और उप निरीक्षक कमलेश कुमार आरक्षी कर्मचंद वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबीर ने एक संदिग्ध व्यक्ति के जाने की सूचना दिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा और कारतूस मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अभिषेक चौरसिया पुत्र दिनेश चौरसिया ग्राम वेलवनिया थाना बरियारपुर बताया। इस संबंध में एसओ डॉ महेन्द्र कुमार ने बताया चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा गया जिसके पास अवैध असलहा मिला।

## युवक को कुशीनगर एसओजी ने उठाया

तरकुलवा। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पार्टी के यूथ अध्यक्ष को संदिग्ध मामलों में कुशीनगर एसओजी ने क्षेत्र के राजघाट पुल के नीचे से उठा लिया और कुशीनगर लेकर चली गई। इसकी सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। लोग तरह-तरह का कयास लगा रहे हैं। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि एक युवक को संदिग्ध मामले में कुशीनगर एसओजी ने उठाकर ले गई है। किस मामले में ले गयी है यह जानकारी नहीं है।

# हरे पेड़ों को काटने पर 15 हजार रुपये जुर्माना

जागरण संवाददाता, रामपुर कारखाना: रामपुर कारखाना थाने के निकट सिंचाई खंड-दो के जमीन पर खड़े सागौन के तीन पेड़ों को बिना अनुमति बेचने के मामले की जांच शुरू हो गई है। वन क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। वन विभाग की तरफ से 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

थाने के बगल में सिंचाई खंड-दो की गंडक कालोनी है, जिसमें सागौन सहित अन्य प्रजाति के पेड़ लगे हैं। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व उसमें तैनात सींच पर्यवेक्षक ने बिना विभाग की जानकारी के वन माफिया से मिलकर सागौन के तीन पेड़ कटवा कर बेच दिया। एक पेड़ काटकर वहीं पर गिरा दिया गया।

भाजपा के मंडल महामंत्री मोनू मद्धेशिया ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के लिए सिंचाई खंड दो व वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी।

# ऋण दिलाने के नाम पर ठगी, मुकदमा दर्ज

भटनी: उपनगर के एक व्यवसायी को ऋण दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी होने का मामला प्रकाश में आया है। दुर्गा मंदिर रोड के रहने वाले सराफा व्यवसायी अभय कुमार वर्मा को विश्वास में लेकर बरसात निवासी सोनू चौरसिया ने 1.50 करोड़ रुपया ऋण दिलाने की बात कही। साथ ही 59 लाख व जेवरात हड़प लिया है। मांगने पर नहीं दे रहा है। भटनी पुलिस ने जालसाज के पर मुकदमा दर्ज किया है।

# व्यवसायी के दरवाजे पर पथराव करने वालों पर मुकदमा, एक गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के भटवलिया में रविवार की रात एक व्यवसायी के घर पर चढ़कर पथराव करने वाले मनबढ़ों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

शहर के भटवलिया वार्ड के रहने वाले प्रभुनाथ गुप्ता का फल मंडी में फल का थोक कारोबार है। उनके पड़ोस में रहने वाले रामायण गुप्ता के दो पुत्र विशाल व विवेक से पुरानी रंजिश है। रविवार की शाम को अचानक प्रभुनाथ गुप्ता के घर पर कई बाइक सवार पहुंचे और हमला बोल दिया। प्रभुनाथ के दरवाजे पर पथराव किया। जिससे व्यवसायी के परिवार के लोग घर में चले गए। पथराव से दरवाजे पर खड़ी कार, बाइक तथा बुलेट क्षतिग्रस्त हो गई। घर की खिड़कियां भी टूट गईं। व्यवसायी पुत्र जब कोतवाली तहरीर देने पहुंचा तो आरोपितों ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। अब पथराव का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पुलिस ने एक आरोपित बबलू को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह ने बताया कि पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पुलिस ने कच्ची के विरुद्ध चलाया अभियान नष्ट किया गया लहन

जागरण संवाददाता, करौंदी बाजार: कच्ची को लेकर इंटनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस रविवार की रात सक्रिय हो गई। पुलिस ने दो ईंट भट्ठों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में लहन नष्ट किया। हालांकि कच्ची का कार्य करने वाले मौके से फरार हो गए। पुलिस की कार्रवाई से कच्ची का कार्य करने वालों में खलबली मची रही।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के कई ईंट भट्ठों पर कच्ची का कार्य बड़े पैमाने पर चल रहा है। प्रानपुर ईंट भट्ठे पर कच्ची बिकने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने प्रानपुर स्थित दो ईंट भट्ठों पर पहुंचकर कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया। पुलिस को देखते ही धंधे में शामिल लोग फरार हो गए।

इसके बाद गड्ढे में खोद कर रखे गए भारी मात्रा में लहन को टीम ने नष्ट किया। लगभग एक घंटे तक यह अभियान चला। थानाध्यक्ष डा. महेन्द्र ने बताया कि अभियान जारी रहेगा। किसी भी दशा में कच्ची बेचने नहीं दिया जाएगा। जो भी लोग यह कार्य कर रहे हों, यह बंद कर दें।

# पूर्व वीडीसी व सेल्समैन को एसओजी ने उठाया

तरकुलवा: क्षेत्र के एक पूर्व बीडीसी व सेल्समैन को सोमवार की शाम कुशीनगर एसओजी ने दो जगहों से उठा लिया और लेकर कुशीनगर रवाना हो गई। शाम को कुशीनगर एसओजी रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के आनंद नगर स्थित एक गाड़ी एजेन्सी के सेल्समैन को उठाया। उसके निशानदेही पर गांव के पूर्व बीडीसी को छोटी गंडक नदी के राजघाट पुल के नीचे से उठा लिया। पूछताछ के बाद दोनों को एसओजी लेकर कुशीनगर चली गई। बताया जा रहा है कि सेल्समैन ने चोरी की गाड़ी बीडीसी से 75 हजार रुपये में बेचा था। इस मामले की जांच एसओजी कुशीनगर कर रही है।

# रजिस्ट्रेशन नहीं होने से क्लीनिक सील, झोलाछाप दुकान बंद कर फरार

जासं, बरियारपुर: बैजनाथ चौराहा पर सोमवार की शाम डा. आकाश पांडेय के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम व नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ झोलाछाप की जांच करने पहुंचे। बैजनाथ चौराहा पर अधिकांश दुकानें बंद कर झोलाछाप फरार हो गए। एक क्लिनिक खुला मिला। क्लिनिक के पंजीकरण का कागजात मांगने पर अंदर बैठा व्यक्ति कोई कागजात नहीं दिखा सका। रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण क्लिनिक को सील कर दिया गया।।

## जेल के गेट के सामने दो पक्ष भिड़े

देवरिया: रात को जिला कारागार गेट पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान जमकर लाठी-डंडा चला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मामले को शांत कराया।

# बोलेरो से बिहार भेजी जा रही 25 पेटी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

जासं, देवरिया : बोलेरो से बिहार भेजी जा रही 25 पेटी शराब पुलिस ने गजहड़वा के समीप से बरामद की। पूछताछ के बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बनकटा थाने की पुलिस रात को गजहड़वा के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक बोलेरो तेजी से आई। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक तेजी से वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर बोलेरो को पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो 23 पेटी देसी शराब व दो पेटी अंग्रेजी शराब मिली। कार सवार तस्कर धर्मेंद्र कुशवाहा निवासी टड़वा थाना बनकटा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

# अपहृत किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

एकौना : थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत किशोरी को पुलिस ने असवनपार पुल के समीप से बरामद कर लिया। किशोरी की मां ने 21 जुलाई को इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से पुलिस उसकी बरामदगी में लगी हुई थी।

# फंदा लगाने से हुई थी छात्रा की मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि

## हत्या-आत्महत्या की उधेड़बुन में उलझी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**प्रतापपुर/ भाटपार रानी।** श्रीरामपुर थाना के एक गांव में शनिवार की रात गले में फंदा लगाकर लटकने वाली छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने बताया है कि पीएम रिपोर्ट में छात्र की मौत गले में फंदा लगाकर लटकने से होने की पुष्टि हुई है। पुलिस इसके आगे कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। उसका कहना है कि इस घटना की जांच की जा रही है। आत्महत्या है या हत्या इसकी पुष्टि ठोस तथ्यों के मिलने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

इस मामले में छात्रा की माता द्वारा बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में दर्ज केस में बगल के गांव का आरोपी युवक जो पुलिस की हिरासत में है, का कहना है कि उससे बातचीत काफी दिनों से होती रही है। परंतु उसने यह काम नहीं किया है और नहीं कभी भगाने की कोशिश की है। छात्र का पिता अभी भी बाहर है। गांव वालों का कहना है कि कोई भी पिता अपनी पुत्री की मौत की खबर पर देश के किसी भी कोने से दो दिन के अंदर आ सकता है। परंतु सोमवार को सायं तक भी पिता का कहीं अता-पता नहीं था।

छात्र की माता इस मामले में कुछ भी कहने या बताने से कतरा रही है। वह पूछने पर मौन हो जा रही है, और कुछ भी नहीं बोल रही है। अगल-बगल की महिलाओं का कहना है कि अक्सर उसकी माता उसे प्रताड़ित करती रहती थीं। छात्रा की छोटी बहन बचपन से ही अपने चाचा के घर गांव के ही पुश्तैनी मकान जो मृतिका के पिता के मकान से काफी दूरी पर गांव में है, रहती है। उसका पालन-पोषण भी उसकी मां के मरने के बाद से चाचा ही करते रहे हैं।

# बाईपास से प्रभावित किसान सड़क पर उतरे

## कलेक्ट्रेट में किसान महापंचायत कर उचित मुआवजे की मांग की, पुलिस से भी नोकझोंक

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। देवरिया और नवलपुर बाईपास बनने से प्रभावित किसान सोमवार को सड़क पर उतर गए। किसानों को बिना कटौती मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने कलक्ट्रेट में पहुंच किसान महापंचायत की। किसानों ने तीखी धूप और भीषण गर्मी में सुभाष चौक से लेकर कलक्ट्रेट तक नारेबाजी की।

कलक्ट्रेट में किसान महापंचायत कर सर्किट रेट से चार गुना मुआवजा देने की मांग की। किसानों के आंदोलन को देखते हुए पूरी कलक्ट्रेट पुलिस छावनी बनी रही। डीएम कार्यालय जाने को लेकर किसान नेताओं व पुलिस कर्मियों में नोंक-झोंक भी हुई।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनूप चौधरी, महासचिव जनार्दन मिश्र, सतीश चंद्र ओझा, पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष विनय सिंह, जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अजीत कुमार त्रिपाठी व खेत मजदूर यूनियन के सतीश कुमार, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव नेतृत्व में किसानों ने न 727 ए और भी से प्रभावित किसानों को समुचित मुआवजा देने की मांग को लेकर सुभाष चौक से लेकर कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

किसानों के आंदोलन को देख कई थानों के पुलिस कर्मियों को बुलाया गया था। प्रदर्शन वाले किसानों को पुलिस ने कलक्ट्रेट के दक्षिणी गेट की जगह उत्तरी से प्रवेश कराया। आंदोलनकारी डीएम कार्यालय की ओर बढ़ने का प्रयास किया।



उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध। संवाद

### डीएम ने की किसान प्रतिनिधियों के संग बैठक

देवरिया। देवरिया-बाईपास के लिए भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के संबंध में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं किसान प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। इसमें अधिग्रहण के मुआवजे से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया। डीएम ने किसान नेताओं को आश्वस्त किया कि भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के संबंध में शासन को पूर्व में प्रेषित पत्र के त्वरित निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। संवाद

# महापंचायत कर मुआवजा के लिए किसानों ने भरी हुंकार

## औने-पौने दाम पर जमीन नहीं देंगे किसान, मुआवजा सर्किल रेट से चार गुणा अधिक हो : प्रदेश अध्यक्ष

- जिलाधिकारी के आश्वासन पर माने किसान, समाप्त किए महापंचायत
- किसानों के हक की लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ा जाएगा विनय सिंह

जागरण संवाददाता, देवरिया: भारतीय किसान यूनियन, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अलावा भाकपा, माकपा समेत कई संगठनों ने कलेक्ट्रेट परिसर में किसान महापंचायत में हिस्सा लिया। किसानों ने बाईपास व एनएच सड़क निर्माण के दौरान किसानों को वर्तमान सर्किल रेट व बाजार मूल्य में जो भी अधिक हो उसका चार गुणा मुआवजा देने की मांग की। इससे कम पर कतई किसान मानने को तैयार नहीं हुए। अंत में डीएम दिव्या मित्तल के आश्वासन पर किसान महापंचायत समाप्त हुई।

किसान बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए। कलेक्ट्रेट परिसर से सुभाष चौक तक किसानों ने प्रदर्शन किया और पुनः कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। यहां सभा का प्रशासन पर नाइंसाफी का आरोप लगाया। यहां भाकियू के पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनूप चौधरी ने कहा कि प्रशासन किसानों की जमीन को औने-पौने दाम पर लेना चाहता है। किसान जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे। हमें सर्किल रेट व बाजार मूल्य में जो भी अधिक हो उसका चार गुणा मुआवजा दिया जाए। प्रशासन किसानों का हक मारना चाहता है।




सिविल लाइन्स रोड में प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता व विभिन्न संगठनों के किसान नेतागण • जागरण

भाकियू के पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि नवलपुर, सलेमपुर में एनएच 727 बी में सामान्य एवं विशिष्ट गांव का कोई विभेद न करते हुए सभी को सामान्य ग्राम माना जाए। किसानों के हक की लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ा जाएगा। अंत में डीएम ने प्रमुख सचिव संजय प्रसाद से वार्ता किया और किसान नेताओं को बताया कि शासन से गाइड लाइन मांगा गया है। आपकी मांगों को शासन में रखा गया है। आपकी मांगों को पूरा करने का अपने स्तर से मैं प्रयास कर रही हूं। डीएम के आश्वासन पर आंदोलनकारियों ने उन्हें 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। किसान महापंचायत देर शाम समाप्त कर दिया गया। सभा को भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही, खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड सतीश कुमार, किसान संघर्ष समिति सलेमपुर के अध्यक्ष का. प्रेमचंद यादव, का. शम्भु शरण, अजीत कुमार मिश्र, विनोद गुप्ता, जनार्दन मिश्र, अरविंद कुमार सिंह, राम किशोर चौहान, कृष्णकांत सिंह, हरेन्द्र सिंह आदि ने संबोधित किया।

# बरियारपुर पुलिस ने दो ईंट भट्ठों पर मारा छापा

बरियारपुर। थाना क्षेत्र के दो ईंट भट्ठों पर बरियारपुर पुलिस ने रविवार की देर रात छापामारी कर दो कुंतल लहन नष्ट किया। मौका पाकर कच्ची दारु बेचने वाले भाग गए। वायरल वीडियो पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के कुछ ईंट भट्ठों पर कच्ची दारु बनाने व बेचने का धंधा वर्षों से चला आ रहा हैं। पुलिस समय-समय पर अभियान चलाती है फिर भी यह धंधा चलता रहता है। प्रानपुर के एक ईंट भट्ठे पर कच्ची दारु बेचने का वीडियो बना कर किसी ने वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में युवतियां बाल्टी में रख कर कच्ची दारु बेच रही हैं। जिस पर पुलिस ने रविवार की देर रात प्रानपुर स्थित दो ईंट भट्ठे पर छापा मारा कर दो क्विंटल लहन नष्ट किया। संवाद

# व्यवसायी के घर पथराव करने में एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** शहर में बेखौफ मनबढ़ों ने रविवार को दिन में एक व्यवसायी के घर पर हमला बोल दिया। मेन गेट बंद होने के चलते मनबढ़ बाहर से ईंट पत्थर चलाने लगे। इससे खिड़की व दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया। यही नहीं बाहर खड़ी दो चार पहिया वाहन के शीशे क्षतिग्रस्त कर दो बाइक तोड़ डाली। इस घटना के बाद व्यवसायी का पुत्र कोतवाली तहरीर देने पहुंचा तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दे डाली।

इसके बाद देर रात में घर से कुछ दूरी पर पहुंच व्यवसायी के परिजनों को गोली मारने की धमकी दी। अभी मोहल्ले के लोग एकत्रित होते मनबढ़ भाग गए। व्यवसायी ने इस वारदात की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इस घटना के बाद से व्यवसायी का परिवार डरा सहमा है। इधर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

शहर के भटवलिया वार्ड नंबर-5 निवासी प्रभुनाथ गुप्ता पुत्र चोकट साहू का फल मंडी में फलों के थोक का कारोबार है। उनके पड़ोस में ही रहने वाले रामायण गुप्ता के दो पुत्र विशाल और विवेक पुरानी रंजिश में रविवार शाम को अचानक प्रभुनाथ गुप्ता के घर पर दर्जनों साथियों के साथ हमला बोल दिया दिया। दर्जनों की संख्या में आए हमलावरों के पथराव से व्यवसायी का परिवार सहम कर घर के अंदर दुबक गया। कुछ ही देर में हमलावरों ने पथराव कर घर के बाहर खड़ी कार, बुलेट, बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घर पर हुए पथराव में खिड़कियों के शीशे टूट गए।



**व्यवसायी के घर किया गया पथराव।** स्रोत सोशल मीडिया

# रेड्डी अन्ना पोर्टल: देवरिया के सरगना को खोज रही पुलिस

## शाहपुर में पकड़ा गया था गैंग, 25 मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर रही पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर के रामजानकी नगर में अवैध ढंग से रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल चला रहे आठ जालसाजों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया था। अब इस गिरोह के सरगना देवरिया जिले के थाना श्रीरामपुर क्षेत्र में रहने वाले मनीष सिंह कुशवाहा की तलाश पुलिस कर रही है। इसके नाम पर तीन आईडी चल रही थी। इसके साथ ही दिल्ली के आसपास रहने वाले सूरज को भी पुलिस ढूंढ रही है। दोनों के पकड़े जाने पर इस धंधे से जुड़ी जानकारी और कई बड़े नाम भी सामने आ सकते हैं।

पुलिस के अनुसार, क्रोम के माध्यम से रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेम में सट्टेबाज जुड़ते हैं। मनीष ने रेड्डी अन्ना के पैनल की तीन आईडी खरीदी थी। एक आईडी की कीमत करीब 12 से 15 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके बाद शाहपुर के रामजानकी नगर से अवैध सट्टे का खेल संचालित किया जाने लगा। लोगों को बहला-फुसलाकर म्युल/फर्जी खाते खुलवाए गए थे। उनमें पैसों का लेनदेन करते थे। एक दिन में 11-12 लाख रुपये का लेनदेन किया जाता था।

इसमें 20 प्रतिशत फायदा रेड्डी अन्ना के खाते में जाता था। रविवार को पकड़े गए जालसाजों में छह देवरिया और दो बिहार सिवान जिले के हैं। उनसे पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

**लखनऊ में ट्रेनिंग के बाद जिले में चला रहे थे अवैध ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल**

### लखनऊ में ट्रेनिंग ली बना सिटी इंचार्ज

पुलिस के मुताबिक, रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेम की आईडी लेने के बाद बिहार के सिवान जिले के बेलाव गांव के चंदन कुशवाहा की ट्रेनिंग लखनऊ में कराई गई थी। इसके बाद वह गोरखपुर शहर में धंधे की कमान संभाल रहा था। रविवार को पकड़े जाने के बाद चंदन ने बताया कि ट्रेनिंग लेने के बाद उसे सिटी इंचार्ज बनाया गया था। यहां के अलावा और कहां यह अवैध धंधा चल रहा है, इसके बारे में उसे कुछ पता नहीं है। पुलिस के अनुसार, लखनऊ में जिस जगह पर ट्रेनिंग कराई जा रही है, वहां की भी जानकारी पुलिस जुटा रही है।

# सोलर बैट्री और हैडपंप चुरा ले गया शराबी

खुखुंदू। सरयां स्थित प्राइवेट स्कूल से एक शराबी सोलर बैट्री और हैंडपंप चुरा ले गया। प्रबंधक ने उलाहना दिया तो शराबी ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। विरोध करने पर प्रबंधक पर डंडे से हमला भी कर दिया। आरोपी प्रबंधक के गांव का ही है और वह दो दिनों से स्कूल परिसर में ही सो रहा था।

आरोप है कि इन्हीं दो दिनों में घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। डुमरिया लाला गांव निवासी गौरव मयूर श्रीवास्तव सरयां स्थित एक प्राइवेट स्कूल चलाते हैं।

आरोप है कि गांव का एक शख्स दो दिनों से शराब पीकर रात में स्कूल परिसर में सोता था। इसी बीच 21 सितंबर की रात में स्कूल परिसर में लगी सोलर की बैट्री और हैंडपंप चोरी हो गया। प्रबंधक गौरव मयूर श्रीवास्तव को इसकी जानकारी हुई तो वह शराबी के घर चोरी शिकायत करने चले गए। संवाद

# देवरिया पुलिस से हाथ छुड़ाकर ट्रेन से कूदा था हत्यारोपी

## वीडियो रिकार्डिंग के साथ तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम21 सितंबर को सुल्तानपुर गांव के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे मिला था शव

संवाद न्यूज एजेंसी

गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र सुल्तानपुर गांव के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे पोल के पास एक दिन पूर्व मिले अज्ञात शव की शिनाख्त रविवार को वांछित हत्यारोपी के रूप में हुई। आरोपी देवरिया जनपद के खामपार थाना की पुलिस से हाथ छुड़ाकर ट्रेन से कूद गया था।

नोएडा से गिरफ्तार कर पुलिस गोरखपुर मेल से देवरिया लेकर जा रही थी। सोमवार को तीन डॉक्टरों के पैनल ने वीडियो रिकार्डिंग के साथ पोस्टमार्टम किया। इसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

इस संबंध में देवरिया जनपद के खामपार थाना के उप निरीक्षक प्रियांशु कुमार दुबे ने दुल्लहपुर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा है कि वह पुलिस टीम के साथ हत्या सहित अन्य संगीन धाराओं में दर्ज मुकदमे के वांछित खामपार निवासी कृष्णा डोम (30) को गिरफ्तार कर नोएडा से गोरखपुर मेल से लेकर देवरिया जा रहे थे। 21 सितंबर को कृष्णा डोम उल्टी की बात कहकर शौचालय के पास गया। इसके बाद हाथ छुड़ाकर चलती ट्रेन से दुल्लहपुर और नायकडीह रेलवे स्टेशन के बीच कूद गया। पुलिस टीम ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका। जानकारी होने पर देवरिया जनपद की खामपार थाना की पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। परिजनों को भी सूचना दी। इसके बाद दुल्लहपुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुल्लहपुर थानाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### आस्थानंद हत्याकांड मामले में फरार था कृष्णा

21 जुलाई को खामपार थाना क्षेत्र के खामपार कस्बा निवासी आस्था नंद पुत्र चंद्रदीप खटिक को गांव के ही बांसफोरों ने रंजिशवश बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में आस्थानंद के पुत्र नितेश के तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ। पुलिस ने इस मामले में जयप्रकाश बांसफोर, कन्हैया बांसफोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि बाद में गोपाल बांसफोर की गिरफ्तारी हुई। वहीं चौथा वांछित कृष्णा इसमें फरार चल रहा था। उधर घटना के एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान आस्थानंद की मौत हो गई, इससे पूरा पूर घटनाक्रम ही बदल गया। इस मामले की धारा हत्या के प्रयास से बदल कर 302 में हो गई। मृतक के परिजनों द्वारा थाना गेट पर शव रखकर धरना-प्रदर्शन किए जाने के बाद पुलिस इसमें सक्रिय हो गई और वांछित चल रहे कृष्णा बांसफोर को पकड़ने के लिए जाल फैलाया। पुलिस को सूत्रों से पता चला कि कृष्णा दिल्ली में रह रहा है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# छात्राएं 1090 पर करें शिकायत

गुरवलिया बाजार। वुमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 पर की गई शिकायतें गोपनीय रखी जाती हैं। यह महिलाओं की सुरक्षा के लिए है। इसलिए छात्राएं या महिलाएं अपनी शिकायतें निर्भीक होकर दर्ज कराएं।

ये बातें तुर्कपट्टी के थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहीं। वह गुरवलिया बाजार स्थित बागीश्वरी रामवासी पीजी कॉलेज में सोमवार को महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे।

# अवैध बालू खनन में लगी नाव को तोड़वाया

**सोहसा मठिया।** रामकोला क्षेत्र के परवरपार गांव के पास छोटी गंडक नदी से अवैध बालू खनन में लगी नाव को खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने जेसीबी मगाकर तोड़वा दिया। इसकी भनक लगते ही कारोबारी और खनन में लिप्त मजदूर मौके से फरार हो गए। रामकोला थाना क्षेत्र के परवरपार गांव के बगल से होकर बहने वाली छोटी गंडक नदी में अवैध बालू खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था।

# विशुनपुरा पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को विशुनपुरा थाने की पुलिस ने अलग अलग मुकदमों में वारंटी अभियुक्त जगरनाथ पुत्र शिवपूजन निवासी बड़हरा खुर्द एवं मुकेश पुत्र छोटेलाल निवासी बड़हरा खुर्द थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार किया।

# कट्टा-कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को सेवरही थाने की पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसके कब्जे से कट्टा-कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान अनिल कुमार पुत्र रामवृक्ष प्रसाद निवासी धोबी घटवा थाना बरवापट्टी के रूप में की गयी। पुलिस उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गयी।

# ट्रैक्टर की चोरी बैटरी संग शातिर चोर को दबोचा

**कुशीनगर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पडरौना कोतवाली पुलिस ने रविवार की देर शाम को खिरकिया बागीचे के पास संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से ट्रैक्टर की चोरी बैटरी बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान शातिर चोर उमेश चौहान पुत्र केश्वर चौहान निवासी जंगल कुरमौल पडरौना कोतवाली के रूप में हुआ।

# चोरी की बाइक संग तीन शातिर पकड़े

खड्डा/छितौनी। हनुमानगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पनियहवा स्टेशन के समीप छापेमारी कर चोरी की बाइकों के साथ बिहार व कुशीनगर जिला निवासी तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हनुमानगंज थानाध्यक्ष अजय कुमार पटेल एसआई विनोद सिंह, अमर सिंह, रामचन्द्र यादव सिपाही सतवान यादव, विक्रांत शुक्ला व अभिषेक कुमार के साथ सोमवार को अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पनियहवा चौराहे पर बिहार जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर के जरिए उन्हें सूचना मिली।

# शादी कराने व बच्चा बेचने वाले गिरोह को पकड़ा

**मानव तस्करी**

- पडरौना कोतवाली क्षेत्र से महिला व उसके बच्चे का किया अपहरण
- राजस्थान ले जाकर धोखाधड़ी कर महिला की करा दी थी शादी

पडरौना, निज संवाददाता। पडरौना कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी कर शादी कराने एवं बच्चा बेचने वाले गिरोह को पकड़ा है। गिरोह में शामिल एक कुशीनगर जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र का जबकि दो बरेली जिले के भमोरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सिरसिया दीक्षित गांव से अपहृत हुए बच्चे को बरामद करते हुए पुलिस ने उसके पिता को सुपुर्द कर दिया।

गिरोह के पास टीयूवी कार, 10 हजार नगद एवं तीन स्मार्ट फोन बरामद हुए हैं। सोमवार को प्रेसवार्ता में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि बीते रविवार को पडरौना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ लोगों ने धोखाधड़ी व छल करते हुए उसकी पत्नी एवं छह माह के बच्चे का अपहरण कर उसकी पत्नी का राजस्थान में शादी करा दिये हैं और बच्चे को बेचने के फिराक में हैं। सोमवार को पडरौना कोतवाली पुलिस गिरोह को पकड़ने में कामयाब हो गयी। पकड़े गये गिरोह में राधे पुत्र हरिहर निवासी जंगल लुअठहां थाना विशुनपुरा, सुनील पुत्र डंडैल निवासी त्रिकुनिया थाना भमोरा जिला बरेली एवं सत्येन्द्र पुत्र रमेश निवासी रफियाबाद थाना भमोरा जिला बरेली के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए उसके पिता की सुपुर्दगी में दे दिया।

## अन्य राज्यों में पैसे लेकर कराते थे बेटियों की शादियां

पकड़े गये गिरोह ने पूछताछ में बताया कि वे लोग राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पुरूष व लड़का की शादी पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार के लड़कियों व महिलाओं से कराते हैं। इसके बदले में उन्हें लोगों से पैसा मिलता है तथा जिस किसी महिला का बच्चा होता है उसके बच्चे होने की जानकारी को गुप्त रखकर उस महिला की शादी करा देते हैं और बच्चे को इधर उधर बातचीत कर उचित दाम पर बेच देते हैं।

## गिरफ्तार करने वाली टीम में ये पुलिसकर्मी रहे शामिल

एसपी के निर्देश पर गिरोह को पकड़ने के लिए लगाए गए पुलिस टीम में कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी मिश्रौली विवेक पांडेय, एसआई रविकांत सिंह, कांस्टेबल रविप्रकाश सिंह, पंकज यादव एवं रमेश पाल शामिल रहे।

### 5.62 लाख के जाली नोट और 1.10 लाख रुपये नकद और नेपाली मुद्रा के साथ असलहे भी बरामद किए

# जाली नोट खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**कार्रवाई**

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले की पुलिस ने जाली नोट खपाने के वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, जाली नोट बदल कर जुटाए गए 1.10 लाख रुपये नकद, नेपाली मुद्रा, 8 लैपटॉप, 26 सिम कार्ड, दस तमंचे, कई फायरशुदा व जिंदा कारतूस, चार सुतली बम व दो लग्जरी गाड़ियां बरामद की गयी हैं।

गिरोह भारत के अलावा नेपाल में भी जाली करेंसी खपाता था। तमकुही राज तहसील क्षेत्र में विवादित जमीनों पर लोगों को डरा धमका कर कब्जा करता था। अपराध की कमाई से संपत्तियां बनाते थे। जिला पुलिस कार्यालय में सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान एसपी संतोष मिश्र ने यह जानकारी दी। बताया कि जिले में जाली करेंसी चलाने वाले गिरोह का इनपुट मिला था। तमकुहीराज, सेवरही, तरया सुजान व साइबर थाने की संयुक्त टीम ने इनपुट के आधार पर गिरोह के गतिविधियों की निगरानी शुरू कर दी। जल्द ही इन सबकी गतिविधियां नजर में आ गयीं। संयुक्त टीम ने इसके बाद छापेमारी शुरू कर दी। छापेमारी में गिरोह के सभी दस सदस्य गिरफ्तार कर लिए गए। उनके कब्जे से 5 लाख 62 हजार के जाली नोट, जाली करेंसी से परिवर्तित की गयी भारतीय मुद्रा 1 लाख 10 हजार रुपये नगद, नेपाल राष्ट्र की 3 हजार रुपये मुद्रा नगद, 10 नाजायज तमंचे, 30 अदद जिंदा कारतूस, 12 फायरशुदा खोखा कारतूस, 4 सुतली देशी बम, अपराध में प्रयुक्त 13 मोबाइल फोन, 26 फर्जी सिम, 10 फर्जी आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड व 8 अदद लैपटॉप व अपराध में प्रयुक्त 2 लक्जरी चार पहिया वाहन बरामद किया गया।

पकड़े गए बदमाशों की पहचान मो रफीक खान उर्फ बबलू खान पुत्र मो हनीफ निवासी तरया रोड थाना तमकुहीराज, नौशाद खान पुत्र रियाजुल निवासी वार्ड नं 4 गांधी नगर तमकुहीराज, मो रफी अंसारी पुत्र अब्दुल करीम निवासी रकबा दुलमा पट्टी थाना सेवरही, औरंगजेब उर्फ लादेन पुत्र नूरमोहम्मद निवासी झड़वा थाना तरया सुजान, शेख जमालुद्दीन पुत्र स्व सरफुद्दीन निवासी वार्ड गांधीनगर थाना तमकुहीराज, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना पुत्र सरफुद्दीन निवासी वार्ड नं 4 थाना तमकुहीराज, रेहान खान उर्फ सद्दाम पुत्र जामिल खान वार्ड नं 4 गुदरी मुहल्ला थाना तमकुहीराज, हासिम खान पुत्र हसन अली निवासी हरिहरपुर थाना तमकुहीराज, सेराज हशमति पुत्र सदीक अंसारी निवासी झड़वा थाना तरया सुजान व परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी निवासी वार्ड नं 4 थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है।

सभी के खिलाफ तमकुही राज थाने में गिरोह बनाकर जाली करेंसी खपाने, गिरोह बनाकर आपराधिक साजिश रचने व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम आदि की धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

**खुलासा करने वाली टीम को किया पुरस्कृत:** एसपी ने बताया कि गिरोह का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में शामिल तमकुही राज के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार शर्मा, तरया सुजान के प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पन्त तथा सेवरही थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय व उनकी टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है।



जाली करेंसी खपाने वाले गिरोह का एसपी ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा।

## भागते समय गिरकर तीन बदमाश हो गए घायल

पुलिस की छापेमारी के दौरान गिरफ्तारी से बचने को तीन बदमाश मौके से भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो तीनों खुद ही गिर घायल हो गए। तीनों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज कराने के बाद उन्हें जेल भेजा गया। एसपी की प्रेसवार्ता के लिए तीनों को व्हील चेयर पर बैठाकर पुलिस कार्यालय लाया गया था। तीनों चिल्ला चिल्लाकर गलती की माफी मांग रहे थे।

## असली में नकली नोट मिलाकर खपाता था गिरोह

एसपी ने बताया कि गिरोह के सदस्य नकली नोटों को असली नोटों के बीच में डालकर गड्डियों के रूप में खपाता था। इनका नेपाल भी आना जाता था। इन्होंने वहां भी नकली करेंसी खपायी होगी, इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इलाके की विवादित जमीनों पर इनकी गिद्ध दृष्टि रहती थी। विवादित जमीनों पर यह गिरोह अवैध तमंचे व कातूस आदि के अलावा सुतली बम आदि के बल पर कब्जा करता था। बाद में उन जमीनों को ऊंची कीमत पर बेचता था।

## गिरोह पर लगेगा गैंगस्टर, जब्त होंगी संपत्तियां

एसपी ने बताया कि अभियुक्तगणों का एक संगठित गिरोह था। जो काफी दिनों से अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर जाली नोटों को भारतीय मुद्रा में मिलाकर बाजार में सभी असली नोटों के साथ जाली नोटों की खपत किया करता था। अभियुक्तों द्वारा विवादित जमीनों को असलहों व विस्फोटकों के बल पर आम लोगों को डरा धमकाकर खरीदकर उसपर कब्जा कर लिया जाता था। फिर उसी जमीन के ऊंचे दामों में बेचकर अवैध धन अर्जित करता था। गिरोह पर गैंगस्टर भी लगाया जाएगा। और अपराध से अर्जित इनकी संपत्तियां जब्त की जाएंगी।

## बिहार व नेपाल से लाते थे जाली करेंसी

पकड़े गए बदमाशों से पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि गिरोह को जाली करेंसी नेपाल व बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में कहीं से मिलती थी। जाली करेंसी कहां तैयार होती थी, इस बारे में उन्होंने पुलिस को कोई सटीक जानकारी नहीं दी है। जिले की पुलिस विवेचना के दौरान गिरोह का जाली करेंसी मुहैया कराने वाले रैकेट का भी पर्दाफाश करेगी। पुलिस के अनुसार यह बड़ा रैकेट है। रैकेट का नेटवर्क खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मोटी कमाई के लिए गिरोह के सदस्य इस तरह के अपराध में काफी दिनों से संलिप्त थे।

## छह बदमाशों का है लंबा आपराधिक इतिहास

एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों में छह का लंबा आपराधिक इतिहास है। मो रफी अंसारी पर सेवरही में आठ, तमकुहीराज, तरया सुजान व विशुनपुरा में एक-एक मुकदमे पहले से दर्ज थे। औरंगजेब पर तरया सुजान में छह, सेवरही व तमकुहीराज में एक-एक मुकदमे पहले दर्ज हैं। परवेज इलाही पर तरया सुजान में चार, सेवरही में दो, तमकुही राज में एक और बिहार के बेतिया थाना, पं चंपारण में एक-एक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इसी तरह नौशाद पर तरया सुजान व सेवरही में चार, शेख जमालुद्दीन पर तरया सुजान व सेवरही में चार तथा नियाजुद्दीन पर पहले से सेवरही थाने में मुकदमे दर्ज हैं।

# 18 से कम उम्र में ड्राइविंग की तो फंसेंगे अभिभावक

**निर्देश**

**पडरौना, निज संवाददाता।** डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें 18 साल से कम उम्र के बच्चों को गाड़ी चलाने पर अभिभावक पर केस दर्ज कराने का डीएम ने निर्देश दिया।



कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में शामिल डीएम विशाल भारद्वाज।

बैठक में सड़क सुरक्षा सम्बन्धित नियमों का चर्चा किया गया, जिसमें दुर्घटना की प्रतिशत को कम का निर्देश दिया गया। एनएचएआई के प्रबन्धक ने ब्लैक स्पॉट के बारे में विस्तार से बताया कि मौजूदा समय में 05 ब्लैक स्पॉट ऐसे हैं, जिनपर दीर्घ सुधारात्मक कार्रवाई के लिए टेण्डर किया गया है, जल्द ही कार्रवाई पूर्ण कर ली जायेगी। डीएम ने निर्देश दिया कि जो वाहन एनएच पर खराब हो जाते हैं, उन्हें मार्ग से हटाने के लिए त्वरीत आवश्यक कार्रवाई करें। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाकर विद्यालय आने पर अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई किया जाये। 18 से कम उम्र के बच्चों को सीट बेल्ट, हेल्मेट, ओवर लोडिंग आदि के प्रति जागरूक किया जाये। वाहन चालक ओवर स्पीडिंग से बचे। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता राजेश सिंह, राजेश निगम, एआरटीओ मोहम्मद अजीम, ट्रैफिक से सत्य सन्याल शर्मा, चिकित्सा विभाग से डॉ. आरडी कुशवाहा, सूर्यप्रकाश सिंह, एनएच पीडब्ल्यूडी गोरखपुर से अवधेश कुमार गुप्ता, सन्तराम सरोज, अधिशासी अधिकारी पडरौना, रवि पटेल अधिशासी अधिकारी, सीमा राय, उत्तम वर्मा, जयशंकर मालवीय, रोडवेज से रामख्याली सत्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

### लघु सुधारात्मक कार्रवाई को भेजा गया प्रस्ताव

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि क्षेत्र में पड़ने वाले ब्लैक स्पॉट पर लघु सुधारात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। डीएम ने सड़कों के पटरियों की झाड़ियों की सफाई करावें। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि स्कूल में जो भी मानक हों, उसका शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाये।

# चोर समझ विक्षिप्त को पीटा, घायल

कुबेरस्थान। क्षेत्र के हरैया गांव में रविवार की देर रात घूम रहे मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को ग्रामीणों ने चोर समझकर पकड़ने के बाद बुरी तरह से पीटा। घटना के समय चोरों के आने की चर्चा पर ग्रामीण रतजगा कर रहे थे।

क्षेत्र में इस समय चोरों के आने की चर्चा आम हो गई है और ग्रामीण इससे भयभीत भी हैं। इसके चलते लगभग सभी गांवों के लोग सतर्क हो गए हैं और रात्रि में जगकर अपने घरों के आसपास निगरानी करते नजर आ रहे हैं। रविवार की देर रात हरैया गांव में घूम रहे एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को चोर समझकर ग्रामीणों ने पकड़ लिया और अच्छे से उसकी धुनाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी तो पुलिस भी मौके पर पहुंची और उस व्यक्ति को अपने साथ थाने लाई। पुलिस की पूछताछ और जांच पड़ताल में वह व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त निकला, जिसे पुलिस ने इलाज कराकर छोड़ दिया।

# 30 वाहनों का चालान, दी गई हिदायत

जागरण संवाददाता,पडरौनाः ओवरलोड व डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मो.अजीम व यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा की संयुक्त टीम ने नगर के सुभाष चौक, बड़ी नहर व बाइपास मार्ग पर वाहनों की जांच की।

इस दौरान 30 वाहनों का चालान करते हुए चालकों को अंतिम रूप से हिदायत दी गई। पकड़े गए वाहनों में 18 ई-रिक्शा व 12 आटो शामिल हैं, जिनके चालक वाहन का कागजात नहीं दिखा सके और सवारी ओवरलोड पाई गई। इस दौरान एआरटीओ कुशीनगर ने आने-जाने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों की भी जांच की, इसमें बाइक चालक बिना हेलमेट व चार पहिया वाहनों को बिना सीट बेल्ट के न चलने के लिए जागरूक किया। उन्होंने वाहन स्वामियों को चेतावनी दी कि दोबारा पकड़े जाने पर अधिक जुर्माना देना होगा। इसलिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाएं और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। डीएम विशाल भारद्वाज व एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अधिकारियों ने कहा कि ओवरलोड वाहन किसी दशा में चलने नहीं दिया जाएगा।



पडरौना नगर में ई-रिक्शा का चालान करते एआरटीओ मो . अजीम बाएं पहले● जागरण

# गैर इरादतन हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कुशीनगर। पडरौना कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या आदि के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को पडरौना कोतवाली पुलिस वांछित अभियुक्त लक्ष्मण गोंड़ पुत्र रामबली गोंड़ निवासी त्रिलोकपुर बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने को टीम गठित

हाटा/ढाढा, हिन्दुस्तान संवाद। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निर्देश पर हाटा नगर के केन यूनियन तिराहा व गोरखपुर चौराहा पर फ्लाईओवर निर्माण के लिए मंजूरी मिलने से फोरलेन सड़क के सर्विस लेन के किनारे हुए अतिक्रमण हटाने के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उपजिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह ने राजस्व कर्मियों के साथ पुलिस प्रशासन की टीम गठित करते हुए मंगलवार को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है।

हाटा नगर के केन यूनियन तिराहा व गोरखपुर चौराहा पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, जिसको ध्यान में रखते हुए सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे की पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जनहित को देखते हुए दोनों जगहों का सर्वे कराया गया। दोनों जगहों पर फ्लाईओवर निर्माण आवश्यक है। एनएचएआई द्वारा स्वीकृति मिलने पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य के लिए सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए दस दिन पूर्व एनएचएआई टीम द्वारा घर घर नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने का अपील किया गया था।

# एक सूरत और दूसरी युवती महराजगंज से बरामद हुई

**फॉलोअप**

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से भगाई गई दो युवतियों को खड्डा पुलिस ने सोमवार को बरामद कर लिया। एक किशोरी को गुजरात के सूरत से तथा दूसरी को महराजगंज जिले के एक गांव से बरामद कर जांच में जुटी हुई है।

खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती को गांव का ही एक गैर समुदाय का युवक तीन माह पूर्व बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इसकी जानकारी होने पर परिवारीजनों ने लड़की की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चलने पर इसकी तहरीर थाने में देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि युवक भगायी गयी युवती को लेकर अहमदाबाद के सूरत में रह रहा है, तो एसआई शर्मा सिंह यादव महिला पुलिस के साथ सूरत पहुंचकर वहां की पुलिस की मदद से युवती को बरामद कर खड्डा लायी और मामले की कार्रवाई पूरी कर उसे उसके परिवारीजनों को सुपुर्द कर दिया। खड्डा के एक मोहल्ले से रविवार की दोपहर एक युवक एक युवती को भगा ले गया। इसकी जानकारी होने के बाद पुलिस ने रविवार की रात दोनों को महराजगंज जिले के एक गांव से बरामद कर लिया। थाने लाने पर लड़की पहले से ही युवक से कोर्ट मैरिज कर लेने की बात कहते अपने परिवारीजनों के साथ जाने से इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि एक युवती को सूरत से तथा दूसरी को महराजगंज से बरामद कर लिया गया है।

# चोरी में वांछित दो को पकड़कर ले गई बिहार पुलिस

**फाजिलनगर।** रविवार को देर शाम बिहार प्रांत की नंबर लिखी गाड़ी से आए पुलिस कर्मियों ने तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के भलुही गांव से दो युवकों को पकड़ कर लेती गई। इसको लेकर पूरे गांव में अफरा तफरी मच गई। बाद में पता चला कि चोरी के मामले में बिहार पुलिस दोनों युवकों की तलाश में थी। रविवार को देर शाम सरकारी गाड़ी से पहुंची बिहार की पुलिस को देख गांव के लोग हतप्रभ रह गए। बिहार पुलिस के साथ एक युवक भी था जिसके निशानदेही पुलिस के गांव निवासी अरमान आलम व रंजीत शर्मा को अपने साथ लेकर चल दी। इसके बाद ग्रामीण इस पूरे प्रकरण की जानकारी में जुट गए। बाद में पता चला कि बिहार पुलिस दोनों को मधुरिया चौकी ले गई है। बताया जा रहा है कि गड़हिया निवासी प्रिंस के साथ पकड़े गए दोनों आरोपी ई-रिक्सा से घूम कर बिहार में रेकी कर दिन में ही बंद मकान में चोरी करते थे।

# शादी का झांसा दे महिला व बच्चे का अपहरण करने वाले गिरफ्तार

जासं.पडरौना (कुशीनगर) : सदर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी कर शादी करने व बच्चा बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों की पहचान राधे निवासी लुअठहा थाना विशुनपुरा कुशीनगर, सुनील निवासी त्रिकुनिया व सतेंद्र निवासी रफियाबाद थाना भमोरा जिला बरेली के रूप में हुई।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के ही एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि राधे ने उनकी पत्नी व छह माह के बच्चे को अपने परिचितों संग अपहृत कर पत्नी

**कुशीनगर व बरेली के रहने वाले हैं आरोपित, कसया में बच्चे को बेचने की कर रहे थे तैयारी**

की राजस्थान में शादी करा दी। मामले में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश में टीम लगाई गई। टीम ने सुबह कसया से तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि आरोपित बच्चे को बेचने की तैयारी में थे। एसपी ने बताया कि यह गिरोह गरीब व कम पढ़े लिखे लोगों को लालच देकर राजस्थान आदि में शादी करा देते हैं। शादी शुदा महिला को भी झांसा देकर दूसरी जगहों पर शादी कराते हैं। बच्चे को पैसा लेकर बेच देते हैं। टीम में एसएचओ आशुतोष सिंह, दारोगा विवेक पांडेय, रविकांत सिंह आदि शामिल रहे।

## 32 निरीक्षक व उप-निरीक्षक का स्थानांतरण

पडरौना :एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने रविवार देर रात 32 निरीक्षक तथा उप-निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया। लाइन में रहे निरीक्षक दिग्विजय नारायण राय को प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन बनाया है। प्रभारी निरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ओमप्रकाश सिंह को प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र बनाया गया है। कुबेरस्थान में तैनात दारोगा अंजनी यादव को पुलिस लाइन भेजा गया है। इसी तरह 28 दारोगाओं को नई तैनाती दी गई है।

# महिलाओं से अमर्यादित व्यवहार अभिशाप

- विषम परिस्थिति में महिलाओं के लिए सहायक है वूमेन पावर हेल्पलाइन
- महिला कांस्टेबल ने छात्राओं की समस्याओं को जानने का किया प्रयास

जागरण संवाददाता, गुरवलिया बाजार : बागीश्वरी रामबासी पीजी कालेज परिसर में महिला सुरक्षा जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते एसओ संजय कुमार ने कहा कि छात्राओं के साथ रास्ते में या कहीं और भी मारपीट, छेड़छाड़ आदि की घटनाएं होती हैं तो वह हेल्पलाइन नंबर पर काल कर सकती हैं। वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090 पर दी गयी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं। छात्राएं निर्भीक होकर इस नंबर पर काल कर अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस से मदद ले सकती हैं।

कहा कि सरकार और पुलिस सभी की सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है। बताया कि काल के बाद पुलिस स्थल पर पहुंच कर पूरी मदद करेगी। यह काल पूरी तरह निश्शुल्क होती है। किसी के भय या बहकावे में न आएं बल्कि बिना झिझक के अपनी परेशानियां पुलिस को बताएं। महिला कांस्टेबल ज्योति झा, अनामिका सिंह व प्रियंका सिंह, ममता कुमारी, उपासना गुप्ता ने भी छात्राओं को सुरक्षा अपनाने के साथ ही व्यक्तिगत तौर पर अलग से उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। एसओ ने



गुरवलिया के बागीश्वरी रामबासी पीजी कालेज में छात्राओं को संबोधित करते एसओ संजय कुमार● जागरण

प्रबंधक से विद्यालय में एक शिकायत पेटिका रखने की बात कही व अपना सीयूजी नंबर छात्राओं को दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य व प्रबंधक डा. शक्ति प्रकाश पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। संचालन प्राचार्य डा. प्रमोद त्रिपाठी ने किया। कार्यशाला में करीब पांच सौ छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान विनय कुमार यादव, योगेश कुमार यादव, सुनील राजभर, राहुल प्रसाद, संजय यादव, प्रवक्ता नीलम त्रिपाठी, मनीषा शर्मा आदि उपस्थित रहे।



परवरपार शिव मंदिर घाट का निरीक्षण करते खान अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह दाएं● जागरण

# खान अधिकारी ने शिवमंदिर घाट पर तोड़वाई नाव

जागरण संवाददाता, गोवरहीं : खान अधिकरी अभिषेक सिंह ने सोमवार को रामकोला के परवरपार के शिवमंदिर घाट पर छापेमारी की। मौके पर नदी से बालू का खनन कर मजदूर नाव पर लाद रहे थे। टीम को देखते ही मजदूर पानी में कूद कर तैरते हुए नदी के दूसरे घाट की ओर निकल गए। खान अधिकरी नाव किनारे मंगाए और बुलडोजर से

## रामकोला के परवरपार घाट पर की औचक छापेमारी

तोड़वा दिया। घाट पर बालू का कुछ ढेर मिला, जिसे पानी में बहा दिया गया। बताया कि बालू का अवैध खनन किसी भी दशा में नहीं करने दिया जाएगा। संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# दो बाइक व नकदी बरामद तीन गिरफ्तार

पनियहवा : हनुमानगंज थाने के छितौनी कस्बा में एक सितंबर की रात डोल मेला के दौरान चार बाइक व एक साइकिल चोरों ने उड़ा लिया था। 23 दिन बाद पुलिस तीन बाइक चोरों को पकड़ कर दो बाइक व नकदी बरामद करने में सफलता पाई है। डोल मेला में चार बाइक व एक साइकिल चोरी होने पर मालिकों ने थाने में तहरीर दी थी। सोमवार को पुलिस ने पनियहवा रेलवे स्टेशन के समीप तीनों को पकड़ा। उनके पास से दो बाइक व 1500 रुपये बरामद हुए। आरोपितों की पहचान विशुनपुरा थाने के इंदरपट्टी के रामप्रताप कुशवाहा, हनुमानगंज थाने के छितौनी कस्बा के मुकेश गुप्ता व सिकंदर कुशवाहा के रूप में हुई। थानाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने बताया कि रामप्रताप के विरुद्ध विशुनपुरा थाने में पाक्सो एक्ट तथा मुकेश के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है।

# पांच वर्ष में ही महंगी कार से चलने लगे तस्कर

## कभी मुश्किल में गुजर बसर करने वाले तस्कर बन गए अकूत संपत्ति के मालिक

जागरण संवाददाता, तमकुहीराजः नकली नोट के साथ पकड़े गए तस्करों ने अपराध के जरिये खूब संपत्ति बटोरी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कल तक आर्थिक तंगी से जूझ रहे ये तस्कर आज अकूत संपत्ति के मालिक हैं। आठ के पास जहां खुद की लग्जरी गाड़ियां हैं तो वहीं एक ट्रक चलवाता है। कभी साइकिल से चलने वाले तस्करों के कार तक के सफर के बीच सिर्फ पांच साल का वक्त लगा है।

जानकारों के अनुसार मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू खान(राष्ट्रीय सचिव, लोहिया वाहनी सपा) की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिवार मुश्किलों के दौर से गुजर रहा था। अचानक कुछ वर्षों में ही सबकुछ बदल गया और परिवार में संपन्नता आ गई। या यूं कहे कि कठिनाई में गुजर बसर करने वाला यह परिवार एकाएक अमीर बन गया। नौशाद खान (प्रदेश महासचिव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सपा) की भी हालत कुछ ऐसी ही थी। पिता मेहनत कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। आर्थिक तंगी से जूझता यह परिवार भी नौशाद के बल पर कम समय में ही संपन्न हो गया। घर के लोग खुशहाल जीवन यापन करने लगे। मोहम्मद रफी अंसारी, औररंगजेब उर्फ लादेन, शेख जमालुद्दीन, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना, रेहान खान उर्फ सद्दाम, हासिम खान, सेराज हसमति व परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी के साथ भी यही हुआ। सिर्फ पांच-सात वर्षों में ही इन्होंने नकली नोटों के जरिये खूब कमाई की और अमीर बन गए। जानकारों के अनुसार रेहान व हासिम को छोड़ सभी के पास अपना चार पहिया है। पुलिस की नजर अनकी संपत्ति पर भी है। एसपी ने बताया कि तस्करों द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त कराई जाएगी।

आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज अमित शर्मा, तरयासुजान के प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल मनोज पंत, एसओ सेवरही श्रीप्रकाश राय आदि शामिल रहे।

**इनकी हुई है गिरफ्तारीः** मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू खान निवासी तरया रोड थाना तमकुहीराज (राष्ट्रीय सचिव, लोहिया वाहनी सपा), नौशाद खान वार्ड संख्या चार गांधी नगर कस्बा व थाना तमकुहीराज (प्रदेश महासचिव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सपा), मोहम्मद रफी अंसारी निवासी रकबा दुलमापट्टी थाना सेवरही,औररंगजेब उर्फ लादेन निवासी झड़वा थाना तरयासुजान, शेख जमालुद्दीन वार्ड संख्या चार गांधी नगर कस्बा व थाना तमकुहीराज,नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना वार्ड संख्या चार गांधी नगर कस्बा व थाना तमकुहीराज,रेहान खान उर्फ सद्दाम गुदरी मुहल्ला कस्बा व थाना तमकुहीराज, हासिम खान हरिहरपुर थाना तमकुहीराज, सेराज हसमति झड़वा थाना तरयासजान,परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी वार्ड संख्या चार कस्बा तमकुहीराज।



पकड़े गए तस्करों के बारे में जानकारी देते एसपी संतोष कुमार मिश्र बीच में● जागरण

### रील बनाने का शौक

पकड़े गए तस्करों में मोहम्मद रफीक खान उर्फ बबलू खान व नौशाद खान को रील बनाने का भी शौक है। इंटरनेट मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर इनकी कई रील्स मौजूद है। कहीं ये राजनीतिक दलों के कार्यक्रम में पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ हाथ मिलाते दिख रहे तो कहीं असलहे के साथ। इनके रील्स बनाने का मकसद लोगों में प्रभाव दिखाना भी है।

## मुजफ्फरपुर से नकली नोट लाकर यूपी में खपाते थे तस्कर

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज : तस्करों का गिरोह बिहार के मुजफ्फरपुर से नकली नोट की खेप लाकर यूपी-बिहार के सीमावर्ती इलाकों में खपाता था। पकड़े गए तस्करों से हुई पूछताछ में यह बात सामने आई है। तस्करों ने बताया है कि नकली नोट की आपूर्ति करने वाला सरगना बिहार के एक शहर का निवासी है, वह कभी सामने नहीं आया। सहयोगियों के जरिये वह नकली नोटों की खेप मुहैया कराता है। बताया जा रहा है कि तस्करों से अलग-अलग करीब 18 घंटे पूछताछ की गई। मगर, सरगना से जुड़ी जानकारी नहीं मिल पाई। अब तक की छानबीन से यही पता चला है कि तस्करों को हर बार नकली नोट की खेप अलग-अलग लोगों के जरिये उपलब्ध हुई है। सरगना से कभी सीधी मुलाकात नहीं हो पाई। नकली नोट के लिए तस्कर एक नंबर पर फोन कर आर्डर देते, जिसके बाद उन्हें फोन पर ही समय व लोकेशन बता दिया जाता। नकली नोटों की खेप लेकर हर बार कोई नया व्यक्ति आता है। बताए गए समय व स्थान पर पहुंच कर ये खेप लेते और खपाने में जुट जाते। तस्करों से मिले नंबर के आधार पर टीम सरगना तक पहुंचने में जुटी है। उसके पकड़े जाने के बाद ही पता चलेगा कि नकली नोट कहां, कैसे और किन लोगों के द्वारा तैयार की जाती है।

**असली के दोगुणा मिलता है नकली नोट :** पुलिस के अनुसार नकली नोट के कारोबार का हिसाब साफ है। तस्करों द्वारा दी गई रकम के दोगुणा नकली नोट मिलता है। इसको बाजार में चलाकर असली नोट को तस्कर अपने पास रखते हैं। उससे संपत्ति आदि खरीदने आदि का कार्य करते हैं और ऐशो-आराम का जीवन जीते हैं।

# नकली नोट व असलहों के साथ दो सपा नेताओं संग 10 गिरफ्तार

## कुशीनगर का मामला

- यूपी-बिहार की सीमा पर फैलाया था जाल, तमकुहीराज इलाके में हुई धरपकड़
- भारत-नेपाल के नकली नोट, सिम, आधार, एटीएम कार्ड व आठ लैपटाप बरामद

जासं, कुशीनगर : नकली नोटों की तस्करी में लिप्त दो सपा नेताओं समेत दस तस्करों को कुशीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तमकुहीराज इलाके में पकड़े गए तस्करों के पास साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक के नकली भारतीय नोट, तीन हजार के नेपाली नोट, अवैध असलहे, कारतूस व सुतली बम बरामद हुए हैं। तस्करों में शामिल मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू खान सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव तथा नौशाद खान सपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि नकली नोटों के तस्करों की धरपकड़ के लिए सीमावर्ती थानों और साइबर सेल को लगाया गया था। मुखबिर की सूचना पर शनिवार की देर रात छापेमारी कर तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के आधार पर रविवार की रात सात और तस्करों को दबोचा गया। सभी के कब्जे से दो कार, 5.62 लाख रुपये के नकली भारतीय नोट, नकली के बदले मिले 1.10 लाख रुपये के असली नोट, तीन हजार की नेपाली मुद्रा, दस तमंचे, 30 कारतूस, 12 खोखा, तीन उच्च क्षमता के सुतली बम, 13 मोबाइल फोन, 26 फर्जी सिमकार्ड, 10 फर्जी आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड, आठ लैपटाप बरामद हुए। बिहार के सिवान का रहने वाला जितेंद्र यादव, गोपालगंज कुचायकोट का मनीष कुमार सिंह उर्फ छोटू, कमरुद्दीन व एक अज्ञात तस्कर फरार चल रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार रफीक की सरपरस्ती में ही नेपाल के रास्ते जाली नोटों की तस्करी की जा रही थी। गिरफ्तार औरंगजेब वर्ष 2005 में फर्जी प्रमाणपत्र पर पंचायत मित्र बन गया था, जिसे बाद में जांच के बाद निकाल दिया गया। 2016 में वह जिला पंचायत सदस्य और 2021 में ग्राम प्रधान का चुनाव भी लड़ा मगर हार गया। रफीक और परवेज खुद को वकील बताते थे। नौशाद की चश्मे की दुकान है। रफीक पर 11, औरंगजेब पर आठ, परवेज इलाही पर आठ, नौशाद पर चार, शेख जमालुद्दीन पर चार, नियाजुद्दीन पर एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। सभी आरोपित थाना तरयासुजान, सेवरही व तमकुहीराज के रहने वाले हैं। उत्साहवर्धन के लिए पुलिस टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार की घोषणा की गई है। संबंधित खबर » 3



थाने में हाथ जोड़ माफी मांगते तस्कर

### पुलिस ने फर्जी ढंग से फंसाया है : सपा जिलाध्यक्ष

सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी ने बताया कि सपा के दोनों पदाधिकारियों को पुलिस द्वारा फर्जी ढंग से फंसाया गया है। पार्टी को बदनाम करने की साजिश है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

# चोरी के आरोपित दो बदमाशों को ले गई बिहार पुलिस

जागरण संवाददाता, जोकवा बाजार(कुशीनगर) : पड़ोसी प्रांत बिहार के गोपालगंज के कटेया में दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना के दो आरोपितों को बिहार पुलिस रविवार की शाम तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र से पकड़ कर ले गई। पुलिस के अनुसार तुर्कपट्टी के गांव किशुनदासपट्टी के भलुही निवासी अरमान आलम व रंजीत शर्मा, गढ़हिया निवासी प्रिंस ई-रिक्शा से घूम कर बिहार में रेकी कर दिन में ही बंद मकान में चोरी करते थे। कुछ दिन पूर्व बिहार के कटेया थानाक्षेत्र में यह तीनों बंद मकान का ताला तोड़ कर चोरी कर रहे थे, प्रिंस को लोगों ने पकड़ लिया था। कटेया पुलिस शाम को मधुरिया चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार राम, हेड का. संजय सिंह यादव, श्यामसुंदर राम के सहयोग से भलुही चौराहे से अरमान व रंजीत को पकड़ कर साथ ले गई। पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे बिहार में चोरी करते थे। अपने क्षेत्र में भी चोरी कर चुके है।

# कप्तानगंज में फंदे से लटका मिला महिला का शव



कप्तानगंज स्थित चकबंदी चौक पर घटना स्थल का जायजा लेते नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह बाएं से तीसरे ● जागरण

जासं, कप्तानगंज: कस्बा के चकबंदी चौक पर स्थित घर में सोमवार की शाम एक महिला का शव पंखे में फंदे से लटका मिला। नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार सिंह ने घटनास्थल का जायजा लेकर पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया।

कप्तानगंज कस्बा के चकबंदी चौक पर विशंभर कुमार का घर है। वह रोजगार के सिलसिले में सूरत गए हुए हैं। अपराह्न तीन बजे उनकी पत्नी गुंजा का शव फंदे से लटका मिला। उस समय परिवार के सभी सदस्य कहीं गए थे। पड़ोस के लोगों ने बताया कि मृतका की सास बुधिया देवी बगीचे में बकरी चराने गई थी। उसी दौरान घटना हुई। चीखने की आवाज सुन अगल-बगल के लोगों ने फाटक तोड़ा, तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना देने पर पहुंची पुलिस ने जांच की। मृतका की पांच वर्षीय पुत्री सलोनी है। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व बीडीसी व सेल्समैन को कुशीनगर एसओजी ने उठाया

तरकुलवा: क्षेत्र के एक पूर्व बीडीसी व सेल्समैन को सोमवार की शाम कुशीनगर एसओजी ने दो जगहों से उठा लिया और लेकर कुशीनगर रवाना हो गई। शाम को कुशीनगर एसओजी रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के आनंद नगर स्थित एक गाड़ी एजेन्सी के सेल्समैन को उठाया। उसके निशानदेही पर गांव के पूर्व बीड़ीसी को छोटी गंडक नदी के राजघाट पुल के नीचे से उठा लिया। पूछताछ के बाद दोनों को एसओजी लेकर कुशीनगर चली गई। बताया जा रहा है कि सेल्समैन ने चोरी की गाड़ी बीडीसी से 75 हजार रुपये में बेचा था।इस मामले की जांच एसओजी कुशीनगर कर रही है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि दो लोगों को एसओजी कुशीनगर ले गई है।

# तल्ख धूप में बड़ी गंडक नहर पर रेंगते रहे वाहन

## पांच सौ मीटर की दूरी तय करने में लगे आधा घंटे, बाईपास ने बढ़ाई लोगों की दिक्कत

जागरण संवाददाता, पडरौना : सड़कों पर बेतरतीब वाहनों के संचलन व अतिक्रमण से नगरवासियों को जाम से राहत नहीं मिल पा रही है। सोमवार को तल्ख धूप में सुबह नौ बजे से बड़ी गंडक नहर पर जाम की समस्या से लोग जूझते रहे। कसया-पडरौना मार्ग के छावनी से लेकर बड़ी गंडक नगर की लगभग पांच सौ मीटर की दूरी तय करने में लोगों को आधे घंटे से अधिक का समय लग गया।

बाइक पर सवार महिलाएं व बच्चे पसीने से तर-बतर होते रहे। दिनभर चले जाम की वजह से वाहन चालकों को घंटों जाम से दो-चार होना पड़ा।

जिला मुख्यालय से शुरू होने वाला जाम कुबेरस्थान मोड़, कठकुइयां मोड़, सुभाष चौक, रामकोला रोड के अलावा कोतवाली मार्ग, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, डिग्री कालेज, जटहां बाजार मार्ग पर बना रहा। जाम से जूझ रहे लोगों ने यातायात पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया है। बाजार आने वाले लोगों की वजह आए दिन लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ता है।



पडरौना नगर के सुभाष चौक के समीप लगा जाम● जागरण

> अतिक्रमण की वजह से जाम की समस्या बढ़ रही है। शीघ्र ही सड़क की पटरी खाली कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है।
>
> व्यास नारायण उमराव, एसडीएम, सदर

**कहते हैं नगरवासी** : व्यापारी कमलेश वर्मा का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण की वजह से आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इसका प्रशासनिक स्तर पर स्थायी समाधान होना चाहिए। राजेश जायसवाल का कहना है कि बेतरतीब दो व चार पहिया का चलाने वाले भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। पुलिस को चाहिए कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए।

मनोज चौरसिया ने कहा कि सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाने के साथ गलत साइड चलने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि दूसरों को सबक मिले। मनोहर कुमार मोदनवाल ने कहा कि जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन जिम्मेदार है। इस समस्या के समाधान के लिए सार्थक कदम उठाया जाना चाहिए।

यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में अधिक परेशानी ई-रिक्शा व बाइक चालकों की वजह से हो रहा है। शीघ्र ही इसे और चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा।

# दो वारंटी गिरफ्तार

पडरौना। विशुनपुरा थाने की पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों जगरनाथ व मुकेश निवासी बड़हरा खुर्द थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ रामसहाय चौहान, एसआई भगवान सिंह, कांस्टेबल सत्यम राय शामिल रहे। संवाद

# वारंटी दबोचा

पडरौना। रामकोला थाने की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त नान्हू निवासी बड़हरा बाबू दीक्षित टोला थाना रामकोला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस वारंटी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ आनन्द कुमार गुप्ता, एसआई रंजीत सिंह शामिल रहे। संवाद

# एक सप्ताह में ठीक होंगे खराब सीसी कैमरे

जासं, पटहेरवा : क्षेत्र में कई जगहों पर पूर्व में लगाए गए सीसी कैमरा खराब हो गए हैं। उन्हें एक सप्ताह के अंदर ठीक करा दिया जाएगा। जिन सार्वजनिक जगहों पर सीसी कैमरा नहीं है वहां लगवाया जाएगा, जिससे अपराध व अपराधियों पर नजर रखी जा सके।

यह बातें नवागत थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने कही। कहा कि हर छोटी व बड़ी सूचना जनता व जनप्रतिनिधि पुलिस को दें। रात्रि गश्त पर विशेष जोर रहेगा।

# तस्करों का नेपाल कनेक्शन भी खंगाल रही पुलिस

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज: नकली नोटों के तस्करों का नेपाल कनेक्शन भी सामने आया है। इससे इस बात की पूरी संभावना है कि तस्करों के इस गिरोह ने अपना नेटवर्क यूपी-बिहार के साथ साथ नेपाल राष्ट्र तक फैला रखा था। पकड़े गए तस्करों के पास से नकली नोटों की बड़ी खेप के साथ तीन हजार नेपाली मुद्रा के साथ दो सिमकार्ड भी मिला है। ऐसे में पुलिस का फोकस तस्करों के नेपाल कनेक्शन पर भी है।

दरअसल, चार दिन पहले ही महराजगंज जिले के सोनौली बार्डर पर नकली नोट, भारत, की खेप के साथ दो तस्कर पकड़े गए थे। इससे पहले भी भारत-नेपाल सीमा पर नकली नोटों की खेप समय समय पर पकड़ी जाती रही है। बीते शनिवार रात को यूपी-बिहार सीमा पर तमकुहीराज थाना क्षेत्र में नकली नोट व असलहों की खेप के साथ पकड़े गए 10 तस्करों के पास से तीन हजार नेपाली मुद्रा भी बरामद हुई है। तलाशी के दौरान इनके पास से दो नेपाली सिमकार्ड भी मिले हैं। ऐसे में इस बात की संभावना है कि तस्करों का नेपाल कनेक्शन सामने आ रहा है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही नतीजे पर होगी।

जमालुद्दीन के नाम से जारी हुए दो पासपोर्ट, जन्मतिथि में अंतर : पकड़े गए तस्करों में शेख जमालुद्दीन के नाम से दो पासपोर्ट जारी हुआ है। दोनों ही पासपोर्ट में जन्मतिथि अलग-अलग अंकित है। पहला पासपोर्ट 21 फरवरी 1995 को लाखनऊ से जारी हुआ है। इसमें जन्मतिथि दो जुलाई 1972 अंकित है। जबकि दूसरा पासपोर्ट कोलकाता पश्चिम बंगाल से 30 जुलाई 2008 को जारी हुआ है।

# तस्करों की आपसी रंजिश की चर्चा भी रही खूब गरम

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज : नकली नोट के सौदागरों की गिरफ्तारी को जहां पुलिस की एक बड़ी सफलता मानी जा रही वहीं दूसरी ओर इसे आपसी रंजिश का परिणाम बताया जा रहा। क्षेत्र में इस बात की चर्चा खूब होती रही। लोग यह कहते सुने गए कि दावत के बहाने अपने प्रतिद्वंददियों को बुलाने वाले ने ही न सिर्फ पुलिस बुलाकर सबको गिरफ्तार कराया। बल्कि दावत खाने आए लोगों की कार में नकली नोटों के बंडल के साथ असलहों की खेप भी रख दी। चर्चा है कि शनिवार रात तमकुहीराज निवासी एक व्यक्ति ने परिचितों को रात में अपने यहां खाने पर बुलाया। मकान के प्रथम तल पर इंतजाम था। रात करीब 10 .30 बजे खाने-पीने का दौर चल रहा था इसी बीच पहुंची पुलिस ने सभी को पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों की लग्जरी कार की तलाशी लेने पर उसमें अवैध असलहों के अलावा नकली नोटों की गड्डियां भी मिलीं। इस बात में सच्चाई भले ही कम या अधिक हो पर इसकी चर्चा जरूर रही।

# निर्भीक होकर 1090 पर कॉल करें छात्राएं

संवाद न्यूज एजेंसी

**गुरवलिया बाजार।** हेल्प लाइन 1090 पर दी गई सभी सूचनाएं पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती हैं। ऐसे में छात्राएं निर्भीक होकर इस नंबर पर काल कर अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस से मदद ले सकती हैं।

वागीश्वरी रामबासी पीजी कॉलेज गुरवलिया सभागार में सोमवार को महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला हुई। तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि सरकार और पुलिस सभी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर संकल्पित है। महिलाओं से किसी भी प्रकार का अमर्यादित व्यवहार सभ्य समाज के लिए अभिशाप है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में आवागमन के साथ ही कहीं भी मारपीट, छेड़छाड़ आदि की घटनाओं

## वागीश्वरी रामबासी पीजी कॉलेज गुरवलिया में छात्राओं को दी गई जानकारी

पर 1090 या 181 पर काल करें। इसके कुछ समय में पुलिस आपके पास पहुंचकर मदद करेगी। उन्होंने प्रबंधक डॉ. शक्ति प्रकाश पाठक को कॉलेज में शिकायत पेटिका रखने का सुझाव देते हुए थाने का सीयूजी नम्बर सभी छात्राओं को दिया।

कार्यशाला को महिला कांस्टेबल ज्योति झा, अनामिका सिंह, प्रियंका सिंह, ममता कुमारी, उपासना गुप्ता आदि ने संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन डॉ. प्रमोद तिवारी ने किया। इस दौरान योगेश कुमार यादव, सुनील राजभर, राहुल प्रसाद, संजय यादव, डॉ. नीलम त्रिपाठी, मनीषा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अवैध खनन में संलिप्त नाव को जेसीबी से तुड़वाया

**कसया।** तहसील क्षेत्र से गुजर रही छोटी गंडक नदी से अवैध तरीके से बालू खनन की सूचना पर खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने सोमवार को छापा मारा। बालू लदी एक नाव को जेसीबी से तुड़वा दिया। भनक लगते ही धंधेबाज फरार हो गए। कसया तहसील क्षेत्र के परवरपार गांव के बगल से होकर बहने वाली छोटी गंडक नदी में अवैध बालू खनन का धंधा चल रहा था। संवाद

## 40 पैकेट देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गोड़रिया।** विशुनपुरा थाने के इंस्पेक्टर रामसहाय चौहान ने बताया कि रविवार को थाने की पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद झोला लेकर चाफ से बतरौली धुरखड़वा की तरह आ रहा है। पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसमें से 40 पैकेट देसी शराब मिली। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुन्ना कुशवाहा निवासी चाफ दुबौली थाना विशुनपुरा के रूप में हुई है। संवाद

## गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या आदि के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त लक्ष्मण गौड़ निवासी त्रिलोकपुर बुजुर्ग कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ आशुतोष कुमार सिंह, एसआई आकाश गिरी, कांस्टेबल शंखधर राय शामिल रहे। संवाद

# चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**छितौनी।** हनुमानगंज थाने की पुलिस ने तीन शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से दो चोरी की बाइक और 1500 रुपये नकद भी पुलिस ने बरामद किया है। दो शातिर जेल में मिले थे और अपने भौतिक लाभ के लिए लोगों की बाइक व रुपये की चोरी करते थे।

गिरफ्तार आरोपियों में रामप्रताप कुशवाहा निवासी इन्नरपट्टी थाना विशुनपुरा, मुकेश गुप्ता निवासी नगर पंचायत छितौनी बाजार थाना हनुमानगंज और सिकन्दर कुशवाहा निवासी नगर पंचायत छितौनी बड़हरवा टोला थाना हनुमानगंज शामिल हैं। इनमें से रामप्रताप और मुकेश का पहले से ही आपराधिक इतिहास है।

हनुमानगंज एसओ अजय पटेल ने बताया कि हनुमानगंज क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई चोरी की घटनाओं के रोकथाम को लेकर दबिश दी जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पनियहवा रेलवे स्टेशन के पास से तीनों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला कि वे जेल में मिले थे और बाइक चोरी कर उसे बेचने के बाद मिले धन को आपस में बांट लेते थे। संवाद

# कार्रवाई : एएनएम निलंबित, आशा और सेवा संगिनी होंगी बर्खास्त

## बच्चा बेचने का मामला : सीएमओ ने सुपरवाइजर की वेतन वृद्धि रोकी,एमओआईसी को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

संवाद न्यूज एजेंसी

बरवापट्टी। प्रसव के बाद महिला और नवजात को बंधक बनाने और बच्चे को बेचने के मामले में सीएमओ ने दशहवा सीएचसी में तैनात एएनएम को निलंबित कर दिया है।

आशा कार्यकर्ता और आशा संगिनी को बर्खास्त करने के लिए संस्तुति की है। सुपरवाइजर की वेतन वृद्धि रोकने के साथ एमओआईसी को शिथिल प्रर्यवेक्षण के लिए प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। परड़ित हरेश का आयुष्मान कार्ड भी बना दिया गया है।

दुदही ब्लॉक दशहवा गांव निवासी हरेश पटेल की पत्नी को पांच सितंबर को प्रसव पीड़ा हुई तो गांव के पास अवैध तरीके से संचालित खुशी क्लीनिक में भर्ती कराया। नार्मल प्रसव के बाद अस्पताल संचालक तारा कुशवाहा ने पांच हजार रुपये की मांग की।



दशहवा गांव के हरेश पटेल का बन रहा है पीएम आवास। स्रोत-सोशल मीडिया

आर्थिक तंगी से जूझ रहे हरेश ने रुपये बाद में देने की बात कही। इस पर अस्पताल संचालक ने जच्चा-बच्चा को बंधक बना लिया।

आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हरेश बिहार के एक दलाल के माध्यम से पटहेरवा थाना क्षेत्र के रहने वाले भोला यादव को बीस हजार रुपये में नवजात को बेच दिया। मामला उजागर होने के बाद पुलिस-प्रशासन सक्रिय हुआ और गरीबी का लाभ उठाकर बच्चे की खरीद फरोख्त करने वाली अस्पताल संचालिका समेत पांच लोगों पर केस दर्ज कर उन्हें जेल भिजवा दिया। सीएमओ ने जांच के लिए टीम गठित की थी।

जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएमओ ने दशहवा सीएचसी में तैनात एएनएम निहारिका सिंह, आशा कार्यकर्ता सोनी पाल, आशा संगिनी नूरजहां खातून, सुपरवाइजर राजन वर्मा, एमओआईसी डॉ. संदीप कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।

### आनन-फानन में शुरु कराया आवास का निर्माण

बरवापट्टी के दशहवा निवासी पीड़ित हरेश के घर डीएम और एसपी पहुंचे तो सड़क की जमीन पर उसकी झोपड़ी देख दंग रह गए। दुदही ब्लॉक के अफसरों ने बताया कि वर्ष 2020-21 में हरेश को आवास योजना का लाभ दिया गया था, लेकिन उसने रुपये खर्च कर दिए। अफसरों की जांच-पड़ताल की तो मालूम हुआ कि नियम को दरकिनार कर आवास की रकम हरेश को दी गई थी। नियमानुसार प्रथम किस्त से नींव बनने के बाद, दीवार के लिए दूसरी किस्त और छत के लिए तीसरी किस्त मिलती है, जबकि बिना निर्माण कराए ही कमीशन के चक्कर में पूरी रकम दे दी गई थी। हरेश ने बताया कि 1.20 लाख की जगह 70 हजार रुपये ही उसे मिले थे।

# तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। सेवरही थाने की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक की रोककर तलाशी ली। इस दौरान संदिग्ध के पास से एक अवैध तमंचा मिला।

उसके पास से एक बाइक भी बरामद हुई है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। पकड़े गए संदिग्ध की पहचान अनिल कुमार निवासी धोबी घटवा थाना बरवापट्टी के रूप में हुई है। बरामदगी के आधार पर पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ श्रीप्रकाश राय, एसएसआई राजेन्द्र सिंह, एसआई संदीप वर्मा, कांस्टेबल रविप्रकाश सिंह व उपेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# चोरी के मोबाइल फोन के साथ शातिर गिरफ्तार

**पडरौना।** कसया थाने की पुलिस ने चोरी की मोबाइल फोन के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर की पहचान सद्दाम अंसारी निवासी वार्ड नंबर 13 श्रीराम जानकी नगर गोला बाजार थाना कसया के रूप में हुई है। उसके पास से तीन चोरी के मोबाइल बरामद किए गए हैं। पूर्व में भी आरोपी चोरी के कई मामलों में संलिप्त रहा है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय, कुशीनगर चौकी प्रभारी गौरव कुमार शुक्ल, हेड कांस्टेबल साहिल यादव, कांस्टेबल राहुल पांडेय शामिल रहे। संवाद

# पुलिस के सामने भिड़े मनबढ़, शांतिभंग में चालान

**लक्ष्मीगंज।** पंचायत के लिए बुलाए गए क्षेत्र के दो मनबढ़ युवक लक्ष्मीगंज पुलिस चौकी के बाहर निकलकर पुलिसकर्मियों के सामने ही आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दो युवकों समेत सात लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

रामकोला थाना क्षेत्र के रामपुर भाठ गांव के अरमान अंसारी (18) की लालाछपरा गांव में चौराहे पर सैलून की दुकान है। दुकान पर ही किसी बात को लेकर लालाछपरा गांव निवासी असफाक अंसारी (18) से उसका विवाद हो गया। लक्ष्मीगंज पुलिस चौकी पर सोमवार की शाम दोनों को अभिभावकों के साथ

अभिभावकों से पूछताछ शुरू ही की गई थी कि दोनों युवक चौकी से बाहर चले गए और पुलिसकर्मियों के सामने ही एक युवक ने दूसरे को थप्पड़ मार दिया। पुलिस ने दोनों का बीच-बचाव किया। इसके बाद दोनों युवकों समेत दोनों पक्ष के सात लोगों को शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों युवकों समेत सात लोगों का चालान किया गया है। संवाद

# महिला को बेहतर जिंदगी का सब्जबाग दिखा मासूम के साथ बेच दिया, तीन पकड़े गए

## अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस ने महिला को राजस्थान से और बच्चे को बरेली से छुड़ाया

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना (कुशीनगर)। बेहतर जिंदगी का सब्जबाग दिखा एक परिचित ने महिला को झांसे में लेकर उसके चार माह के मासूम बेटे के साथ राजस्थान में बेच दिया। महिला को खरीदने वालों ने बच्चे को साथ रखने से मना कर दिया तो आरोपी बच्चे को बरेली में बेचने की फिराक में लग गए। इसी बीच पति की तहरीर पर अपहरण का केस दर्ज कर पडरौना पुलिस ने इस खरीद-फरोख्त में शामिल तीन आरोपियों को दबोच लिया और महिला और बच्चे को बरामद कर लिया। आरोपियों में एक कुशीनगर और दो बरेली के रहने वाले हैं।

### आरोपियों में दो बरेली और एक कुशीनगर का

पडरौना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक और उसकी पत्नी मजदूरी कर जीवन-यापन करते थे। दोनों का एक बेटा है। उसकी गरीबी का फायदा उठा कर उसके घर आने-जाने वाले विशुनपुरा थाना क्षेत्र के लुअठहा गांव निवासी राधे ने उसकी पत्नी को अपने झांसे में ले लिया। इसके बाद करीब डेढ़ महीने पहले राधे महिला और उसके बच्चे को लेकर राजस्थान गया और वहां एक परिवार को बेच दिया। उस परिवार ने महिला को तो रख लिया पर बच्चे को रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी के दो साथी बच्चे को लेकर बरेली आ गए और वहां बेचने की फिराक में लग गए।

दूसरी तरफ पत्नी के गायब होने पर पति ने 22 सितंबर को एसपी संतोष कुमार मिश्रा को राधे के खिलाफ शक जताते हुए तहरीर दी। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने राधे को कुशीनगर में उसके घर से ही दबोच लिया और उसकी निशानदेही पर महिला को राजस्थान और बच्चे को बरेली से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बरेली जिले के भमोरा के त्रिकुनिया गांव निवासी सुनील और रफियाबाद गांव निवासी सतेंद्र को दबोच लिया है।

### चार-छह माह की गर्भवतियों को बनाते थे निशाना

एसपी ने बताया कि आरोपी चार-छह माह की गर्भवती महिला या युवतियों को शादी का झांसा देकर दूसरे प्रदेशों में बेचते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पुरुष व युवकों की शादी पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार की लड़कियों/महिलाओं से कराते हैं। इसके बदले में उन्हें मोटी रकम मिलती है। जिस किसी महिला का बच्चा होता है या गर्भवती होती है उसे गोपनीय रखकर शादी कराई जाती है। उसके बाद पैदा होने वाले नवजात को बेच दिया जाता है। पुलिस आरोपियों के संपर्क में रहने वाले लोगों की तलाश कर रही है।

# कुशीनगर : असलहों और साढ़े पांच लाख के जाली नोटों के साथ 10 गिरफ्तार

## तमकुहीराज क्षेत्र के रहने वाले हैं सभी आरोपी, फर्जी आधार कार्ड और सिम भी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी



पुलिस की गिरफ्त में जाली नोटों का धंधा करने वाले आरोपी -स्रोत पुलिस

पडरौना (कुशीनगर)। कुशीनगर पुलिस ने 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, अवैध तमंचे और कारतूस के साथ 10 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने सुतली बम, दो लग्जरी वाहन, लैपटॉप, मोबाइल फोन आदि भी बरामद किए। सभी बदमाश तमकुहीराज क्षेत्र के रहने वाले हैं और इनमें से अधिकतर के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन पर असलहा और विस्फोटक के बल पर विवादित जमीन सस्ते में खरीद कर ऊंची कीमत पर बेचने का भी आरोप है। सभी को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जाली नोटों के धंधे में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए तमकुहीराज, तरयासुजान, सेवरही व साइबर थाने की पुलिस टीम गठित की गई थी। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा के नेतृत्व में रविवार को पुलिस टीम ने तमकुहीराज कस्बे के समउर रोड पर जांच के दौरान दो वाहनों में सवार 10 लोगों को जाली नोटों को असली भारतीय मुद्रा में मिलाकर लेन-देन करने व खरीद-फरोख्त करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

बदमाशों से पांच लाख 62 हजार के जाली नोट, इससे परिवर्तित किए गए भारतीय मुद्रा के एक लाख 10 हजार रुपये, तीन हजार नेपाली रुपये, 10 अवैध तमंचे, 30 कारतूस, 13 मोबाइल फोन, 26 सिम कार्ड, 10 फर्जी आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड, आठ लैपटॉप व गाड़ियों को बरामद किया गया। >> संबंधित पेज 3 पर

### ये भेजे गए जेल

समउर रोड से गिरफ्तार बदमाशों में मो. रफीक खान उर्फ बबलू खान निवासी तरया रोड, नौशाद खान निवासी वार्ड नंबर चार गांधी नगर, शेख जमालुद्दीन निवासी वार्ड नंबर चार गांधीनगर, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना निवासी वार्ड नंबर चार गांधी नगर, रेहान खान उर्फ सद्दाम निवासी वार्ड नंबर चार गांधी नगर गुदरी मोहल्ला, परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी निवासी वार्ड नंबर चार गांधी नगर, हासिम खान निवासी हरिहरपुर थाना तमकुहीराज, मो. रफी अंसारी निवासी रकबा दुलमा पट्टी थाना सेवरही, औरंगजेब उर्फ लादेन व सेराज हशमति निवासी झड़वा थाना तरयासुजान शामिल हैं।

# कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म की कोशिश का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** महिला से दुष्कर्म की कोशिश और विरोध करने पर मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला से 27 जुलाई की रात आरोपी घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर महिला की पिटाई कर फरार हो गए। घटना की रात घर में महिला अकेली थी। दूसरे दिन महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

आरोप है कि खड्डा पुलिस कार्रवाई के बजाए सुलह के लिए दबाव बनाने लगी। पीड़ित महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपियों पर घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश का केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# बंद घर में चोरी के मामले में केस दर्ज

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव में बंद घर में की गई चोरी के मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी नंदलाल राय की पत्नी पुष्पा देवी ने तहरीर देकर बताया था कि घर के पुरुष सदस्य बाहर रहकर नौकरी करते हैं। शनिवार को उनके ससुर की श्राद्ध तिथि थी। जब वे घर पहुंचीं तो मेन गेट का ताला तोड़ा गया था और कमरे के भी ताले टूटे हुए थे। महिलाओं के आभूषण, बर्तन, कीमती कपड़े आदि की चोरी की गई थी। महिला की सूचना पर पुलिस घर पर आई थी और छानबीन कर चली गई। संवाद

# एक ही गांव में तेज बुखार से पीड़ित 25 मरीज मिले, स्वास्थ्य टीम ने लगाया कैंप

## नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के हरपुर माफी गांव का मामला, सोमवार को टीम ने किया दौरा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नेबुआ नौरंगिया।** क्षेत्र के ग्राम सभा हरपुर माफी के टोला शोभा छपरा में 25 लोग तेज बुखार से पीड़ित मिले। इसकी सूचना मिलने के बाद गांव आई स्वास्थ्य टीम ने घर-घर पहुंच लोगों से जानकारी ली। इसके बाद कैम्प लगाकर 42 लोगों की जांच की गई। इनमें से कुछ वायरल फीवर से पीड़ित मिले। टीम ने दवा का वितरण कर लोगों से साफ-सफाई रखने की बात कही।

हरपुर माफी गांव के शोभाछपरा टोला में उषा, अंशिका, अलका, खुशबू, मंजू, मोहरत, बदामी, अरुण, शंकर, आर्यंस, आदित्ती, सरीका, अर्पिता, सुखारी, गुंजा समेत 25 लोग बुखार से पीड़ित थे। इसकी जानकारी होने पर नेबुआ नौरंगिया सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रजनीश श्रीवास्तव के निर्देश पर टोले में 10 सदस्यीय स्वास्थ्य टीम पहुंची।

टीम ने पहले घर-घर जाकर लोगों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इसके बाद कैम्प लगाकर उषा, करण, प्रियांशु, प्रदुमन, इसरावती, मंजू, रामचंद्र, रामसवारे, तुलसी, प्रमोद, अंजनी, सेवक, मोहरत, आयुष, बदामी, सोनम, राजकुमार, प्रताप, पारस, बृजनंदन, अनुष्का, सुमित्रा, जानवती, इंद्रजीत, सोहन, आरती, गायत्री, इजरायल, अंशिका, आदित्य, आयुष, शंकर, गोविंद, आदित्य, चुलबुल, मंजू, माधुरी, सुमित्रा, सुधा, आनंद आदि की जांच की गई। बुखार से पीड़ित मरीजों को दवा देकर बचाव का सुझाव दिया गया। गरम पानी पीने व मच्छरदानी का प्रयोग करने के साथ ही विशेष रूप से साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम गई थी।

### स्वास्थ्य शिविर में 250 लोगों की हुई जांच, दी गईं दवाएं

**मंसाछापर।** विशुनपुरा ब्लॉक के बसडीला गांव के पंचायत भवन के सभागार में सोमवार को अखिल भारतीय साहू महासभा की ओर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 250 लोगों की जांच की गई और निशुल्क दवा का वितरण किया गया। डॉक्टरों ने लोगों को भीषण गर्मी से बचाव और सही खानपान के बारे में जानकारी दी। डॉ. आशा गुप्त, डॉ. किशोर सिंह ने शिविर में आये लोगों के सेहत की जांच की। डॉ. किशोर ने कहा कि सही खानपान और अनियमित दिनचर्या को ठीक करना होगा। संवाद

### मरीजों की जांच कर दवाओं का किया गया वितरण

**तमकुहीरोड।** आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर सोमवार को सेवरही सीएचसी पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया गया। शिविर का सेवरही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिली है और इसका लाभ गरीब मरीजों को मिल रहा है। संवाद

### स्वच्छ नगर से ही प्रदूषण मुक्त वातावरण होगा विकसित

**कसया।** स्वच्छता ही सेवा के तहत 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगरपालिका कुशीनगर के परिसर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। 250 सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें स्वच्छ रहने की सलाह दी गई।सोमवार को नगरपालिका परिषद कुशीनगर की ओर से आयोजित शिविर में आवास, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। संवाद

# पत्नी और बच्चों की हत्या का आरोपी दोष मुक्त

**पडरौना।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर दो सत्यपाल सिंह प्रेमी की न्यायालय ने आरोपी कमरुद्दीन निवासी दुदही सुराजी बाजार थाना विशुनपुरा जिला कुशीनगर को हत्या के मामले में सोमवार को बरी कर दिया है।

**अदालत से**

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही सुराजी बाजार के चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने 2 दिसंबर 2014 को सुबह सात बजे पुलिस को सूचना दी कि कमरुद्दीन पुत्र जंगी के घर का दरवाजा बाहर से बंद है। दरवाजे पर भीड़ है। पता करने पर मालूम हुआ कि कमरुद्दीन अपनी पत्नी अफसाना व दो बच्चों की हत्या कर दी है। शव कमरे में पड़ा है और कमरुद्दीन मौके से फरार है। पुलिस ने चौकीदार की तहरीर पर केस दर्ज किया। पुलिस ने विवेचना के बाद कमरूद्दीन के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामला सत्र न्यायालय को सुपुर्द किया गया। इसका विचारण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर दो सत्यपाल सिंह प्रेमी की कोर्ट में हुआ। साक्ष्य के अभाव में कमरुद्दीन को कोर्ट ने बरी कर दिया। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा

**निचलौल।** निचलौल-झुलनीपुर मार्ग पर बीते 18 सितंबर को सड़क हादसे में युवक की हुई मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कोठीभार के ग्राम रजवल मदरहा निवासी मनीष मल्ल ने तहरीर में बताया गया है कि उसका भाई अभिषेक उर्फ सानू मल्ल बाइक पर महिला को बैठाकर नेपाल की तरफ से आ रहा था। ग्राम करमहिया के सामने अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उसकी बाइक में ठोकर मार दिया। उसे इलाज के लिए निचलौल सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बाल सुरक्षा व मानव तस्करी की रोकथाम पर की गई चर्चा

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा कस्बे के छपवा बाईपास पर स्थित क्राइस्ट द किंग स्कूल में सोमवार को पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति द्वारा नव ज्योति महिला संघर्ष मंडल की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसबी एएचटीयू, एंटी रोमियो टीम के सदस्य एवं एनजीओ के लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान बाल सुरक्षा एवं मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर चर्चा की गई।

एसएसबी 66वीं वाहिनी के एएचटीयू प्रभारी रगेश कुमार ने बाल सुरक्षा एवं मानव तस्करी रोकने को लेकर जानकारी दी। नौतनवा के एंटी रोमियो टीम के सदस्य अनुराधा चौहान एव रंजना चौहान ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा पर फोकस करते हुए हेल्पलाइन नंबर पुलिस 112, महिला हेल्प लाइन1090, साइबर क्राइम 1930 के बारे में जानकारी दी। बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी रोकने के विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति शाखा नौतनवा के प्रभारी फादर मैथ्यू ने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि अपने [illegible] ं ब[illegible] को शिक्षा के प्रति रुचि [illegible] उ[illegible] आसपास के विद्यालयों में बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। इस दौरान माया देवी,श्रवण कुमार, सुनील कुमार, पुष्पा देवी, अंशु सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

# आभूषण चोरी के आरोप में केस

निचलौल ।निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम अमड़ा उर्फ झुलनीपुर के टोला सेमरहना निवासिनी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मीरा देवी पत्नी रामानंद द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बेटी की शादी जगदौर गांव में हुई है। कुछ दिन पहले गांव के कुछ लोग रात में उसके घर से आभूषण और नगदी रकम चुरा ले गए। इसके बारे में पूछने पर इन लोगों द्वारा विवाद किया जा रहा है इस मामले में पुलिस ने महेश, रविंद्र, सूरज और दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# इरफान हत्याकांड का तीसरा आरोपी दबोचा

**भिटौली।** भिटौली क्षेत्र के बरगदही निवासी इरफान हत्याकांड के तीसरे आरोपी कम्हरिया निवासी वारिस अली को पुलिस ने छपिया पुल से गिरफ्तार कर लिया। एसओ दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# वन अधिनियम के तहत एक गिरफ्तार

घुघली। घुघली थाने में दर्ज वन संरक्षण अधिनियम के एक मामले में पुलिस ने वांछित मेदनीपुर निवासी राधे को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में जखिरा चौकी प्रभारी रमेश पुरी, हेड कांस्टेबिल अभय कुमार शामिल रहे।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में बिक रहीं हैं नशीली दवाएं

खनुआ। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के सर्दी इलाकों में कुछ दुकानें बिना वैध कागजात के चल रही हैं। इन मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाओं की खरीद फरोक होने के आरोप लग रहे हैं।

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित हरदी डाली, खनुआ, सुंडी, शेखफरेदा केवटलिया, भगवानपुर, रतनपुर सहित अन्य जगहों पर मेडिकल स्टोर की संख्या अधिक है। लोगों के मुताबिक कई दुकानें तो बिना वैध कागजात के चल रही है। मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाएं नेपाल में एसएसबी व पुलिस को चकमा देकर भेज दी जा रही है। इससे युवाओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। एसडीएम नौतनवां नन्द प्रकाश मौर्य का कहना है कि ऐसे मामले की जानकारी नहीं है।

# पुलिस ने महिला समेत दो को किया गिरफ्तार

पुरंदरपुर। पुरंदरपुर एसओ पुरुषोत्तम राव ने अपनी टीम के साथ वांछित महिला समेत दो आरोपियों को सिंहपुर थरौली टोला खुड़खुड़िहवा स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया कि दोनों का न्यायालय चालान कर दिया गया है।

# कोर्ट के आदेश पर चार पर मुकदमा

नौतनवा। न्यायालय के आदेश पर नौतनवा पुलिस ने कस्बे के सिद्धार्थनगर निवासी दो नामजद एवं दो अज्ञात पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

कस्बा सिद्धार्थनगर निवासी लाल बहादुर ने न्यायालय में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि बीते 13 मार्च को वह मोहल्ले के निवासी ज्ञानेश सिंह के मकान में किराए पर था। उसी रात वह एक शादी कार्यक्रम में गया हुआ था। ज्ञानेश सिंह रात में ही मकान खाली का दबाव बनाने लगे और बिजली का कनेक्शन काट दिया। जब वह पहुंचा तो उसने 112 डायल को सूचना देकर बुलाया गया। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर उसने मकान खाली कर दिया। उसका एडवांस 50 हजार जमा था और 30 मार्च को देने का वादा किया गया। पैसा देने के लिए बुलाया गया, लेकिन उसके साथ मारपीट की गई। एसओ धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर ज्ञानेश सिंह, प्रशांत सिंह व दो अज्ञात पर केस दर्ज हुआ है।

# घर से जेवर व नकदी चोरी में पांच पर मुकदमा

**थाना क्षेत्र के अमड़ा उर्फ झुलनीपुर का मामला, पीड़िता ने लगाया घर में घुसकर सोना चांदी व नकदी चुराने का आरोप**

जागरण संवाददाता, निचलौल: थाना क्षेत्र के अमड़ा उर्फ झुलनीपुर टोला सेमरहना में घर से सोना चांदी व नकद रुपये ले जाने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी को दिए गए तहरीर में मीरा देवी ने बताया कि उनकी पुत्री शशिकला पांडेय की शादी जगदौर थाना सिंदुरिया में हुई थी। वह अपने मायके में ही रहती है। 25 अगस्त को रात 12 बजे सुमन, महेश, रविंद्र, सूरज और द्रोपदी उसके घर में रखा सारा सामान सोना चांदी व नकद 40 हजार रुपये घर से उठा ले गए। रोकने पर सभी लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुमन, महेश, रविंद्र सूरज ,द्रोपती देवी निवासी अमड़ा उर्फ़ झुलनीपुर टोला सेमरहना के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

# 108 पीस साड़ी बरामद

खनुआ। सोनौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोनौली एसएसबी रोड के पास से लावारिस साड़ी बरामद किया है। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि सोनौली एसएसबी रोड के पास साड़ी रखी गई है। इसे नेपाल भेजे जाने की फिराक में आरोपी हैं। टीम पहुंची तो 108 पीस साड़ी बरामद हुई। लेकिन आरोपी फरार हो गया। बताया कि बरामद साड़ी को कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सौंप दिया गया है।

# फरियादियों व पुलिस में धक्का मुक्की के मामले की जांच शुरू

**फॉलोअप**

- नौतनवा थाने में धक्का-मुक्की का वायरल हुआ है वीडियो
- महिला की नाबालिग बेटी ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र
- थाने में दौड़ाकर मारने-पीटने का लगाया आरोप

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा थाने में रविवार को फरियादी एवं पुलिस के बीच हुई धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल होने के बाद संपतिहा पुलिस चौकी के जिम्मेदारों पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। मामले की जांच के लिए एसपी ने सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी को निर्देशित कर रिपोर्ट तलब किया है। सीओ ने वायरल वीडियो के जरिये लगाए जा रहे आरोपो की जांच शुरू कर दी है। इसी बीच महिला की नाबालिग बेटी ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर संपतिहा चौकी इंचार्ज एवं दो अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा थाने बुलाकर दौड़ा-दौड़ाकर मारने पीटने का आरोप लगाया है।

पति-पत्नी का विवाद रविवार को थाने पहुंचा तो पुलिस की कार्रवाई के बीच अचानक अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इस दौरान पुलिस और फरियादियों के साथ धक्का मुक्की का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। इसके बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। उच्च अधिकारियों तक मामला संज्ञान में आया तो एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि जांच के लिए सीओ को जिम्मा सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से लकमी सिंह का उनके पति चंद्रमा सिंह के बीच किसी मामले को लेकर विवाद चल रहा था। मामला संपतिहा चौकी पर पहुंचा लेकिन निस्तारण नहीं किया जा सका। इसी को लेकर दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया था।

> उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही सत्यता सामने आ जाएगी। जांच रिपोर्ट एसपी को भेज दी जाएगी।
>
> **-जयप्रकाश त्रिपाठी,** सीओ नौतनवा

# एक वारंटी गिरफ्तार

सिन्दुरिया। सिन्दुरिया क्षेत्र के रामपुर मीर से पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। एसओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि उनके साथ एसआई साकिर सिकंदर अली व आयुष राय ने आरोपी जंगली को उसके घर से गिरफ्तार किया।

# कोर्ट के आदेश पर चार पर मुकदमा

**नौतनवा।** न्यायालय के आदेश पर नौतनवा पुलिस ने कस्बे के सिद्धार्थनगर निवासी दो नामजद एवं दो अज्ञात पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

कस्बा सिद्धार्थनगर निवासी लाल बहादुर ने न्यायालय में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि बीते 13 मार्च को वह मोहल्ले के निवासी ज्ञानेश सिंह के मकान में किराए पर था। उसी रात वह एक शादी कार्यक्रम में गया हुआ था। ज्ञानेश सिंह रात में ही मकान खाली का दबाव बनाने लगे और बिजली का कनेक्शन काट दिया। जब वह पहुंचा तो उसने 112 डायल को सूचना देकर बुलाया गया। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर उसने मकान खाली कर दिया। उसका एडवांस 50 हजार जमा था और 30 मार्च को देने का वादा किया गया। पैसा देने के लिए बुलाया गया, लेकिन उसके साथ मारपीट की गई। एसओ धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर ज्ञानेश सिंह, प्रशांत सिंह व दो अज्ञात पर केस दर्ज हुआ है।

# मामलों के निस्तारण की दी गई जानकारी

बृजमनगंज। बृजमनगंज थाना में प्रशिक्षण के लिए तैनात उपनिरीक्षकों को सोमवार को थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने आपराधिक मामलों के निस्तारण में अपनाई जाने वाली तरीको बारीकी से समझाया। लगभग आधे दर्जन से अधिक प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को घटनास्थलों पर ले जाकर ऑनसाइट प्रशिक्षण दिया गया। घटनास्थल पर मौके का नक्शा बनाना, घटना से जुड़े लोगों के एंटी क्लॉक और क्लॉकवाइज साथियों की जानकारी को इकट्ठा करना बताया गया। अमित कुमार राय, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह, आलोक यादव, गौरव कुमार, दीपक, प्रिया वर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# न्यायालय के आदेश पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

जासं, नौतनवा : स्थानीय पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर नौतनवा निवासी दो नामजद समेत चार व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय कस्बे के सिद्धार्थ नगर वार्ड निवासी लाल बहादुर ने न्यायालय में याचिका दायर कर कुछ लोगों पर गत 30 मार्च को कस्बे के भुंडी मोहल्ला में बुलाकर उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट कर 50 हजार रुपये लूट लेने तथा धमकी देने का आरोप लगाया था। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश प्रिया नागर ने नौतनवा पुलिस को अभियोग पंजीकृत कर जांच करने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार ज्ञानेश सिंह एवं प्रशांत सिंह निवासी सिद्धार्थनगर कस्बा नौतनवा व दो अज्ञात के विरुद्ध गाली, मारपीट, धमकी व लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

# प्राण घातक मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

जासं, आनंदनगर: प्राणघातक हमले में पुरंदरपुर के सिंहपुर थरौली टोला खुडखुड़ी अहवा निवासी एक दंपती के विरुद्ध सीजेएम न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसक्रम में पुलिस ने सोमवार को पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। गांव निवासी रामधनी व उनकी पत्नी चानमती प्राण घातक हमले की घटना में आरोपित है। दंपती ने पूर्व में न्यायालय में हाजिर होकर जमानत करा लिया था। लेकिन जमानत कराने के बाद कभी न्यायालय में हाजिर नहीं हुए।

# बाइक सवार को ठोकर मारने वाले दो आरोपितों का किया चालान

जासं, महराजगंज : सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के सक्सेना चौक पर रविवार की रात में बाइक सवार को कार से ठोकर मारने और विवाद करने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपितों का शांतिभंग में चालान कर दिया है। साथ ही दुर्घटना के मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

सदर कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि रविवार की रात साढ़े 10 बजे फरेंदा रोड पर कार सवार युवकों ने गबडुआ गांव के रहने वाले अरशद और रफीक की बाइक को ठोकर मार दिया था। इस हादसे में कार भी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। लेकिन घटना के बाद कार सवार आरोपित उलझ गए और विवाद करने लगे।

जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने लाई, दोनों आरोपितों की पहचान घुघली कस्बा निवासी अग्निवेश और शाहजहांपुर के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के बहादुरगंज निवासी पवन मिश्रा के रूप में हुई है। इस मामले में अरशद की तहरीर पर दोनों के विरुद्ध दुर्घटना और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया और दोनों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

# सामूहिक दुष्कर्म : होटल तक पहुंची पुलिस की जांच

- आरोपितों व पीड़िता के बयान की हो रही गहना से जांच
- आधी रात में हुए विवाद के खंगाले सीसी टीवी फुटेज
- आरोपितों व युवती ने होटल में फर्जी नाम से कराई थी बुकिंग

जागरण संवाददाता, खनुआ/भैरहवा (नेपाल ): नेपाल के भैरहवा कस्बे के होटल में एक भारतीय युवती के साथ चार भारतीयों व दो नेपाली नागरिकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का मामले में नेपाल पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। पीड़िता व आरोपितों के अलग-अलग बयान लेने के बाद पुलिस सोमवार को उस होटल में पहुंची। जहां सामूहिक दुष्कर्म की कथित घटना को अंजाम दिया गया था। होटल संचालक से घंटों पूछताछ के बाद सीसी कैमरों को भी खंगाला।

जांच के दौरान यह बात भी सामने आई है कि आरोपित व युवती ने 20 सितंबर की शाम होटल में फर्जी नामों से प्रवेश किए थे। जिस कमरे में कथित सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम दिया वहां शराब व बीयर की बोतलें भी बरामद हुई।

पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है आरोप लगाने वाली युवती का बैकग्राउंड क्या है। । पुलिस ने आरोपित युवती के इंटरनेट मीडिया पर नाचते गाते पोस्ट की गहनता से जांच की।

जिसमें से कुछ पोस्ट नेपाल के होटलों के प्रतीत हुए। युवती को नेपाल कौन लेकर आया था। इस बाबत भैरहवा पहुंचे युवती के स्वजन से भी पूछताछ जारी है। हालांकि इस दौरान नेपाल पुलिस द्वारा मामले को दो दिन बाद सार्वजनिक करने, 10 लाख रुपए में सुलह करने व मामले में सोनौली सीमा पर तैनात भारतीय प्रशासन द्वारा घटना में संलिप्त भारतीय पीड़िता व आरोपितों के पहचान की पुष्टि के समन्वय स्थापित न करने जैसी बातों ने नेपाल पुलिस की कार्य प्रणाली को सवालों के घेरे में ला दिया था।

लेकिन पुलिस कार्यप्रणाली पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए रूपन्देही के एसपी रंजीत सिंह राठौर ने बताया की पुलिस पूरी निष्पक्षता के साथ मामले की जांच में जुटी है।

जरूरत पड़ने पर भारतीय प्रशासन से मदद मांगी जाएगी। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि भारतीय युवती से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में नेपाल पुलिस ने पीड़िता व भारतीय आरोपितों के पहचान पुष्टि के लिए कोई जानकारी नहीं मांगी हैं।

मामले की जांच के लिए भारतीय पुलिस हर संभव मदद देने के लिए तैयार है।

# भूमि विवाद में पीटा, टीनशेड तोड़ा

निचलौल। क्षेत्र के बैदौली गांव में भूमि विवाद में कुछ दबंगों ने एक महिला पर लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें महिला समेत दो लोग घायल हो गए।

इतना ही नहीं दबंगों ने महिला का टीनशेड भी तोड़ डाला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

बैदौली निवासी पीड़िता चंद्रावती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका कुछ दबंग लोगों से भूमि विवाद चल रहा है। उसी रंजिश में शनिवार शाम करीब सात बजे लाठी-डंडों के साथ गोलबंद होकर उनके दरवाजे पर पहुंचे औरउन्हे, बेटे तथा बहु की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे रामकेवल को भी घायल कर दिया। संवाद

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

जागरण संवाददाता, निचलौल: थाना क्षेत्र के बैदौली में मारने-पीटने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी को दिए गए तहरीर में चंद्रावती देवी ने बताया कि 21 सितंबर को शाम सात बजे उसके गांव के ही राममिलन, मोनू कृष्ण मोहन पुरानी रंजिश को लेकर मेरे घर आकर मुझे मेरे बेटे और बहू को मारने-पीटने लगे और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर मेरे घर में  लगे कटरैन को गिरा दिए और मोबाइल भी तोड़ दिए। पुलिस ने राम मिलन, मोनू, कृष्ण मोहन निवासी बैदौली के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# हत्यारोपित गिरफ्तार

जासं, भिटौली: पांच सितंबर दिन गुरुवार की रात कमहरिया खुर्द में बहन शाहिन सुल्तान के घर से दावत खाकर आ रहे बरगदही निवासी इरफान की पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। हत्या के तीसरे अभियुक्त वारिश अली को 23 सितंबर दिन सोमवार दोपहर छपिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया हत्या के अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है। बाकी पांच के गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है।

# धमकी देने वाले का असलहा जमा

महराजगंज। सक्सेना चौक के पास बाइक सवार को ठोकर मारने के बाद राइफल निकालकर धमकी देने वाले का राइफल सदर कोतवाली की पुलिस ने जमा करा लिया है। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर चालान कर दिया। साथ ही कार सीज दिया।

रविवार को देर शाम नगर के सक्सेना चौक पर एक कार सवार ने बाइक को ठोकर मार दिया, जिससे बाइकसवार दो युवक घायल हो गए थे। कार भी डिवाइडर से टकरा गई थी। हादसे के बाद जब लोगों ने वाहन को घेर लिया तो आरोपी ने राइफल निकालकर गोली मारने की धमकी दी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा व सवार सहित कार थाने ले गई। पूछताछ के बाद कार चालक नन्हे परदेसी उर्फ पवन मिश्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# मारपीट में चार पर केस दर्ज

**नौतनवा।** न्यायालय के आदेश पर नौतनवा पुलिस ने लालबहादुर की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ विश्वासघात करने, मारपीट करने, धमकी देने तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। सिद्धार्थनगर मोहल्ले के लालबहादुर ने बताया कि वह ज्ञानेश सिंह के मकान में किराए पर रहते थे।

13 मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम में गए थे। उसके आवास पर बाबा एवं 15 वर्ष की बेटी थी। उनके घर लौटने में देर होने पर ज्ञानेश सिंह घर के बाहर से ताला लगा दिए और उनके आवास की बिजली काट दिए। जानकारी मिलने पर पहुंचा तो वह रात 11 बजे मकान खाली करने का दबाव बनाने लगे। डायल 112 पुलिस को फोन किया तो मौके पर पुलिस आई, लेकिन ज्ञानेश सिंह नहीं माने और मकान खाली करा दिया। 30 मार्च को भुंडी बाईपास पर ज्ञानेश सिंह ने उन्हें बुलाया और मारपीट की। संवाद

# रोहिन नदी में डूबी बालिका का उतराया मिला शव



रिशा सहानी के रोते बिलखते परिजन। स्रोत-सोशल मीडिया

नौतनवा। रोहिन नदी में डूबी बालिका का शव सोमवार को कांधपुर दर्रा के पास उतराया मिला। भैंस चरा रहे लोगों ने देखा तो शोर मचाया।

पुरंदरपुर क्षेत्र के गांव टेढ़ी निवासी हरिराम सहानी की 11 वर्षीया बेटी रिशा सहानी गांव की अन्य बालिकाओं सीमा, अनामिका, निशा के साथ रविवार की शाम रोहिन नदी में नहा रही थी। इस दौरान रिशा सहानी गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगी साथ बालिकाओं ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह नदी की तेज धारा में डूब गई। सोमवार को दोपहर में कांधपुर दर्रा में नदी के किनारे भैंस चरा रहे लोगों ने बच्ची का देखा तो शोर मचाया।

मौके पर पहुंचे परिजनों शव की शिनाख्त रिशा साहनी के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संवाद

# कार वापस न देने पर केस दर्ज

**महराजगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जयप्रकाश नगर निवासी सतीश जायसवाल एक व्यक्ति पर अपनी कार वापस न देने का आरोप लगाया था। सीजेएम के आदेश पर केस दर्ज हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि 15 सितंबर को सुबह में राजीव निवासी कृत पिपरा ने हमारे घर से कार मांग कर ले गए थे। चार दिन मांगने पर गाली गलौज देने पर आमादा हो गया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की थी, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ था। न्यायालय के आदेश पर आरोपी राजीव के खिलाफ केस दर्ज होने की पुष्टि प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने दी। संवाद

# मारपीट के मामले में केस दर्ज

**महराजगंज।** सदर कोतवाली की पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। सियरहीभार थाना श्यामदेउरवा निवासी इरफान अली ने तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने मित्र सफीउल्लाह निवासी बरगदही को बाइक से बभनौली रोड होते हुए दीवानी न्यायालय महराजगंज मुकदमा देखने 17 सितंबर को जा रहे थे। ग्राम बासपार के पास महमूद अली निवासी कुछ लोगों से मुकदमा सफीउल्लाह से चलता है वह लोग चारपहिया गाड़ी से आकर बाइक रोक लिए। सफीउल्लाह को गाली देते हुए पिटाई कर दी। संवाद

# चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**बृजमनगंज।** मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने रूंधती देवी निवासी दुबौलिया टोला मंगरेपुर निवासी गीता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि दो दिन पहले वह लेहड़ा स्टेशन से दवा खरीद कर घर जा रही। रास्ते में रोककर कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गीता, अमेरिका, अखिलेश व इशरावती निवासीगण दुबौलिया के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## धमकी देने के मामले में पांच के खिलाफ केस दर्ज

निचलौल। क्षेत्र के अमडा उर्फ झुलनीपुर गांव के टोला सेमहरना निवासी एक महिला के घर से कुछ लोग सामान उठा ले गए। पूछने पर महिला को धमकी देने लगे। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सोमवार को पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज ली। थाना प्रभारी गौरव कन्नौजिया ने बताया की अमडा उर्फ झुलनीपुर टोला सेमहरना निवासी मीरा देवी की तहरीर के आधार पर आरोपी सुमन, महेश, रविंद्र, सूरज और द्रौपती के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

निचलौल। क्षेत्र के झुलनीपुर नहर मार्ग स्थित करमहिया गांव के पास बीते दिनों हुई सड़क हादसे में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सोमवार को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव कन्नौजिया ने बताया की पीड़ित नाजिर निवासी करमहिया की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## 30 बोतल नेपाली शराब बरामद

ठूठीबारी। क्षेत्राधिकारी निचलौल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि लक्ष्मीपुर खुर्द के नो मेंस लैंड से गंडक नदी की तरफ जाने वाले चकरोड के पास से रमेश साहनी निवासी डिगही थाना ठूठीबारी गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 30 बोतल नेपाली शराब बरामद हुआ। आरोपी का चालान कर दिया गया। संवाद

## 108 पीस साड़ी बरामद

खनुआ। सोनौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोनौली एसएसबी रोड के पास से 108 पीस साड़ी बरामद किया। बाद में नौतनवा कस्टम को सौंप दिया है। यह जानकारी सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने दी। संवाद

# धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी को जेल

**सिंदुरिया।** स्थानीय थाना की एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया था। केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। सोमवार को आरोपी हबीब अंसारी निवासी अमतहां टोला परसाचक गोबरही को भागाटार तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# किशोरी को भगाने पर केस दर्ज

**भिटौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को पास के गांव का ही एक युवक भाग ले गया। किशोरी की मां ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के अनुसार, किशोरी किसी जरूरी सामान को खरीदने गई थी। आरोपी युवक बहला फुसलाकर कहीं भाग ले गया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने आरोपी पर केस दर्ज करने की पुष्टि की। संवाद

# इरफान हत्याकांड का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**भिटौली।** क्षेत्र के बरगदही निवासी इरफान हत्याकांड में आरोपी कमहरिया निवासी वारिस अली को सोमवार को छपिया पुल से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। हत्याकांड के बाद छह आरोपी फरार चल रहे हैं जिसमें उक्त आरोपी भी शामिल है। यह जानकारी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने दी। संवाद

# किशोरी की तस्वीर वायरल करने वाले पर केस

**महराजगंज।** सदर कोतवाली की पुलिस ने एक किशोरी की तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने व किशोरी के घर वालों के खिलाफ धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर किशोरी की मां की तहरीर पर दर्ज किया गया है। कोतवाल मनोज कुमार राय के अनुसार केस दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है। संवाद

# तीन दिन महोत्सव के रंग में रंगे रहेंगे जनपदवासी

## स्टार कलाकारों के आने से मिलेगा भरपूर मनोरंजन का मौका, जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज मैदान में निर्धारित है कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जनपद के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले महोत्सव की तैयारियां अंतिम दौर में है। एक से तीन अक्तूबर तक जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज के मैदान में महोत्सव होगा। जनपदवासियों को महोत्सव के रंग में रंगने की पूरी तैयारी है। महोत्सव में चार स्टार कलाकार आएंगे।

अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज वर्मा ने बताया कि महोत्सव में जनपद के स्कूलों की भी सहभागिता रहेगी। एकल और समूह नृत्य के अलावा विज्ञान क्विज, रंगोली, विज्ञान प्रदर्शनी, राष्ट्रभक्ति पर आधारित एकांकी के जरिए स्कूली बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए स्क्रीनिंग का कार्य सक्षम अधिकारियों की देखरेखा में पूर्ण कराया जा रहा है।

महोत्सव में जिले के सभी सरकारी विभाग अपने विभागों का स्टाल लगाकर संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। कृषि, उद्यान, सौर उर्जा के स्टाल आकर्षण का केंद्र होंगे। रात के समय लेजर लाइट शो का आयोजन भी किया जाएगा।

आजीविका समूह की महिलाएं अपना स्टाल लगाएंगी। एक जिला एक उत्पाद में शामिल फर्नीचर उद्योग भी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेगा। विभिन्न आकृतियों के फर्नीचर प्रदर्शित कर कारीगर अपनी ब्रांडिंग करेंगे। बाल विवाह, छुआछूत, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, प्रदूषण नियंत्रण, यातायात नियम आदि विषयों पर लोगों को जागरूक करने के लिए क्षेत्र से संबंधित हस्तियों व संगठनों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

महोत्सव पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त रहेगा तथा किसी भी तरह की प्लास्टिक की वस्तुओं और सामग्री का प्रयोग वर्जित रहेगा। वाटर प्रूफ पंडाल में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेंगे। महोत्सव के तीनों दिन के कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण जिलाधिकारी के फेसबुक पेज पर यूट्यूब चैनल पर भी दिखाया जाएगा, जिससे घर रहकर भी लोग महोत्सव का लुत्फ उठा सकें।

### बी प्राक लगाएंगे आयोजन में पंजाबी तड़का

महोत्सव में इस बार स्टार कलाकारों की प्रस्तुतियां खास आकर्षण का केंद्र होंगी। भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी मृदुल के आगमन की संभावना उद्घाटन सत्र में पहले दिन है। अक्षरा सिंह के अलावा पश्चिम बंगाल की पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर का अंदाज भी लोगों के सिर चढ़ कर बोलेगा। महोत्सव में पंजाबी तड़का लगाने का कार्य बी प्राक करने वाले हैं, जिन्होंने अभिनेता अक्षय कुमार के साथ भी कार्य किया है और पंजाबी गायक के रूप में ख्यातिलब्ध हैं।

### खान-पान के जरिए रहेगा स्वाद घोलने का इंतजाम

महोत्सव में खान-पान के व्यापक प्रबंध रहेंगें। विभिन्न स्टालों के माध्यम से तरह-तरह के जायके का लुत्फ लोग उठा सकेंगे। लिट्टी चोखा, पोहा, चूरमा, इडली डोसा, मूंग का हलवा, वेज बिरयानी, मिलेट्स उत्पाद, रबड़ी, दही, कचौड़ी, मोमोज, चाउमीन, मैगी, फिंगर चाट, भेल, समोसा, चना जोर गरम, गोलगप्पा इमरती, मंचूरियन सहित अन्य खाद्य पदार्थों के स्टाल महोत्सव में लगेंगे जो विभिन्न वृक्ष के पत्तों पर खाद्य सामग्री सर्व करेंगे। चाय, लस्सी व विभिन्न स्वाद वाला सूप कुल्हड़ में सर्व किया जाएगा।

# चाइनीज आम संग एक पकड़ा

**सोनौली।** एसएसबी 22वीं वाहिनी ने भारत नेपाल सीमा सोनौली बॉर्डर के श्यामकाट बगीचे के पास एक पिकअप में लोड चाइनीज आम के साथ चालक को पकड़ लिया। बाद में कस्टम के सुपुर्द कर दिया।

सोमवार की दोपहर सोनौली कोतवाली क्षेत्र के श्यामकाट बगीचा के पास एसएसबी जवान गश्त कर रहे थे। इस दौरान श्याम काट गांव की तरफ से एक पिकअप निकला। जवानों ने रोककर जांच की तो उसमें चीन का आम बरामद हुआ।

पूछताछ में पता चला कि साइकिल से नदी किनारे पगडंडी से सीमावर्ती गांव में रखा गया था।



पकड़ा गया आरोपी। स्रोत-एसएसबी

जिसे लखनऊ भेजने की योजना थी। एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट शैफवान एन ने बताया कि चालक सलमान निवासी जिला हरदोई की पिकअप से चाइनीज 126 कैरेट आम बरामद हुआ। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# महिला सहित आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार

**बस्ती ।** कोतवाली पुलिस ने एक महिला तथा वाल्टरगंज पुलिस ने पांच पुरुष वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कोतवाली में दर्ज धारा 500 आईपीसीसे संबंधित महिला वांरटी बिन्दू पत्नी गोविन्द निवासिनी करनपुर थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार से वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने अभियान चलाकर धारा 3/7 इसी एक्ट से संबंधित वारंटी रणजीत पुत्र रमेसर निवासी चौरवा गनेशपुर व अशोक कुमार पुत्र ज्ञानदास निवासी सरैया गनेशपुर थाना वाल्टरगंज को गिरफ्तार किया गया। जबकि धारा 135 से संबंधित वारंटी नवल किशोर पुत्र रामलखन निवासी भोगईपुरवा गनेशपुर थाना वाल्टरगंज, धारा 147, 308, 323, 325, 506 आईपीसीसे संबंधित वारंटी भागवत पुत्र लक्ष्मन तथा पल्टू पुत्र रामपदारथ निवासीगण रघुनाथपुर थाना वाल्टरगंज को गिरफ्तार करते हुए संबंधित न्यायालय के सम्मुख पेश किया है।

# लोन का पैसा बैंक कर्मी ने हड़पा, मुकदमा

**बस्ती ।** कलवारी पुलिस को तहरीर देकर कुलभूषण मोदनवाल पुत्र राजेश कुमार निवासी नगर पंचायत गायघाट थाना कलवारी ने बताया कि इन्डुस लैण्ड बैंक बड़ेवन की शाखा से उसने लोन लिया था। जिसे क्लोज कराने के लिए बैंक के कर्मचारी निगम साहनी के खाते में आनलाईन माध्यम से 83815 रुपये पेमेन्ट किया। कर्मचारी द्वारा कुलभूषण को भरोसा दिलाया गया कि पहले वाला लोन क्लोज होने के बाद उसे बैंक द्वारा दूसरा लोन आसानी से दे दिया जायेगा। लेकिन उक्त कर्मचारी ने न तो पूर्व के लोन के पैसे ही जमा किये और न ही दूसरा लोन पास कराया। उपर से पैसे की खुद हड़प लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी निगम साहनी पुत्र गोविन्द निवासी कुसुम्हा रगरगंज पोस्ट कुसान्ही जिला कुशीनगरके विरुद्ध धारा 406, 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पैतृक मकान में भाई को घुसने से रोका, मुकदमा

**बस्ती ।** पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के दक्षिण दरवाजा स्थित अब्दुल वहीद खान अपने पैतृक मकान में गया था। जिसे उसके भाई अब्दुल हमीद ने मकान के अन्दर घुसने से रोक दिया। जिसका अब्दुल वहीद ने विरोध किया तो उसे गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित अब्दुल वहीद खान पुत्र सरफराज अली निवासी मकान संख्या 32 व 33 हाजरा हास्पिटल के सामने दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भाई अब्दुल हमीद पुत्र सरफराज अली निवासी मकान संख्या 32 व 33 हाजरा हास्पिटल के सामने दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# मस्जिद बनने की सूचना पर उमड़ा जनसैलाब, नव निर्माण को किया ध्वस्त

**कप्तानगंज (बस्ती) (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में सोमवार की देर शाम मस्जिद बनने की सूचना पर भारी जन सैलाब उमड़ गया और जय श्री आपका नारा लगाते हुए नवनिर्मित निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके की नजाकत देखते हुए भीड़ को कंट्रोल किया और निर्माण कार्य को यथा स्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया एसएचओ कप्तानगंज दीपक दुबे ने मौके की स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

**एसएचओ कप्तानगंज मौके का निरीक्षण कर उच्चधिकारियों को अवगत कराया निर्माण कार्य रोका**

**समाचार लिखे जाने तक मौके पर नहीं पहुंचा था जिला प्रशासन अथवा पुलिस प्रशासन का कोई स्तरीय अधिकारी**

महाराजगंज कस्बे पर हाईवे किनारे मदरसा गौसिया अहले सुन्नत फैजानुल रसूल मदरसा पूर्व से संचालित है मौके पर मिली जानकारी के अनुसार यही के बगल रहने वाले रिटायर्ड लेखपाल शब्बीर इसकी देखभाल करते हैं तथा मदरसे को संचालित करने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं मदरसे के ठीक पीछे कुछ निर्माण कार्य चल रहा था इसी क्रम में सोमवार की शाम कस्बे में यह बात तेजी से फैल गई की मदरसे के पीछे की खाली भूमि पर मस्जिद का निर्माण हो रहा है देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और जय श्री राम के नारे लगाते हुए नवनिर्मित निर्माण को ध्वस्त कर दिया नव निर्माण के भीतर खोदे गए गडढ़ो से पब्लिक को ऐसा महसूस हुआ कि वहां पर गुंबज बनाने का काम चल रहा है इसके बाद पब्लिक उग्र हो गई हालांकि मौके पर पहुंचे कप्तानगंज के तेज तर्राक एसएचओ दीपक दुबे तथा उनकी टीम ने मौके की हालात को बखूबी संभाला और अनाउंसमेंट करते हुए भीड़ को तीतर-बीतर कराया। तत्पश्चात आरोपी शब्बीर को इस बात की सख्त हिदायत दी गयी।मौके पर यथास्थिति बनी रहेगी हालांकि एहतियातन समाचार लिखे जाने तक मौके पर पुलिस तैनात थी। हालांकि इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा मीडिया को मौके पर जाने से सख्ती से रोका गया।और यह जिम्मेदारी एसएचओ कप्तानगंज के निर्देश पर उपनिरीक्षक प्रह्लाद यादव निभाते पाए गए।

हालांकि समाचार लिखे जाने तक जिला प्रशासन अथवा पुलिस प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था।

# मांगों के समर्थन में शिक्षकों की बैठक, धरना 25 को

**बस्ती, निज संवाददाता।** प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में हुई। इस दौरान आगामी 25 सितम्बर को बीएसए कार्यालय परिसर में प्रस्तावित धरने को लेकर रणनीति बनाई गई। इसमें ब्लॉकवार जिला पदाधिकारियों और ब्लॉक पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।



प्रेसक्लब के सभागार में प्राथमिक शिक्षक संघ ने बैठक की। • हिन्दुस्तान

जिलाध्यक्ष ने कहा कि धरने को शिक्षामित्र और अनुदेशकों का समर्थन प्राप्त है। जिसके चलते धरने में पूरे जनपद के शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक काफी संख्या में शामिल होंगे। बताया कि गत दिनों बीएसए ने बताया था कि डीएम स्तर से कमेटी बनाकर गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय पर विधिक कार्रवाई की बात कही थी, लेकिन उचित कदम न उठाने के कारण संघ को धरना प्रदर्शन का निर्णय लेना पड़ा। यदि इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है तो ब्लॉक स्तर पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि शिक्षकों की सर्विस बुक पूर्ण कराए जाने के साथ ही जीपीएफ, एनपीएस पासबुक और लेखा पर्ची जारी किया जाए। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि बिना स्पष्टीकरण के किसी का भी वेतन और मानदेय बाधित न किया जाए। जिलामंत्री ने बताया इन तमाम मांगों को लेकर 25 सितंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। सुधीर तिवारी, राजेश गिरी, संतोष मिश्रा ,संतोष जायसवाल, गणेश श्रीवास्तव, उमाकांत शुक्ला व अन्य मौजूद रहे।

## शिक्षकों, कर्मियों ने बीईओ को दी विदाई

**बस्ती।** हरैया बीआरसी सभागार में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामसागर वर्मा के नेतृत्व में बीईओ बड़कऊ वर्मा को विदाई दी गई। शिक्षकों ने बीईओ बड़कऊ वर्मा को फूल-मालाओं से लादकर खूब उपहार दिए। इस दौरान बीईओ विजय आनंद, चेयरमैन कौशलेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य विनोद प्रकाश वर्मा, रामप्यारे, रवीश मिश्र, विवेककांत पाण्डेय, सत्यराम वर्मा आदि ने सम्बोधित किया।

# रामपुर तटबंध में फंसे बेसहारा पशु, निकालने में जुटे ग्रामीण

**कुदरहा (एसएनबी)।** कुदरहा विकास क्षेत्र के कलवारी रामपुर तटबंध के पास मटियरिया गांव के दक्षिण और पूरब दलदल में कुछ बेसहारा पशु फंस गए थे। बेसहारा पशुओं को फंसा देख ग्रामीणों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया जिसमें से सिर्फ तीन गायों को ग्रामीण दलदल से बाहर निकाल पाए बाकी गाय उसी में फंसी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ये गाएं सरयू नदी के तलहटी में सैकड़ो की संख्या में रहती हैं। पिछले तीन दिनों से लगभग 10 गाय बंधे के दक्षिण दलदल में फंसी थी। गायों को तीन दिन से तड़पता देख ग्रामीणों से रहा नहीं गया और सोमवार को उन्होंने दलदल में उतरकर गायों को बचाने का कार्य शुरू किया बड़ी मशक्कत के बाद तीन गायों को दलदल से बाहर निकाल लिया गया जबकि सात गाय अभी भी दलदल में फंसी हुई है। गायों को बचाने में मटियरिया निवासी विनोद यादव, जितेश यादव, गोपाल यादव, अखिलेश, पिपरपाती निवासी राम आशीष यादव, दिलीप यादव आदि ग्रामीण शामिल रहे।



# भाई के खिलाफ दर्ज कराया केस

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। दक्षिण दरवाजा निवासी अब्दुल वहीद खान ने तहरीर में बताया है कि शनिवार को उनके भाई अब्दुल हमीद ने पैतृक मकान में घुसने नहीं दिया। विरोध करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षकों का धरना कल

**बस्ती (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 25 सितम्बर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में प्रस्तावित धरने को लेकर रणनीति बनाई गई जिसमें ब्लाकवार जिला पदाधिकारियों और ब्लक पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।



**बस्तीः शिक्षको के बैठक को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।**

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि धरने को शिक्षामित्र और अनुदेशकों का समर्थन प्राप्त है। जिसके चलते धरने में पूरे जनपद के शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि संघ की मांग है कि शिक्षामित्र और अनुदेशकों का मानदेय बिल शिक्षकों के वेतन रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया जाय। 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को कदापि बन्द न किया जाए। शिक्षकों की सर्विस बुक पूर्ण कराए जाने के साथ ही जीपीएफ, एनपीएस पासबुक और लेखा पर्ची जारी किया जाय। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि बिना स्पष्टीकरण के किसी का भी वेतन और मानदेय बाधित न किया जाए। शिक्षकों द्वारा लिए गए चिकित्सा अवकाश को समय से स्वीकृत किया जाए तथा एफएलएन के अंतर्गत जो भी प्रशिक्षण हुए हैं उसकी धनराशि संबंधित शिक्षक और शिक्षामित्र के खाते में भेजी जाए। जिलामंत्री ने बताया इन तमाम मांगों को लेकर 25 सितंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। धरने में बस्ती सदर की जिम्मेदारी सुधीर तिवारी, राजेश गिरी, संतोष मिश्रा ,संतोष जायसवाल, गणेश श्रीवास्तव बनकटी की अनिल पाठक, सुरेश गौड़,मोहम्मद असलम, मक्खन लाल कुदरहा ब्लाक की गिरजेश चौधरी, सनद पटेल, बृजेश मिश्रा ,चंद्रशेखर बहादुरपुर ब्लाक की अमित सिंह, मनोज उपाध्याय, प्रमोद सिंह, अटल उपाध्याय, अमरेंद्र सिंह, प्रशांत बरगाह,रमाशंकर लाल , साऊघाट में श्रुति त्रिपाठी, अनीता भट्ट,रुकनुद्दीन, मुस्तकीम खान,असद जमाल,आशीष दुबे,अशोक यादव,संजय चौधरी, अनीस अहमद, रुधौली में नीरज सिंह, अंगद सिंह ,संतोष पाण्डेय,रमाकांत चौधरी, शिवरतन, राम भवन को प्रभारी बनाया गया।

# जेनापुर गांव की बाग में मिला युवक का शव, तीन युवक हिरासत में

- हत्या-आत्महत्या के बीच उलझा मामला, परसरामपुर पुलिस कर रही जांच
- घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे एएसपी, सीओ और एसओ

श्रृंगीनारी, हिन्दुस्तान संवाद। परसरामपुर थानाक्षेत्र के जेनापुर गांव की बाग में रविवार देर रात गांव निवासी छबलू (30) पुत्र छक्कन का शव संदिग्ध हाल में मिला है। मृतक के भाई रामसुभावन गौतम की तहरीर पर पुलिस तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी, सीओ हर्रैया व एसओ ने देर रात घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की। हत्या व आत्महत्या के बीच मामला उलझा हुआ है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए चिकित्सकों की टीम ने सोमवार को पोस्टमार्टम किया। पीएम रिपोर्ट के अनुसार मामला आत्महत्या का नहीं प्रतीत होता है। शव का हार्ट व बिसरा जांच के लिए भेजा गया है।

परिजनों के अनुसार छबलू रविवार सुबह गांव निवासी रोशन के साथ घूमने निकला था। गांव के बाहर बगीचे में जाकर दोनों बैठ गए थे। देर रात तक छबलू जब घर वापस नहीं आया तो रोशन से उसके बारे में पूछताछ की। रोशन ने बताया कि हम छबलू के साथ कुछ देर बाग में बैठे थे, उसके बाद वापस चले आए। छबलू वहीं बैठा रहा। परिजनों ने रात में बाग में जाकर देखा तो छबलू का शव वहां पड़ा हुआ है। घटना की सूचना डॉयल-112 व स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गोंडा की महिला की हादसे में मौत पर मुकदमा दर्ज

- गौर थानाक्षेत्र के बभनान-हर्रैया मार्ग पर हुई थी घटना
- 11 सितम्बर को ट्रक की ठोकर से घायल हुए थे दंपति

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। गोंडा जिले की महिला की मार्ग दुर्घटना में बस्ती में मौत के मामले में पुलिस ने 12 दिनों बाद केस दर्ज किया है।

गोण्डा जिले के खोड़ारे थानाक्षेत्र के कोटखास गांव निवासी राजेश शर्मा ने गौर पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि विगत 11 सितम्बर को अपनी पत्नी श्रीमती दुर्गावती व एक दूधमुंही बच्ची काव्या को लेकर मोटरसाइकिल से फैजाबाद से दवा कराकर घर लौट रहा था। अभी वह गौर थानाक्षेत्र के हर्रैया-बभनान मार्ग पर नगर पंचायत बभनान के लोहियानगर वार्ड में बनी पानी की टंकी के पास पहुंचा था कि पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दिया। हादसे में बाइक सहित दोनों गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए। पति-पत्नी को जिला मुख्यालय पर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान पत्नी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 128/24 की धारा 281, 125(ए), 125(बी), 106 (1) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर ने बताया कि पति की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच कराया जा रहा है।

# शौच को गई किशोरी संग छेड़खानी

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने किशोरी संग छेड़खानी के मामले में केस दर्ज किया है। 14 वर्षीय पीड़िता के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी 18 सितंबर को शौच के लिए गई थी। तभी आरोपी संतोष कुमार ने उन्हें उसे पकड़ लिया। खींचकर गन्ने के खेत में ले गया और अश्लील हरकत की। पुलिस ने आरोपी संतोष के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



सोमवार को घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल करती पुलिस। • हिन्दुस्तान

# महराजगंज में धर्मस्थल निर्माण को लेकर विवाद, पहुंची पुलिस

**कप्तानगंज**। कप्तानगंज थानाक्षेत्र के महराजगंज तेलियाडीह में कस्बे में घनी आबादी के बीच धर्मस्थल निर्माण होने को लेकर एक समुदाय के लोग उग्र हो गए। जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर जा पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जब तक को कोई निर्माण नहीं होगा।

मामला कप्तानगंज थाने के तेलियाडीह महराजगंज कस्बे का है, जहां एक व्यक्ति द्वारा घर के पीछे धर्मस्थल निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। जिसकी सूचना कस्बे में हुई तो लोगों ने घनी आबादी के बीच धर्मस्थल निर्माण को रोकने का प्रयास किया। बताया जाता है कि उसका स्थान पर 2008 में भी इसका निर्माण होने का प्रयास हुआ था लेकिन विरोध के बाद रुक गया था। सोमवार को धर्मस्थल बनने की सूचना पर दूसरे समुदाय के लोग विरोध पर उतर आए. जिसकी सूचना महाराजगंज चौकी पुलिस को हुई तो पुलिस मौके पर जा पहुंची। जहां काफी संख्या में कस्बे के लोग मौजूद थे। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर किनारे कराया। मौके पर प्रभारी थानेदार इंस्पेक्टर राजेश विश्वकर्मा भी पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जब तक सक्षम अधिकारी मौके पर नहीं आएंगे तब तक कोई निर्माण कार्य नहीं होगा। सीओ कलवारी प्रदीप तिवारी ने बताया कि पुलिस मौके पर है। मामले की जांच की जा रही है, स्थिति सामान्य है।

# शौच के लिए गई किशोरी के साथ अश्लील हरकत

जागरण संवाददाता, बस्ती: हर्रैया थाना क्षेत्र में शौच के लिए घर से बाहर निकली किशोरी के साथ अश्लील हरकत की घटना सामने आई है।

पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर उसी गांव के ही युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# ई-रिक्शा व आटो चालकों की बंद होगी मनमानी

## तय होंगे 10 रूट, ई-रिक्शा की होगी कलर कोडिंग, सिर्फ अधिकृत वाहनों को ही मिलेगा प्रवेश

जागरण संवाददाता, बस्ती: शहर में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए परिवहन, पुलिस और नगर पालिका ने तैयारी कर ली है। ई-रिक्शा और आटो चालकों की अब मनमानी नहीं चलेगी। एक सप्ताह के अंदर परिवहन और नगर पालिका के अधिकारी इनकों निर्धारित रूटों पर चलवाएंगे। 10 रूट तैयार किए जाएंगे। ई-रिक्शा पर कलर कोडिंग की जाएगी, ताकि दूसरे रूट पर नहीं दौड़ सके। चालक का लाइसेंस भी अनिवार्य होगा।

ई-रिक्शा और आटो चालकों की मनमानी का आलम है कि जब चाहे, जहां चाहे वाहन को रोककर यात्रियों को बैठाने लगते हैं। कोई निर्धारित स्टापेज नहीं होने से ये सड़क पर ही खड़े हो रहे हैं। इनके कारण शहर के विभिन्न स्थानों पर जाम लग रहा है, जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

सीओ ट्रैफिक व सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने पुलिस लाइन में यातायात स्टाफ के साथ जाम से निजात दिलाने के लिए बैठक की, जिसमें ई-रिक्शा और आटो का रूट निर्धारण व ई-रिक्शा की कलर कोडिंग का निर्णय लिया गया है।

**लाल रंग से रूट होगा अंकित :** ई-रिक्शा चलाने वालों को आवेदन करना होगा। जिसके लिए जल्द ही स्थान निर्धारित किया जाएगा। पुलिस कप्तान के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है।

सभी ई-रिक्शा के पीछे व आगे की तरफ सफेद रंग का स्टीकर लगवाया जाएगा, जिस पर लाल रंग से रूट संख्या भी अंकित होंगी।

**मिशन कंपाउंड में बनेगा पार्किंग :** सीओ यातायात ने बताया कि कचहरी क्षेत्र में जाम से निजात दिलाने के लिए चर्च के मिशन कंपाउंड में दो पहिया व चार पहिया वाहनों के पार्किंग स्थल चयनित किया गया है। दुर्गापूजा शुरू होने तक यह पार्किंग स्थल चालू कर दिया जाएगा।

**न्याय मार्ग होगा वन वे :** कचहरी क्षेत्र में आवागमन की प्रमुख सड़क न्याय मार्ग कार्यालय दिवस में सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक वन वे रहेगा। अवकाश के दिन वन वे की व्यवस्था नहीं रहेगी। वन वे का उल्लंघन पाए जाने पर गाड़ियों का चालान किया जाएगा। न्याय मार्ग पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने पर प्रतिबंधित लगाया जाएगा।

**कंपनी वाग से मालवीय तिराहा तक बना दिया स्टैंड :** कंपनी बाग से मालवीय तिराहे पर बेतरतीब वाहनों से राहगीरों को परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी कोचिंग व दफ्तर में प्रवेश से लेकर निकासी तक के दौरान हो रही है। ई-रिक्शा चालकों ने दोनों स्थानों पर अवैध रूप से स्टैंड बना लिया है, जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।



पुलिस लाइन सभागार मे यातायात स्टाफ के साथ मीटिंग करते सीओ ट्रैफिक सत्येन्द्र भूषण तिवारी • जागरण

> शहर के लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए एक सप्ताह के अंदर ई-रिक्शा, ऑटो चालकों का रूट निर्धारण कर दिया जाएगा। संयुक्त बैठक मे तय किया जा चुका है। प्रयास रहेगा कि लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाए। कचहरी स्थित न्याय मार्ग को भी पूर्व की तरह फिर एक बार वन वे कर दिया जाएगा। इस नियम का कार्यालय समय मे सख्ती से पालन कराया जाएगा। चर्च के कैंपस मे नया पार्किंग स्थल बनाया जाएगा।
>
> सत्येन्द्र भूषण तिवारी, सीओ ट्रैफिक बस्ती।

### तुरंत होगी सीज की कार्रवाई

ई-रिक्शा व आटो का रूट का निर्धारण होते ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने से लेकर सीज तक की कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त 65 जवानों को भी विभिन्न रूटों पर नियमों का पालन कराने के लिए तैनात किया गया है।

अवधेश तिवारी, टीएसआइ, बस्ती

# एक ही रात चार विद्यालयों में चोरी, शिक्षक संघ आक्रोशित

जासं, परशुरामपुरः परशुरामपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में रविवार रात हुई चोरी की घटनाओं को लेकर शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने भी प्रभारी थानाध्यक्ष से मिलकर ज्ञापन सौंपा। चोरी की घटनाएं प्राथमिक विद्यालय महादेव, प्राथमिक विद्यालय पिकौराभट्ट, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मधुकरपुर तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय मरवटिया में हुई। जिन में विद्यालयों का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, बर्तन, राशन इत्यादि चोर उठा ले गए। इसके पूर्व भी 18 सितंबर को प्राथमिक विद्यालय दुखेड़ी और डुहवा पाण्डेय में तथा 14 सितंबर को कंपोजिट विद्यालय नेवादा में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस बारे में प्रभारी थानाध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि शिक्षक संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन तथा तहरीर के आधार पर संबंधित बीट सिपाहियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। जांच की जा रही है।

# मांगे पूरी न होने पर 25 को गरजेंगे शिक्षक

जागरण संवाददाता, बस्तीः उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में हुई। 25 सितंबर को बीएसए कार्यालय परिसर में प्रस्तावित धरने को लेकर रणनीति बनाई गई, जिसमें ब्लाकवार जिला और ब्लाक पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।




प्रेस क्लब में आयोजित बैठक में शामिल उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी • जागरण

जिलाध्यक्ष ने कहा कि धरने को शिक्षा मित्र और अनुदेशकों का समर्थन प्राप्त है। बीएसए ने बताया था कि जिलाधिकारी द्वारा कमेटी बनाकर गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय पर विधिक कार्रवाई की जाएगी, परंतु किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होने से संघ को धरना-प्रदर्शन का निर्णय लेना पड़ा। यदि इसके बावजूद भी कार्रवाई नहीं होती है तो ब्लाक स्तर पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि संघ की मांग है कि शिक्षा मित्र और अनुदेशकों का मानदेय बिल शिक्षकों के वेतन रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया जाए। 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को कदापि बंद न किया जाए। शिक्षकों की सर्विस बुक पूर्ण कराए जाने के साथ ही जीपीएफ, एनपीएस पासबुक और लेखा पर्ची जारी किया जाए। बिना स्पष्टीकरण के किसी का भी वेतन और मानदेय बाधित न किया जाए। शिक्षकों द्वारा लिए गए चिकित्सा अवकाश को समय से स्वीकृत किया जाए तथा एफएलएन के अंतर्गत जो भी प्रशिक्षण हुए हैं, उसकी धनराशि संबंधित शिक्षक और शिक्षा मित्र के खाते में भेजी जाए। कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, सुधीर तिवारी, राजेश गिरी, संतोष मिश्रा, संतोष जायसवाल, गणेश श्रीवास्तव, उमाकांत शुक्ला, अनिल पाठक, सुरेश गौड़, मोहम्मद असलम, मक्खन लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्वर्णिमा सिंह बनीं नई पुलिस क्षेत्राधिकारी

जागरण संवाददाता, बस्ती: लखीमपुर खीरी से स्थानांतरित होकर आईं पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वर्णिमा सिंह ने जिले में नए सीओ के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। फिलहाल अभी उन्हें सर्किल आवंटित नहीं किया गया है। वैसे भी जनपद में पांच पुलिस क्षेत्राधिकारियों की तैनाती का नियतन है, लेकिन सीओ क्राइम का पद कई वर्षों से रिक्त चल रहा है।

पुलिस कार्यालय के मुताबिक नवागत सीओ की लखीमपुर खीरी में ट्रेनिंग पूरी करने के बाद शासन से बस्ती के लिए उनकी तैनाती हुई है।

# शांतिभंग की आशंका में सात पर कार्रवाई

नगर बाजार (बस्ती)। नगर थाने की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार महिलाओं समेत सात लोगों पर कार्रवाई की है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि खजुरिया श्रीनेत निवासी राजन मिश्र, मनीष मिश्र, विमल कुमार व रिचा, सोनिया, संगीता, सुनीता निवासी बढ़नी थाना नगर पर शांतिभंग की आंशका में कार्रवाई की गई है। संवाद

## बैंककर्मी पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

बस्ती : कलवारी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गायघाट निवासी कुलभूषण मोदनवाल के साथ बैंककर्मी द्वारा 83,815 रुपये की धोखाधड़ी करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर इंडस लैंड बैंक बडेबन बस्ती के कर्मचारी निगम साहनी पुत्र गोविन्द निवासी ग्राम कुसुम्हा रगरगंज जिला कुशीनगर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। (जासं)

## कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

सोनहा : अदालत के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बनगवा गांव निवासी सुनील कुमार ने अदालत में प्रार्थनापत्र देकर वाद दाखिल किया था, जिसपर 17 अगस्त को कोर्ट ने प्रभारी निरीक्षक सोनहा को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश जारी किया था। पुलिस ने सोनू, परवदीन, निर्मला व चन्द्र प्रकाश पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# एएसपी ने देर रात हरैया थाने का किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, हरैया: अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने रविवार की देर रात हरैया थाने का औचक निरीक्षण किया। अचानक एएसपी को देख पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया।

एएसपी ने सबसे पहले कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। वहां चंदन कुमार से दर्ज मुकदमों के बारे में जानकारी ली। कार्यालय को सुथरा रखने और दस्तावेजों को सुरक्षित रखने पर जोर दिया। महिला हेल्पडेस्क, मालखाना, पुरुष हवालात, थाना परिसर व आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया। थाना परिसर में सफाई का भी अवलोकन किया। प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों को रात्रि गश्त में लापरवाही नहीं करने की हिदायत दी। कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ितों के साथ शालीनता का व्यवहार करते हुए उनकी शिकायतों को लिखा जाए। इसके बाद उनका त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया जाए। इस दौरान सीओ अशोक कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक कमलेश यादव, कांस्टेबल पवन यादव, जितेन्द्र शाही, विश्वजीत विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



हरैया थाने में अभिलेखों के बारे में पूछताछ करते एएसपी ओमप्रकाश सिंह, साथ में सीओ हरैया अशोक मिश्र ● जागरण

# मकान के भीतर हो रहे निर्माण को कस्बावासियों ने रोका

- अवैध रूप से मस्जिद बनाए जाने का लगाया आरोप
- मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रोकने का दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, गौरा: कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महराजगंज कस्बे में सोमवार की देर शाम लगभग 7:30 बजे भारी संख्या में जुटे कस्बावासियों ने रिहायशी मकान के भीतर किए जा रहे निर्माण को ढहा दिया। कस्बावासियों का आरोप था कि यहां अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण हो रहा है।

कस्बे से होकर गुजर रहे हाईवे की दक्षिणी सर्विस रोड पर सेवानिवृत लेखपाल शब्बीर कुमार का मकान है। इस मकान में गौसिया अहले सुन्नत फ़ैज़ानुर रसूल नाम से मदरसा भी संचालित होता है। सोमवार की शाम अचानक कस्बे के लोग मौके पर भारी संख्या में जुट गए। सर्विस रोड पर इकट्ठा हुए लोगों ने जमकर नारेबाजी की तथा मकान के भीतर किए गए निर्माण के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुमार लोगों को समझाने में जुटे थे, लेकिन भीड़ शांत होने का नाम नहीं ले रही थी। इसी बीच पहुंचे प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक कुमार दूबे ने लोगों से शांत रहने की अपील की। ग्राम प्रधान विनोद कुमार कसौधन ने भी कस्बावासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके बाद कहीं जाकर लोग शांत हुए।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दीपक दूबे का कहना है कि शब्बीर अहमद को निर्माण कार्य को रोकने का निर्देश दिया गया है। कस्बे में शांति है। दूसरी ओर कथित मस्जिद निर्माण के आरोपी शब्बीर कुमार का कहना है कि मस्जिद बनाए जाने का आरोप बेबुनियाद है। वह अपना मकान बनवा रहे हैं। मौके पर पुलिस मौजूद है तथा छानबीन कर रही है।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# धोखाधड़ी में चार आरोपियों पर केस

**सोनहा।** सोनहा पुलिस ने कोट के आदेश पर धोखाधड़ी के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज किया है।

बनगवां गांव के सनिल कुमार का आरोप है कि 8 जनवरी 2019 को उनकी पत्नी के नाम पूर्व की गई बैनामा जमीन को गांव के चंद्र प्रकाश ने धोखाधड़ी कर जमीन में मकान न दर्शाकर सोनू निवासी परसा खुर्द बुजुर्ग, परबदीन निवासी करमहिया, निर्मला देवीनिवासी करेली को बारी-बारी बेच दिया।

इसके बारे खरीदारों को जानकारी थी। जब उन्हें इसके बारे में जानकारी हुई तब विपक्षी गाली देने लगे व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# निर्माण पर रोक, आक्रोशित लोग लौटे

## खरीदी हुई जमीन पर निर्माण कराने की दलील दे रहे सेवानिवृत्त कानूनगो, इलाके में तनाव

संवाद न्यूज एजेंसी



निर्माणाधीन धार्मिक स्थल। स्थानीय निवासी



पुलिस और कस्बे के लोगों के बीच चल रही वार्तालाप। स्थानीय निवासी

**बस्ती।** महराजगंज कस्बे में सोमवार की रात जिस जमीन पर निर्माण को लेकर विवाद भड़का, उसे सेवानिवृत्त कानूनगो अपने बैनामे की जमीन बता रहे। उनका कहना है कि इस जमीन को उन्होंने वर्ष 1991 में खरीदकर मकान बनवाया था।

विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने विवाद को शांत कराने के लिए रिहायशी इलाके में धार्मिक स्थल के निर्माण पर रोक लगा दी। इसके बाद निर्माण का विरोध कर रहे लोग धीरे-धीरे कर चले गए। मौके पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी, अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कानूनगो शब्बीर अहमद से पूछा कि कस्बे के लोग उस जमीन पर निर्माण को लेकर क्यों विरोध कर रहे हैं तो वह गोलमोल जवाब देने लगे। दूसरे पक्ष का आरोप है कि विवादित जमीन से सटा हुआ मदरसा भी चलता है। यह निर्माण उसी मदरसे से जोड़ने के लिए कराया जा रहा है। मगर, शब्बीर अहमद ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उससे इनका कोई लेना-देना नहीं है।

बताया कि वह मदरसा कस्बे के ही मेराज उर्फ जल्लू चलाते हैं, जिनकी पुलिस चौकी के सामने साइकिल की दुकान है। पुलिस उनसे भी पूछताछ करने के लिए संपर्क कर रही है।

कस्बे के लोगों का आरोप है कि शब्बीर अहमद ने जो जमीन खरीदी है, उसके पीछे ग्राम पंचायत की जमीन है। अपने साथ-साथ वह उस जमीन को भी धार्मिक स्थल और मदरसा बनाकर कब्जा करना चाहते हैं। वर्ष 2008 में भी शब्बीर अहमद ने निर्माण शुरू कराया था। मगर, कस्बे के लोगों के विरोध के कारण काम रुक गया था। इस बार फिर जब काम शुरू हुआ तो लोग भड़क उठे।

मौके पर पहुंचे सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने पूरे मामले की जानकारी ली। जमीन की नवैयत के बारे में शब्बीर अहमद और अन्य लोगों के बयान लिए। आखिर में ग्राम प्रधान सुधा देवी की मौजूदगी में लिखवाकर ले लिया है कि वहां पर किसी तरह का निर्माण बिना प्रशासन की अनुमति के नहीं किया जाएगा। सीओ कलवारी प्रदीप कुमार ने बताया कि निर्माण पर रोक लगा दी गई है।

# छज्जा लगाने को लेकर विवाद में मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने मकान पर छज्जा लगाने की बात को लेकर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। अमारी बाजार निवासी रामसिंगर का आरोप है कि विपक्षियों ने उन्हें अपने मकान पर छज्जा लगाने की बात को लेकर मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने अमारी बाजार के रामसूरत और राममूरत के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आधी रात एएसपी ने किया थाने का निरीक्षण

**हर्रैया।** एएसपी ओमप्रकाश सिंह ने रविवार आधी रात को हर्रैया थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जवानों का हाल भी जाना और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एएसपी ने सबसे पहले कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। वहां चंदन कुमार से दर्ज मुकदमों बारे में जानकारी ली। कार्यालय को साफ-सुथरा रखने और दस्तावेजों को सुरक्षित रखने पर जोर दिया।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# चोरी के बकरे सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

**इटवा (एसएनबी)**। थाना कठेला समयमाता पुलिस द्वारा चोरी के चार वांछित अभियुक्तगण को ग्राम चेचराफ खुर्द सचिवालय से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से एक बकरा एवं बकरी तथा घटना में प्रयुक्त एक हुंडई वरना कार भी वरामद किया गया है। उक्त जानकारी प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समयमाता रोहित उपाध्याय ने दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध तथा अपराधियों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 120/2024 धारा 307/317(2) बीएनएस, 4/25 आर्म्स एक्ट व 207 एमवी एक्ट से संबंधित चार वांछित अभियुक्तगण को मुखबिर की सूचना पर ग्राम चेचराफ खुर्द सचिवालय से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया गया है। पकड़े गये लोगों में सुहेल पुत्र सब्बू निवासी मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ जिला बहराइच,आवेश पुत्र शाहीद अली निवासी छोटी तकिया थाना को0 नगर जिला बहराइच, ज़ाफर उर्फ भुरे पुत्र मोइउद्दीन निवासी मोकलियागंज थाना रिसिया जिला बहराइच, इकबाल पुत्र मो0 सफीक निवासी चिलवरिया थाना कोतवाली देहात जिला बहराइच आदि शामिल हैं। तलाशी के दौरान इनके पास से एक हुंडई वर्ना कार (डब्लूबी बीस यू 4162) तथा एक अद्द नाजायज चाकू तथा एक राशि बकरा व बकरी वरामद हुआ है।

# विदेशी मक्का के साथ एक गिरफ्तार

बढ़नी। एसएसबी जवानों ने सोमवार को बढ़नी कस्बे में कार में 20 बोरी विदेशी मक्का के साथ एक व्यक्ति को पकड़ लिया। एसएसबी की टीम माल गोदाम तिराहे के पास सोमवार को एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें 20 बोरी विदेशी मक्का मिला। एसएसबी जवानों ने कार सवार कस्बे के चट्टी बाजार निवासी भगवान दास पुत्र दामोदर दास को पकड़ लिया। इसी के साथ 30 हजार रुपये कीमत का कास्मेटिक सामान भी बरामद हुआ।

# टैक्स की चोरी कर रहीं मुम्बई चलने वाली प्राइवेट बसें

इटवा (एसएनबी)। स्थानीय तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के कई स्थानों से अवैध रूप से टूरिस्टर परमिट पर बंबई के लिए नियमित प्राइवेट बसें भारी संख्या में यात्रियों को बंबई लाती व ले जाती हैं। जबकि इनका परमिट तीर्थयात्रा के लिए बनवाने की शिकायत मिली है। इसके बावजूद भी परिवहन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न किया जाना कई सवाल पैदा करता है। इटवा तहसील क्षेत्र के लगभग 40 प्रतिशत लोग देश की आर्थिक नगरी बंबई में रोजी-रोटी के लिए काम कर रहे हैं। इटवा तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के कई अन्य स्थानों से प्राइवेट बसें बंबई के लिए तीर्थयात्रा की परमिट पर ही चलाने की शिकायत मिल रही है। इन प्राइवेट बसों से यहां से भारी मात्रा में खाद्यान्न सहित अन्य सामान बंबई यात्रियों के साथ भेजा जाता है। जबकि बंबई से भी तमाम मंहगे सामान बिना टैक्स दिये यहां के लिए मंगाये जा रहे हैं। इन बसों से तस्करी का भी सामान लाने व ले जाने की चर्चा है। इन बसों के मालिक पुलिस व परिवहन विभाग से सेटिंग करके प्रतिमाह सरकारी राजस्व को चूना लगाने में पूरी तरह से सफल है। जबकि कुछ वर्ष पूर्व ओवरलोड होने के कारण बंबई से आ रही एक प्राइवेट बस बस्ती जनपद के हर्रैया के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलट चुकी है। जिससे कई घायल भी हुए थे। गत वर्ष इसी तहसील क्षेत्र के प्राइवेट बस से बंबई से आ रहे एक लड़के की मध्य प्रदेश में बिजली की तार की चपेट में आ जाने से मौत भी होने की चर्चा है। फिल हाल सच्चाई तो जांच के बाद ही सामने आ पायेगी। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा गर्वित सिंह ने कहा कि हमे ऐसी शिकायत नहीं मिली है। वे शीघ्र इसका पता लगाकर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

# दहेज हत्यारोपी को सात साल की सजा, जुर्माना भी लगाया

सिद्धार्थनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/स्पेशल पाक्सो एक्ट ने सोमवार को एक दहेज हत्यारोपी को सात साल की सजा सुनाई। आरोपी पर 14 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

इटवा थाना में आशाराम पुत्र सुखलाल निवासी बैरवा थाना इटवा के खिलाफ 2019 में धारा 498ए, 304बी व डीपी एक्ट का केस दर्ज हुआ था। जज ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को सात साल की सजा सुनाई। उस पर 14 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। शासन की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्र ने की।

# फंदे पर लटकता मिला किशोर का शव

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के महादेव बुजुर्ग निवासी 16 वर्षीय पुत्र अंकेज पुत्र रामचन्द्र का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ की डाल के सहारे फंदे से लटका शव सोमवार को मिला है। ग्रामीणों के अनुसार वह बाग के तरफ जाते हुए देखा गया था। काफी देर बाद वापस न आने पर घर के लोग उसे खोजने लगे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक किशोर का शव पेड़ की डाल से लटक रहा है। लोग मौके पर पहुंचे तो उसकी पहचान हुई। किशोर दो भाई व दो बहन में दूसरे नंबर का था। वह घर की माली हालत ठीक न होने के कारण पिता के साथ मेहनत मजदूरी करके घर का खर्च चलाता था। प्रभारी निरीक्षक सदर संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि स्वजन ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। इसकी वजह से संभतरू उसने आत्महत्या कर लिया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण


**सिद्धार्थ नगर।** जिलाधिकारी राजा गणपति आर व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहें। निरीक्षण के दौरान बैरकों मे किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नही हुई । जेलर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार सिद्धार्थनगर में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्था सन्तोष जनक पायी गयी । पुलिस अधीक्षक द्वारा जेलर को निर्देश किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बन्दियों पर विशेष सतर्क ष्टि रखे एंव आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें ।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना अपराध

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, डाउनलोड करना भी क्राइम की श्रेणी में

### शीर्ष कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला किया रद्द





■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला देते हुए सोमवार को कहा कि बाल पोर्नोग्राफी (अश्लील सामग्री) देखना और डाउनलोड करना पॉक्सो कानून तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध है। न्यायालय ने सुझाव दिया कि संसद को कानून में संशोधन कर 'बाल पोर्नोग्राफी' शब्द को बदलकर 'बच्चों के साथ यौन शोषण और अश्लील सामग्री' करने पर विचार करना चाहिए। इसने अदालतों से 'बाल पोर्नोग्राफी' शब्द का इस्तेमाल न करने के लिए कहा।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि बाल पॉर्नोग्राफी देखना और डाउनलोड करना बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। पीठ ने बाल पॉर्नोग्राफी और उसके कानूनी परिणामों पर कुछ दिशा-निर्देश भी जारी किए। इसने कहा, हमने संसद को सुझाव दिया है कि वह पॉक्सो में संशोधन करे ताकि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा बदलकर 'बच्चों के साथ यौन शोषण और अश्लील सामग्री' किया जा सके। हमने सुझाव दिया है कि एक अध्यादेश लाया जा सकता है।' शीर्ष अदालत ने उस याचिका पर अपना फैसला दिया जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी थी, जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाते हुए मामले में यह कहते हुए आपराधिक कार्यवाही बहाल की कि हाईकोर्ट ने इसे रद्द करने में गलती की। पीठ ने कहा कि सत्र अदालत को अब नए सिरे से मामले पर सुनवाई करनी होगी। इससे पहले, मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को गलत बताते हुए सुप्रीम कोर्ट इसके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया था।

हाईकोर्ट ने कहा था कि बाल पॉर्नोग्राफी देखना और महज डाउनलोड करना पॉक्सो कानून तथा आईटी कानून के तहत अपराध नहीं है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि आजकल बच्चे पॉर्नोग्राफी देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे है और समाज को 'इतना परिपक्व' होना चाहिए कि वह उन्हे सजा देने के बजाय उन्हें शिक्षित करे। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता संगठनों की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का की दलीलों पर गौर किया कि हाईकोर्ट का फैसला इस संबंध में कानून के विरोधाभासी है।

**फैसले के अहम बिन्दु**

- पॉक्सो एक्ट में संशोधन लाने पर विचार करना चाहिए
- चाइल्ड पोर्नोग्राफी का इस्तेमाल न्यायिक फैसले में अब नहीं किया जाएगा
- फ़ैसलों में चाइल्ड पोर्नोग्राफी की जगह (सीएसईएएम) यानी बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री शब्द का होगा इस्तेमाल

# शांति व सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

पथरा बाजार। पथरा बाजार थाना परिसर में सोमवार को नवरात्र को लेकर प्रतिमा स्थापित करने वालों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। एसओ भाग्यवती पांडेय ने कहा कि त्योहार शांति और सौहार्द के साथ खुशनुमा माहौल में मनाएं। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल सूचित करें। उन्होंने कहा कि परंपरागत मार्ग से ही प्रतिमा विसर्जन करें। डीजे दो से अधिक न हो। धीमी आवाज में बजाएं। कहीं भी रास्ते में अगर बिजली के तार लटक रहे हों तो उसका विशेष ख्याल रखें जिससे त्योहार में खलल न पड़े।

इस दौरान शारदा चौधरी, शेषराम, प्रधान मक्खन लाल, महेंद्र चौबे, अनवर, राजेंद्र मौर्य, मो हारुन, महेश गुप्त, अशोक प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# शराबियों के उत्पात से नगरवासी त्रस्त

भारतभारी। नगर पंचायत भारतभारी के लोग इन दिनों शराबियों के उत्पात से त्रस्त हैं। लोगों का आरोप है कि नगर मे शराब की दुकान अनियमित तरीके से संचालित होती है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। क्षेत्र के वशिष्ठ मुनि पांडेय, राजीव, राकेश, कुलदीप पांडेय, युसूफ आदि ने कहा कि नगर में मुख्य मार्ग से सटे शराब की दुकान हैं।

# डीएम-एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। डीएम डॉ.राजा गणपति आर व एसपी प्राची सिंह ने सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। अफसरों ने सभी बैरकों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जेलर ने बताया कि नियमित रूप से जेल की चेकिंग की जाती है। एसपी ने जेलर को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें व शातिर किस्म के बंदियों पर विशेष नजर रखें। जरूरत के अनुसार समय-समय पर कारागार में निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों की जानकारी देते रहें।

# लैब टेक्नीशियन ने इंजीनियर पर लगाया अभद्रता का आरोप

- इंजीनियर ने कॉलेज के वाट्सएप ग्रुप में मैसेज कर दी थी धमकी
- पैथोलॉजी विभाग के कर्मियों ने सीएमएस को दिया पत्र, कार्रवाई की मांग

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के पैथालॉजी विभाग में कार्यरत सभी लैब टैक्नीशियन ने एफएमएस इंजीनियर पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। स्टॉफ ने कॉलेज के वाट्सअप ग्रुप में मैसेज कर धमकी का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर सभी स्टॉफ ने सीएमएस को हस्ताक्षर युक्त पत्र सौंपकर इंजीनियर पर कार्रवाई की मांग की है।

पैथालॉजी विभाग के लैब टैक्नीशियन राजेश वर्मा, प्रदीप मिश्र, अरुण त्रिपाठी, संजीत गुप्त, अनुराग श्रीवास्तव, जय प्रकाश चौधरी, अमन पटेल, गौरव सिंह, पवन मिश्र, अनीता त्रिपाठी, सुरेंद्र वर्मा, महेंद्र मौर्य, रवि वर्मा, आशीष गुप्त, प्रांजल गुप्त आदि ने सीएमएस को दिए हस्ताक्षर युक्त पत्र में बताया कि मेडिकल कॉलेज के एचएमआईएस एएसएमसी एसएन ऑनलाइन रिपोर्ट ग्रुप में एफएमएस इंजीनियर ने सोमवार को धमकी/अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। कर्मियों ने शिकायती पत्र के साथ वाट्सएप ग्रुप में किए गए पोस्ट का स्क्रीनशॉट लगाया गया। कर्मियों ने बताया कि पूर्व में भी इस तरह की धमकी कई बार दी गई है। कर्मियों ने इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# बाहर हैं बच्चे तो साइबर ठगों से रहें सावधान

## बेटा-बेटी की बदनामी होने के नाम पर छह माह में 10 लोगों को बनाया शिकार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : साइबर ठग लोगों से ठगी के लिए हर दिन नए-नए पैंतरे आजमा रहे हैं। इस वक्त वह बच्चों के सेक्स रैकेट या होटल में पकड़े जाने की जानकारी देकर लोगों को अपने ठगी का शिकार बना रहे हैं। पिछले तीन माह में इस तरह के 10 मामले पकड़ में आए। ठगों ने शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला को अपना शिकार बनाया है। ठग ऐसे समय में लोगों को काल करते हैं, जब उनके बच्चे विद्यालय या कोचिंग में पढ़ाई कर रहे होते हैं। यह समय उनके लिए सुरक्षित होता है। क्योंकि यदि स्वजन ने बेटे या बेटी को फोन भी किया तो उनकी काल रिसीव नहीं होगी और लोग घबराकर उनके बैंक खाते में मांगी गयी रकम डाल देंगे।



### इन सावधानी से ठगी होने से बचें

- पुलिस फोन करके किसी से पैसा नहीं मांगती।
- इस तरह का फोन आए तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें।
- किसी के बताए नंबर पर पैसा कदापि न भेंजे।
- काल करने वाला आपसे बेटे या बेटी का नाम पूछे तो उससे बोलें कि जब आपने पकड़ा है तो आप ही उसका नाम बताएं।
- किसी को ओटीपी साझा न करें।
- पढ़ाई के दौरान बच्चे मोबाइल बंद या साइलेंट रखते हैं, ऐसे में बात न होने पर वापस काल आने तक धैर्य बनाएं रखें।
- ठगी होने के 24 घंटे के अंदर पुलिस में करें शिकायत।

2020 से अब तक 160 मामले साइबर सेल के पास आए और पुलिस ने 65 लाख रुपये ठगों से वापस कराने में सफलता पायी है। इस वर्ष की बात करें तो कुल 52 लोग ठगी के शिकार हुए। इनमें 1920749 रुपया वापस कराया जा चुका है।

उस्का कस्बे में रहने वाली स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला के नंबर पर फोन आया। काल करने वाले ने कहा कि वह पुलिस का अधिकारी बोल रहा है, आपकी बेटी कुछ युवाओं के साथ होटल में गलत कार्य करते हुए पकड़ी गई है। उसे जेल जाने से बचाना है तो कुछ रकम खर्च करनी पड़ेगी। महिला ने मेडिकल की तैयारी के लिए लखनऊ गई बेटी से बात करने का प्रयास किया, काल रिसीव नहीं होने पर बदनामी की डर से उसने ठग के बैंक खाते में मांगी गयी रकम 75 हजार रुपये भेज दी। कोचिंग से बाहर निकलने पर उसने मां को काल किया तो सच्चाई का पता चला। इसी प्रकार जिला मुख्यालय पर रहने वाले एक शिक्षक के नंबर पर फोन आया। काल करने वाले ने उनके बेटे के पकड़े जाने की जानकारी देते हुए उसे जेल भेजने से बचाने के लिए 50 हजार रुपये की ठगी कर लिया। कुछ लोग सामाजिक डर की वजह से पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा रहे हैं।

साइबर सेल के जानकार अतुल कुमार चौबे का कहना है कि काल आने पर लोगों को डरना नहीं चाहिए। यदि पुलिस अधिकारी बनकर कोई फोन करे तो तत्काल संबंधित थाने के सीयूजी नंबर पर जानकारी लें। राजकुमार, प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल ने बताया कि साइबर ठगों से लोगों को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। यदि कोई व्यक्ति फोन कर पैसा मांगें तो इसकी पुलिस से शिकायत दर्ज कराएं। ताकि आरोपित पर कार्रवाई की जा सके।

# आरोपी गिरफ्तार किशोरी बरामद

लोटन। लोटन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर केस दर्ज किया था।

पिता ने गांव के ही एक युवक को नामजद करते हुए उस पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस पता लगाने में जुट गई थी। रविवार देर शाम किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश गुप्त का कहना है कि बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज था। आरोपित के साथ लड़की को बरामद कर लिया गया है।

पकड़े गए चारों आरोपित बहराइच जनपद के हैं निवासी

# लग्जरी कार से बकरे चोरी कर भाग रहे चार गिरफ्तार

**कार्रवाई**

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। बकरा चोरी करने वाले भी हाईटेक होते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। कठेला समय माता थाना की पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवार चार बकरा चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चार बकरे भी बरामद किए। गिरफ्तार चारों आरोपी बहराइच जिले के निवासी हैं।

कठेला समय माता व मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के कई गांवों से दर्जनों बकरे पिछले 10 दिनों में चोरी हुए हैं। बकरा चोर रात के अंधेरे में जब लोग सो जाते तो कार से पहुंचते और उस पर लोड कर फरार हो जाते। एक ने एफआईआर भी दर्ज कराई थी कि उसका बकरा व बकरी नीली कार सवार बदमाश उठा ले गए। वह जब जाग गया तो चाकू दिखा कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। लगातार बकरी चोरी की घटना के बाद दोनों थाना की पुलिस सक्रिय हो गई। रविवार रात करीब साढ़े बारह बजे मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में नीली रंग की कार से चार लोग पहुंचे और बकरा चुरा लिया। इसकी सूचना पुलिस को हुई तो उसने पीछा करना शुरू कर दिया।

सूचना पर कठेला समय माता थाना की पुलिस भी सक्रिय हो गई उसने घेराबंदी कर कार को चेचराफ गांव के पास रोक लिया। उस पर से चार बकरे बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में सुहेब पुत्र सब्बू निवासी मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ जिला बहराइच, जाफर उर्फ भूरे पुत्र मोइउद्दीन व इकबाल पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी मोकलियागंज थाना रिसिया जिला बहराइच, आवेश पुत्र शाहिद निवासी छोटी तकिया थाना कोतवाली बहराइच शामिल हैं। आरोपियों ने इस बात को कुबूल किया कि वह लोग बहराइच से बकरा चोरी करने आते थे। चोरी के बकरों को लेकर जाकर बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307/317(2) बीएनएस, आर्म्स एक्ट व मोटर एक्ट में केस दर्ज कर लिया है।



बकरों की चोरी में इस्तेमाल कार जिसे पुलिस ने आरोपियों के पास बरामद किया।

**10** दिनों में दर्जनों बकरे मिश्रौलिया क्षेत्र के कई गांवों से हुए हैं चोरी

- कठेला समय माता थाने की पुलिस ने की गिरफ्तारी
- लगातार हो रही चोरी की घटना से क्षेत्र में थी दहशत

### गिरफ्तार करने वाली टीम

एसआई धर्मेंद्र प्रजापति, एसआई नंदलाल सरोज, हेड कांस्टेबल दिनेश चंद्र यादव, भूपेंद्र कुमार सिंह, आत्मा नंद यादव, कांस्टेबल हरिकेश पासवान, गगनदीप कुमार बकरा चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल रहे।

# चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना देखना अपराध : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि इंटरनेट पर चाइल्ड बाल पोर्नोग्राफी वीडियो/तस्वीरें देखना और डाउनलोड करना पॉक्सो कानून के तहत अपराध है। साथ ही अदालत ने संसद को पॉक्सो कानून में बदलाव लाकर 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द की जगह 'बाल यौन शोषण और शोषणकारी सामग्री' (सीएसईएएम) का इस्तेमाल करने पर विचार करने का सुझाव दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र सरकार से कहा कि जब तक कानून में संशोधन नहीं हो जाता, तब तक अध्यादेश लाकर 'बाल यौन शोषण और शोषणकारी सामग्री' शब्द इस्तेमाल किया जाए। पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना पॉक्सो के तहत अपराध नहीं है। शीर्ष अदालत ने 200 पन्नों के फैसले में कहा कि इंटरनेट पर डाउनलोड किए बिना भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना पॉक्सो धारा 15 के तहत 'ऐसी सामग्री' अपने पास रखने के बराबर माना जाएगा।



**बाल यौन शोषण शब्द के प्रयोग पर विचार करे केंद्र : कोर्ट**

# दहेज हत्या के मामले में सात वर्ष कारावास की सजा

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट विरेंद्र कुमार की कोर्ट ने सोमवार को दहेज हत्या के मामले में मृतका के पति, सास और ससुर को दोषी करार दिया। कोर्ट ने सभी आरोपितों को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 12 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर सजायाफ्ता को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

गोल्हौरा थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी पल्टूराम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी बेटी रेशमा की शादी 2017 में आशाराम पुत्र सुखलाल निवासी बैरवा थाना इटवा के साथ हुई थी। उसने एक बच्ची को जन्म दिया। वह एक वर्ष की है। उसकी पुत्री को बेटी की सास विंद्रावती देवी, ससुर सुखलाल

**12 हजार रुपये का लगाया जुर्माना पति, सास और ससुर को मिली सजा**

निवासी बैरवा दहेज के लिए अक्सर प्रताड़ित करते थे। कई बार उसके घर जाकर घर वालों को समझाया-बुझाया। छह नवंबर 2019 की सुबह हम सब को मालूम हुआ कि उनकी बेटी की मृत्यु हो चुकी है। उसे कुछ खिला- पिलाकर जान से मार दिया गया है। पुलिस की जांच में मृतका के शरीर के निचले हिस्से में अकड़न नहीं पाया गया। नाक से रक्तस्त्राव होना मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु संदिग्ध होना पाया गया। पुलिस ने जांच रिपोर्ट के आधार पर मृतका के पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# बकरा चोरी के चार आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, वढ़या : कठेला समय माता थाना पुलिस ने सोमवार को चार बकरा चोरों को गिरफ्तार किया। इसके पास कार, दो बकरा, चाकू बरामद हुआ। बताया जाता है कि ये लोग बहराइच जनपद से आते थे और बकरा, बकरी की चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हुए अपने शहर भाग जाते थे। चोरी के समय अगर किसी को पता चल जाता तो चाकू से उन्हें मारने की धमकी देते थे।

दो दिन पहले ऐसी ही एक घटना ग्राम कठेला गर्वी के टोला वीवीनगर में हुई। यहां हलीम नाम के व्यक्ति तंबू तानकर परिवार के साथ रहते थे। दो दिन पहले रात में कुछ लोग कार से आए और बकरा, बकरी को गाड़ी में लादने लगे। बकरे के चिल्लाने पर आंख खुली और मौके पर गए तो चाकू निकालकर धमकी दी कि शोर मचाया तो जान से मार देंगे। सुबह में इससे संबंधित तहरीर थाने पर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए खोजबीन कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने चेचराफ खुर्द स्थित सचिवालय के पास से कार सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो बकरा बरामद किया गया।

पुलिस ने सुहेल निवासी मंसूरगंज, थाना दरगाह शरीफ, आवेश निवासी छोटी तकिया थाना नगर, जाफर उर्फ भुर्रे निवासी मोकलियागंज थाना रिसिया व इकबाल निवासी चिलवरिया थाना कोतवाली देहात, सभी जनपद बहराइच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि विधिक कार्यवाही के बाद सभी को न्यायालय भेजा गया है।



कठेला थाने पर पुलिस गिरफ्त में बकरा चोर के आरोपित • जागरण

# डीएम व एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया

सिद्धार्थनगर। डीएम और एसपी ने सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरक आदि की जांच की और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे। सभी बैरकों का तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नहीं हुई। जेलर की ओर से बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोष जनक मिली। संवाद

# किशोरी को बरामद नहीं कर पायी पुलिस

सिद्धार्थनगर: लोटन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 15 वर्षीय बेटी को बरामद करने की गुहार एसपी से लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिये गए पत्र में पीड़िता ने कहा कि उसकी बेटी का अपहरण 31 अगस्त को गांव के एक युवक ने कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में दो सितंबर को मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद भी अभी तक आरोपित पकड़ से बाहर है। उसकी बेटी का भी पता नहीं चल पाया है। प्रभारी निरीक्षक लोटन राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अभी जल्द ही कार्यभार संभाले हैं। मामले की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो जल्द ही अपहरणकर्ता पुलिस की पकड़ में होगा।

**चोरी का आरोपित पकड़ा गया:** सिद्धार्थनगर : भवानीगंज थाना पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपित एक व्यक्ति को सोमवार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चुराये गए 35 सौ रुपये नकद भी बरामद किया है। आरोपित का नाम राजकुमार उर्फ आरके पुत्र छोटेलाल निवासी औरीशाहपुर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर है।

# चाइल्ड पोर्न देखना, डाउनलोड करना अपराध

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया दूरगामी परिणाम वाला महत्वपूर्ण निर्णय संसद को कानून में संशोधन का दिया सुझाव

माला दीक्षित ● जागरण

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिए एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि चाइल्ड पोर्न सामग्री डाउनलोड करना, देखना, संग्रह करना बाल यौन उत्पीड़न संरक्षण कानून (पाक्सो) और इनफारमेशन टेक्नोलाजी (आइटी) कानून के तहत अपराध है। शीर्ष अदालत ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी को अपराध मानने वाले पाक्सो और आइटी कानून के विभिन्न प्रविधानों की व्याख्या करते हुए मद्रास हाई कोर्ट का वह आदेश रद कर दिया जिसमें हाई कोर्ट ने कहा था कि चाइल्ड पोर्न सामग्री सिर्फ डाउनलोड करना व देखना पाक्सो और आइटी कानून के तहत अपराध नहीं है।

● कोर्ट ने कहा-इसे बाल यौन उत्पीड़न और शोषणकारी सामग्री कहा जाए

● सीजेआइ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मद्रास हाई कोर्ट का निर्णय पलटा

● हाई कोर्ट ने कहा था, चाइल्ड पोर्न को डाउनलोड करना व देखना अपराध नहीं



### सुप्रीम कोर्ट में वैवाहिक दुष्कर्म पर सुनवाई आज

नई दिल्ली, प्रेट्र: सुप्रीम कोर्ट वैवाहिक दुष्कर्म मामले पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। इस जटिल कानूनी प्रश्न संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई होगी कि क्या अपनी बालिग पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने वाले पति को दुष्कर्म के अपराध में मुकदमे से छूट मिलनी चाहिए या नहीं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पार्डीवाला की पीठ ने सोमवार को कहा कि ये याचिकाएं पहले ही कल के लिए सूचीबद्ध हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा

● सिर्फ चाइल्ड पोर्न सामग्री को रखना अपूर्ण अपराध है व इसे प्रसारित न किया जाए तो भी पोक्सो के तहत यह अपराध है।

● इसके कानूनी एवं नैतिक परिणामों के बारे में जानकारी समेत व्यापक सेक्स एजुकेशन कार्यक्रमों से संभावित अपराधियों को रोकने में मदद मिल सकती है।

● सार्वजनिक अभियानों के जरिये बाल यौन शोषण सामग्री की वास्तविकताओं एवं परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाने से इसे कम करने में मदद मिल सकती है।

● स्कूल प्रारंभिक पहचान और कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और छात्रों को स्वस्थ संबंधों, सहमति व उचित व्यवहार के बारे में शिक्षित करने वाले स्कूल-आधारित कार्यक्रमों के जरिये यौन व्यवहार (पीएसबी) को रोकने में मदद मिल सकती है।

● बाल यौन शोषण सामग्री बच्चों की गरिमा को बहुत कम करती है, उन्हें यौन संतुष्टि की वस्तु बनाती है, उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है।

● यौन अपराधों को कम करने के लिए सेक्स एजुकेशन के लाभों की समझ को बढ़ावा देना होगा

सेक्स एजुकेशन और पाक्सो कानून के प्रति जागरूकता पर बल देते हुए शीर्ष अदालत ने कुछ सुझाव दिए हैं और केंद्र सरकार को इस संबंध में जरूरी कदम उठाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पाक्सो कानून में 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द के प्रयोग पर आपत्ति जताते हुए संसद को सुझाव दिया है कि वह पाक्सो कानून में संशोधन कर 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन उत्पीड़न और शोषणकारी सामग्री' शब्द प्रयोग करने पर गंभीरता से विचार करे। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि तब तक के लिए वह अध्यादेश जारी कर इस संबंध में संशोधन लाने पर विचार करे। शीर्ष अदालत ने अदालतों से भी अपने आदेशों व फैसलों में ऐसा करने को कहा है।

दूरगामी परिणाम वाला यह महत्वपूर्ण फैसला प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पार्डीवाला की पीठ ने सुनाया है। पीठ ने मोबाइल पर चाइल्ड पोर्न संग्रह करने और देखने के आरोपित के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा निरस्त करने का मद्रास हाई कोर्ट का 11 जनवरी 2024 का आदेश खारिज करते हुए उसके विरुद्ध सत्र अदालत में लंबित मुकदमा बहाल कर दिया है। यानी आरोपित को अब पाक्सो और आइटी कानून के तहत चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित सामग्री रखने और देखने के लिए आपराधिक मुकदमे का सामना करना होगा। इस मामले में बाल संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले पांच गैरसरकारी संगठनों ने मिलकर जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन अलायंस नाम से याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। तमिलनाडु के इस मामले में न सिर्फ पाक्सो और आइटी कानून के तहत आरोपित के विरुद्ध एफआइआर दर्ज हुई थी, बल्कि जांच पूरी होकर आरोपपत्र भी दाखिल हो चुका था, लेकिन हाई कोर्ट ने आरोपित का मामला रद करने की याचिका स्वीकार करते हुए केस निरस्त कर दिया था। चाइल्ड पोर्न सामग्री रखने वाले की पोक्सो कानून की धारा-15 में आपराधिक मानसिकता जांचने के बारे में कोर्ट ने कहा कि अभियोजन को पहले उसके पास चाइल्ड पोर्न सामग्री का स्टोरेज साबित करना होगा और यह साबित करना होगा कि आरोपित व्यक्ति उस सामग्री को नष्ट करने, डिलीट करने या उसकी रिपोर्ट करने में नाकाम रहा।

---

## बच्चों से जुड़ी यौन सामग्री पर एक क्लिक आपको पहुंचा सकता है सलाखों के पीछे

# चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना, रखना व देखना पॉक्सो कानून के तहत अपराध : सुप्रीम कोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

**सामग्री का प्रसार न किया हो, तो भी होगी सजा ■ इंटरनेट पर बिना डाउनलोड ऐसी सामग्री देखना भी रखने के बराबर ■ मद्रास हाईकोर्ट का आदेश अन्यायपूर्ण बताकर किया खारिज**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी यानी बच्चों से संबंधित यौन सामग्री को डाउनलोड करने, अपने पास रखने या देखने मात्र को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत अपराध करार दिया है। शीर्ष कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को पलटते हुए सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। पीठ ने यह भी कहा, भले ही ऐसी सामग्री को दूसरे तक फैलाया नहीं गया हो, पर कोई व्यक्ति यदि इसे अपने पास रखता है, तो वह पॉक्सो और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराधी होगा।

इंटरनेट पर बिना डाउनलोड ऐसी सामग्री देखना भी पॉक्सो अधिनियम की धारा 15 के तहत अपने पास रखने के समान अपराध माना जाएगा। शीर्ष कोर्ट ने कहा, बाल पोर्न सामग्री रखना अधूरा नहीं, बल्कि पूरा अपराध है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ व जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने बच्चों के यौन उत्पीड़न को पूरी दुनिया के समाजों में प्लेग की तरह फैलने वाला व्यापक रोग मानते हुए इसे भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय करार दिया। उन्होंने माना, मद्रास हाईकोर्ट का इस बारे में दिया गया फैसला अन्यायपूर्ण था। हाईकोर्ट ने 11 जनवरी के फैसले में 28 साल के युवक को अपने फोन में बच्चों से जुड़ी यौन सामग्री डाउनलोड करने के मामले में पॉक्सो के तहत आपराधिक कार्यवाही से बरी कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था, ऐसी सामग्री महज अपने पास रखना अपराध नहीं है।

शीर्ष कोर्ट ने कहा, हाईकोर्ट ने फैसले में गंभीर चूक की है। हमारे पास फैसले को रद्द करने और तिरुवल्लूर जिला कोर्ट में आपराधिक कार्यवाही फिर से शुरू करने का निर्देश देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

>> संबंधित पेज 10 पर

■ **संसद चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द पर रोक के लिए अध्यादेश लाए**

इस संवेदनशील मुद्दे पर कई निर्देश जारी करते हुए पीठ ने संसद से आग्रह किया कि ऐसे अपराधों की वास्तविकता को ज्यादा सटीकता से दिखाने के लिए चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह 'बाल यौन उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार सामग्री' का इस्तेमाल हो। इसके लिए पॉक्सो कानून में अध्यादेश से संशोधन करने पर विचार हो।



**अदालती फैसलों में चाइल्ड पोर्न शब्द का इस्तेमाल नहीं :** पीठ ने सभी अदालतों को निर्देश दिया कि किसी भी न्यायिक आदेश या फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया जाए। इसके बदले बाल यौन उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार सामग्री (सीएसईएएम) का उपयोग हो।

### व्यापक यौन शिक्षा कार्यक्रम शुरू हो

शीर्ष कोर्ट ने यौन शिक्षा को व्यापक रूप से लागू करने का सुझाव दिया, जिसमें बाल यौन उत्पीड़न के कानूनी व नैतिक प्रभावों की जानकारी हो। कोर्ट ने कहा, इससे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। इन कार्यक्रमों के जरिये आम गलतफहमियां दूर की जाएं। युवाओं को सहमति व शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ दी जाए।

### विशेषज्ञ समिति पर सहमति

कोर्ट ने केंद्र सरकार के विशेषज्ञ समिति बनाने के विचार का समर्थन किया। समिति सेहत व यौन शिक्षा के लिए व्यापक कार्यक्रम या तंत्र बनाने में मदद करेगी। इसके साथ, बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक करने की सलाह दी गई, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और बाल कल्याण के लिए मजबूत व सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

### जांच में सतर्क रहे पुलिस

पीठ ने कहा, पुलिस व अदालतें बाल पोर्नोग्राफी के मामले की जांच में पाती हैं कि धारा 15 की विशेष उपधारा लागू नहीं हो रही, तो उन्हें इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए कि पॉक्सो में कोई अपराध ही नहीं बनता। उन्हें पता लगाने का प्रयास करना चाहिए कि यह अन्य उपधाराओं के अंतर्गत आता है या नहीं।

# बाल पोर्नोग्राफिक सामग्री को रखना अधूरा नहीं, पूर्ण अपराध : शीर्ष कोर्ट

## कहा-इसे आगे प्रसारित न भी किया जाए तो भी पूर्ण अपराध

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बाल पोर्नोग्राफिक सामग्री रखने को अपराध मानने के लिए कानूनी शब्द अधूरे अपराध का इस्तेमाल किया। कोर्ट ने कहा कि अगर इसे आगे प्रसारित न भी किया जाए तो भी यह पॉक्सो के तहत पूर्ण अपराध माना जाएगा। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा है, अधूरे अपराध को ऐसे आपराधिक कृत्य के रूप में परिभाषित किया जाता है जो किसी और अपराध की तैयारी में किए जाते हैं। अधूरे शब्द का मतलब ही अविकसित या अधूरा होता है।

कोर्ट ने कहा है कि आपराधिक न्यायशास्त्र में आमतौर पर, अपराध करने के लिए आपराधिक इरादा रखना, अपराध करने की एक शर्त होती है। अधूरे अपराधों का सिद्धांत आपराधिक न्यायशास्त्र की आधारशिला है। इसका उद्देश्य उन लोगों की कानूनी जिम्मेदारी को संबोधित करना है जो किसी भी ठोस अपराध को करने की तैयारी में लगे हैं। फैसले में कोर्ट ने कहा कि एक अधूरा या प्रारंभिक अपराध आपराधिक कृत्य के होने से पहले की प्रारंभिक कार्रवाइयों को दर्शाता है। कोर्ट ने माना कि किसी भी चाइल्ड पोर्नोग्राफिक सामग्री को केवल कब्जे में रखना, आगे वितरण के बिना भी, एक अपराध माना जाएगा। कानूनी सिद्धांत में कहा गया है कि कानून न केवल पहले से किए गए अपराधों पर प्रतिक्रिया करता है, बल्कि तब भी हस्तक्षेप करता है जब कोई अपराध होने की प्रक्रिया में होता है।

### पॉक्सो की धारा 15 के तहत आते हैं 3 अपराध

पॉक्सो की धारा 15 में तीन अलग-अलग अपराधों के लिए प्रावधान हैं।



इसकी उपधारा 1, 2 या 3 बाल पोर्न सामग्री के किसी विशेष इरादे से किए गए भंडारण या कब्जे को दंडित करती है।

- **एनजीओ ने दी थी चुनौती :** एनजीओ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस ने हाईकोर्ट के फैसले की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मामले में हस्तक्षेप किया।

## अपराध स्थापित करने के लिए मूल तथ्य भी स्पष्ट किया

नई दिल्ली। बाल पोर्नोग्राफी पर सुनाए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि पॉक्सो कानून की धारा 15 के तहत ऐसे अपराध को स्थापित करने के लिए अभियोजन पक्ष को किस मूलभूत तथ्य का ध्यान रखना होगा। फैसले में कहा गया है, इसके तहत धारा 15 की उपधारा 1 लागू होने के लिए अभियोजन को जो आवश्यक मूल तथ्य पहले स्थापित करना होगा वह यह है कि संबंधित व्यक्ति ने बाल अश्लील सामग्री का भंडारण किया या अपने कब्जे में रखा और उसे हटाने, नष्ट करने या पुलिस को इसकी सूचना देने में विफल रहा। 200 पेज का फैसला लिखने वाले जस्टिस पारदीवाला ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को उचित कार्रवाई के लिए इस फैसले की एक-एक प्रति कानून और न्याय मंत्रालय के प्रधान सचिव और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रधान सचिव को भेजने का निर्देश देते हैं। ब्यूरो

### आईटी कानून की धारा 67बी की उद्देश्यपूर्ण व्याख्या की जानी चाहिए

बाल पोर्न सामग्री रखने को आईटी कानून का उल्लंघन करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आईटी कानून की धारा 67बी बच्चों के ऑनलाइन शोषण और दुर्व्यवहार के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक रूपों को संबोधित करने और दंडित करने के लिए बनाया गया एक व्यापक प्रावधान है। यह न केवल बाल पोर्नोग्राफिक सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रसार को दंडित करता है, बल्कि ऐसी सामग्री के निर्माण, कब्जे, प्रचार और उपभोग के साथ-साथ बच्चों के ऑनलाइन यौन दुर्व्यवहार और शोषण के विभिन्न प्रकार के प्रलोभन और अपमानजनक कृत्यों को भी दंडित करता है।

# दहेज हत्या में पति को सात साल की सजा

## अदालत ने दोषी पति को 14 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट पीठासीन वीरेंद्र कुमार ने दहेज हत्या के अपराध में दोषी पति आशाराम को सात साल की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया है। वहीं ससुर सुखलाल एवं सास विंद्रावती को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। सभी इटवा थानाक्षेत्र के ग्राम बैरवा के निवासी हैं।

घटना इटवा थानाक्षेत्र के ग्राम बैरवा में छह नवंबर 2019 को घटी थी। पल्टू राम निवासी तिवारीपुर, थाना गोल्हौरा ने पुलिस को तहरीर दी कि उसने पुत्री रेशमी की शादी वर्ष 2017 में आशा राम पुत्र सुखलाल के साथ किया था। रेशमा के पास लगभग एक वर्ष की पुत्री है। उसको उसकी सास विंद्रावती देवी, ससुर सुखलाल निवासीगण बैरवा, थाना इटवा हमेशा दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। छह नवंबर 2019 को सुबह फोन पर मालूम हुआ कि लड़की की मृत्यु हो गयी है। तत्काल अपने गांव से लड़की की ससुराल आया तो लड़की का शव घर के बाहर चारपाई पर पड़ा था। लड़की को उसके पति व सास ने मिलकर कुछ खिला-पिला कर मार डाला है।

**अदालत से**

**ससुर सुखलाल और सास विंद्रावती को साक्ष्य के अभाव में किया दोषमुक्त**

पुलिस ने केस दर्ज करके पोस्टमार्टम करवाया और विवेचना के बाद तीनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने विचारण के बाद दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनकर पत्रावली का सम्यक अवलोकन किया। गवाहों की गवाही, जिरह, एफआईआर, आरोप पत्र, केस डायरी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य सुसंगत साक्ष्यों के आधार पर पति आशाराम को दहेज हत्या का दोषी ठहराया।

न्यायालय ने पति को सात साल की सजा सुनाते हुए उसपर 14 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। राज्य सरकार की तरफ से पीड़ित पक्ष की पैरवी एडीजीसी संतोष कुमार मिश्र ने किया।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# बहू व उसके घर वालों पर सास-ससुर समेत तीन को मारने-पीटने का आरोप

**संतकबीरनगर।** घर की छोटी बहू पर अपने ही सास-ससुर समेत तीन लोगों को घर वालों की मदद से मारपीट कर घायल करने का आरोप है। पीड़ित बुजुर्ग का यह भी आरोप है कि उसे थाना बखिरा में अर्धनग्नवस्था में बैठाया गया। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में थाना बखिरा के ग्राम बरडाड़ निवासी बंशीधर पुत्र सुगनू ने कहा है कि वह करीब 75 वर्ष का है और उसका बेटा बाहर रहकर मजदूरी करता है। घर पर वह और उसकी पत्नी चन्द्रावती व बहुएं तथा बच्चे रहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि उसकी छोटी बहू ज्योति पत्नी रवीन्द्र काफी मनबढ़ व दबंग महिला है।

**थाना बखिरा में अर्धनग्नवस्था में भी बैठाये जाने का लगाया आरोप, एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की**



थाना बखिरा में अर्धनग्नवस्था में खड़ा पीड़ित बुर्जुग। फोटो : एसएनबी

इसने मेरे व मेरे बेटे, पत्नी तथा विवाहिता पुत्री के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा महिला थाने में फर्जी तरीके से दर्ज कराया है। जिसमें मेरी जमानत भी न्यायालय से हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मेरी छोटी बहू मुकदमा दर्ज कराने के बाद भी जबरन घर में रहती है जिसके खर्च आदि मैं ही करता हूं। 20 सितंबर 2024 को करीब 6:00 बजे ज्योति पत्नी रवीन्द्र ने अपनी बुआ सोहबाती पत्नी रामशेखर के उकसावे में आकर पारिवारिक कलह को लेकर धारदार हथियार से मुझे मार दिया। जिससे मेरे बायें हाथ की अंगुली कट गई। इसके बाद अपनी बुआ के साथ मिलकर मुझे व मेरी पत्नी चन्द्रावती को मारपीट कर घायल दिया। जबरन घर में ताला बंद कर दिया है और धमकी दी है कि यदि घर में घुसोगे तो जान से मार डालूंगी। घटना की सूचना पुलिस चौकी दुर्गजोत तथा थाना बखिरा को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि इसकी सूचना जब मेरी बहू को हुई तो उसके बुलावे पर उसके मायके से संतराम पुत्र सूर्यभान, नोहर पुत्र चुम्मन लाल यादव, विजेन्द्र पुत्र मनीराम व सोहबत्ती पत्नी रामशेखर, जितेन्द्र पुत्र रामशेखर चार पहिया वाहन से रात्रि करीब 9:30 बजे घर पहुंचे। जहां मैं सोया हुआ था। उक्त लोगों ने घर में घुसकर मुझे व मेरी पत्नी चन्द्रावती व बड़ी बहू संगीता को लोहे की रॉड, बंदूक व पिस्टल के बट से पिटाई करके अधमरा कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि संतराम ने पिस्टल दिखाकर जबरिया अपनी गाड़ी में बैठाकर मारते-पीटते हुए थाना बखिरा पर ले गए और वहां पर भी धमकी दिए कि मेरी पहुंच बहुत ऊपर तक है। मुझे थाने पर अर्धनग्नवस्था में बैठाया गया। पीड़ित का आरोप है कि वहां के एक दारोगा के द्वारा धमकी दी गई कि तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिख देंगे। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

धनघटा । खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में नामजद गोरखपुर जिले के हरपुर-बुदहट थानान्तर्गत कब्सा गांव निवासी एक आरोपी को महुली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया। आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई महुली पुलिस ने सीओ धनघटा के निर्देश पर पूरी की है। विदित हो कि खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के एक दलित नाबालिग किशोरी के साथ गोरखपुर जिले के हरपुर-बुदहट थानान्तर्गत कब्सा गांव निवासी सूरज पुत्र परमात्मा चौधरी नामक युवक ने दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म का विरोध करने पर आरोपी सूरज द्वारा पीड़िता को गाली और धमकी देकर चुप कराते हुए घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 376 (2) (एन), 504, 506 एससी-एसटी एवं पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी की तलाश कर रही थी। दर्ज उक्त मुकदमे की विवेचना सीओ धनघटा द्वारा की जा रही थी। सीओ धनघटा को जरिए मुखबिर मिली सूचना के आधार पर महुली थाने के उपनिरीक्षक संजय सिंह हमराही पुलिसकर्मी जितेन्द्र यादव व सत्येन्द्र यादव ने धनघटा थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार में घेराबंदी कर उक्त आरोपी सूरज को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया।

# होटल में धर्म परिवर्तन की सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी

**हिन्दू संगठनों का रहा जमावड़ा**

**देर रात की घटना, पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ**

मेंहदावल (एसएनबी)। देर रात मेंहदावल थाना क्षेत्र के बीएमसीटी मार्ग के नायक टोला मोहल्ले स्थित एक निजी मैरिज हाल में धर्म परिवर्तन के लिए आयोजित एक कार्यक्रम की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान कुछ हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता भी वहां पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस ने लगभग एक घंटे तक सारे कागजात जांच कर अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बाद दोनों पक्षों को शादी होने की अनुमति दे दी। इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं रही। सूचना पर होटल के बाहर लोगों की भीड़ लगी रही।

मेंहदावल थाना क्षेत्र के बीएमसीटी मार्ग के नायक टोला मोहल्ला में स्थित पीएस मैरिज हल में कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच लोकल इंटेलीजेंस ने इसकी सूचना मेंहदावल पुलिस को दी कि यहां पर धर्म परिवर्तन की कार्यक्रम चलने की सूचना है। घटना की जानकारी के बाद तत्काल मेंहदावल थानाध्यक्ष आरके सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे उसके बाद वहां कुछ महिला ने अंदर आने से मना कर दिया। इसके बाद महिला पुलिस कर्मियों को बुलाया गया। महिला पुलिसकर्मियों के आने के बाद टीम अंदर जाकर छानबीन शुरू की। लगभग 1 घंटे तक पुलिस ने वहां वर व वधू पक्ष के सारे कागज को गहनता से चेक की, उसके बाद उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए शादी करने की अनुमति दी। वधू ने 12 दिसंबर 2023 को तेलंगाना राज्य से धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम धर्म अपनाया है। उसके बाद वह कुशीनगर के रहने वाले मुस्लिम धर्म के मोहम्मद जैद पुत्र मिर्जा अगिश अहमद तीस साल वर्ष निवासी एक कुशीनगर युवक से शादी करने के लिए यहां पर आई हुई थी। घटना की जानकारी होने के बाद तमाम हिंदू संगठन व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। मैरिज हल के बाहर लगभग सैकड़ो की संख्या से अधिक लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को कई बार वहां से भीड़ हटाने के लिए एक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इस मामले में मेंहदावल थानाध्यक्ष आरके सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी के बाद मैरिज हल पर गया हुआ था, क्योंकि दोनों वर - वधू बालिग है व एक ही धर्म के है इसलिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए शादी करने की अनुमति दी गई है और सारे रिश्तेदारों के डिटेल को इकट्ठा किया गया है।

## होटल में कमियां मिलने पर पुलिस ने संचालक को लगाई फटकार

बीएमसीटी मार्ग पर स्थित पीएस मैरिज हाल में धर्म परिवर्तन की सूचना जब मेंहदावल पुलिस ने छापेमारी की तो वहां मौजूद लोगों का आधार कार्ड व समेत आदि कागज होटल संचालक से मांगा तो वह नहीं दे सके। जिस पर थानाध्यक्ष आरके सिंह ने होटल संचालक को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की जांच में होटल का महत्वपूर्ण कागजात न होने से कार्रवाई की चर्चाएं है।

# निजी अस्पताल में नवजात की मौत, शव देने के नाम पर बीस हजार ₹ मांगने का आरोप

**मेंहदावल (एसएनबी)।** मेंहदावल तहसील क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला के नवजात शिशु की मौत पर हो गई। पीड़ित का आरोप है कि डाक्टर दंपति उसके मृत बच्चे को अपने पास लेकर ₹20 हजार की मांग करने लगे और ₹ जमा करने पर ही बच्चा देने की बात कही। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

**पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में दी तहरीर**

मेंहदावल पुलिस को दिए हुए प्रार्थना पत्र में थाना क्षेत्र के टेंडुआ गांव निवासी आशीष मिश्र पुत्र मोहरत ने बताया कि मेरी पत्नी मंजुला गर्भवती थी। उनका इलाज मेंहदावल के दिव्या देव हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर मोहल्ला उत्तरपट्टी सियर में चल रहा था। बीते 21 सितंबर को रात में तबीयत थोड़ी खराब होने पर उन्होंने अस्पताल में आकर डॉक्टर अर्चना त्रिपाठी व लोकेश त्रिपाठी को बताया। डाक्टर दंपति ने एक कंपाउंडर को इंजेक्शन लगाने के लिए मेरे लिए घर भेजा। उसके बाद भी आराम नहीं होने पर मैं अपनी पत्नी को अस्पताल में एडमिट कराने लेकर आया। यहां पर उसकी तबीयत और खराब हो गई और मैं बार-बार वहां डॉक्टर को बुलाने के लिए कहा लेकिन वहां उपस्थित लोगों द्वारा डॉक्टर को नहीं बुलाया गया। सुबह आठ बजे नवजात शिशु ने जन्म लिया जो मृत था। पीड़ित का आरोप है कि जब मैं डिस्चार्ज करा कर अपनी पत्नी को लेकर बाहर आ रहा था तभी मुझसे ₹20 हजार की मांग होने लगी। पीड़ित का आरोप है कि उसके मृत बच्चे को अपने पास ले लिया गया और कहा गया कि ₹ जमा करो तभी यह बच्चा देंगे। मैंने कहा कि आप लोगों की लापरवाही से मेरा बच्चा मर गया है। आप लोग अगर देखने आए होते तो यह स्थिति नहीं होती। वहीं इस संबंध में थाना मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है।

पुलिस अस्पताल पर जांच करने गई थी। अगर जांच में किसी तरह की लापरवाही अस्पताल द्वारा सामने आती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# अपराध पर अंकुश के लिए महिला बीट

**पहल**

**शोभित कुमार पांडेय**

**55** महिला सिपाहियों की हुई तैनाती

■ महिला अपराध करने वालों की तैयार करेंगी कुंडली

**जन जागरूकता के साथ करेंगी प्रचार-प्रसार**

महिला बीट की महिला पुलिस कर्मी विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों जैसे 1090, डायल 112, 1076, 181 आदि के बारे में महिलाओं को जानकारी देंगी। इसके साथ ही महिला अपराध संबंधी कानूनों के बारे मे जागरूक करेंगी। महिलाओं के लिए विधिक सहायता यथा डालसा, सालसा विधिक परामर्श केंद्र के बारे में बताएगी। महिलाओं एवं बच्चों के तस्करी के बारे में जानकारी जुटाएगी। पॉक्सो एक्ट के बारे मे कार्यस्थल पर जागरूक करेंगी।

"महिला अपराध की घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए महिला बीट प्रणाली को सशक्त बनाया गया है। प्रत्येक बीट में दो महिला आरक्षियों की तैनाती की गई है। महिला आरक्षी अपराध नियंत्रण के साथ-साथ महिलाओं को जागरुक करेंगी। इनके कार्यो का पर्यवेक्षणीय अधिकारी नियमित समीक्षा करेंगे। वैसे शासन की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दिए जाने के लिए पुलिस, राजस्व, विकास आदि विभागों की टीम बनाई गई है, जो गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगी।

**सत्यजीत गुप्ता,** एसपी संतकबीरनगर

संतकबीरनगर। महिला बीट प्रणाली को मजबूत बना कर अपराध नियंत्रण की दिशा में सार्थक पहल हुई है। बीट पर नियुक्त महिला सिपाही अपने-अपने क्षेत्रों की घरेलू अंतःकलह की भी जानकारी जुटाएंगी। इसके साथ ही महिलाओं को जागरुक करेंगी। जिससे अपराध घटित होने से पूर्व या घटित होने पर झिझक तोड़ कर पुलिस की सहायता ले सकें। इतना ही नहीं महिला अपराध करने वालों की कुंडली भी तैयार करेंगी।


प्रदेश में महिला अपराध पर नियंत्रण लगाने की दिशा में शासन- प्रशासन बेहद गंभीर है। इसके लिए महिला बीट प्रणाली को सुदृढ़ करना शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। डीजीपी की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस आयुक्त, समस्त कमिश्नरेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए है। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों का उनकी बीट में नियमित भ्रमण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई है। इसके साथ ही बीट भ्रमण के दौरान निर्दिष्ट कार्यों का समयबद्ध संपादन कराए जाने के लिए पर्यवेक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की है, जो नियमित समीक्षा करेंगे। थाने की सामान्य बीटों, हल्कों को पूर्व के निर्देशों के अनुसार यथावत रखते हुए दो या तीन सामान्य बीटों को जोड़ कर एक महिला बीट बनाई गई है। प्रत्येक महिला बीट में अनिवार्य रूप से दो महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। वैसे जिले में कुल 26 बीट बनाई गई है। जिसमें कोतवाली खलीलाबाद में 10, दुधारा में पांच धनघटा में दो, महुली में चार, मेंहदावल में चार, बखिरा में तीन, बेलहर में एक और धर्मसिंहवा में दो महिला बीट बनी है। इसमें कुल 55 महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

**अपराधों के रोकथाम की दिशा में करेंगी काम :** बीट पर महिला पुलिस कर्मी शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री, घेरलू हिंसा, प्रेम प्रसंग, अवैध संबंध के बारे में जानकारी जुटाएगी। इसके साथ ही महिला अपराध एवं उससे संबंधित अभियुक्तों के बारे में, घरेलू यौन अपराध, होटल स्पा, ब्यूटी पार्लर, काल सेंटर, पार्क, कोचिंग सेंटर, हॉस्पिटल, माल, रेस्टोरेंट के विषय में भी जानकारी जुटाएगी। छेड़खानी के प्रमुख स्थलों, बीट क्षेत्र के शराबी, मनचलों, छेड़खानी करने वाले स्थानीय गुंडों के बारे में भी जानकारी हासिल करेंगी। बीट क्षेत्र में यदि बाहर से कोई महिला, बच्चा आकर निवास कर रहा हो अथवा क्षेत्र की कोई महिला, बच्चा गायब हो तो उसके बारे में भी पता करेंगी। जुआ के अड्डे, चैन स्नेचिंग के संभावित सीन एवं ऐसे सुनसान सीन जहां महिला अपराध की संभावना रहती है यानि डार्क स्पाट के संबंध में भी जानकारी जुटाएंगी। ताकि इन सभी बिंदुओं पर पुलिस तगड़ी प्रभावी कार्रवाई कर सकें।

# एएसपी ने रेलवे ट्रैक का लिया जायजा

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सुरक्षा के दृष्टिगत रेलवे ट्रैक अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने रात्रि में निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने सभी बिन्दुओं पर बारीकी से देखा और संबंधित को दिशा निर्देश दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र कोतवाली से होकर गुजरने वाले कमलापति त्रिपाठी मार्केट सहित अन्य रेलवे ट्रैकों का रात्रि में जायजा लिया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं को बारीकी से देखा गया। क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे ट्रैकों की सुरक्षा समुचित तरीके से हो जो शासन की प्राथमिकता में है। इसके लिए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह सहित व अन्य पुलिस बल के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करते एएसपी, साथ में सीओ व अन्य। फोटो : एसएनबी

# मनबढ़ों ने एक परिवार के चार सदस्यों को पीटा

संतकबीरनगर। शहर के कांशीराम आवास में रहने वाले एक ही परिवार के चार सदस्यों को मामूली विवाद में कुछ मनबढ़ युवकों ने पीट कर घायल कर दिया। सोमवार को पुलिस ने तीन युवकों पर केस दर्ज किया। कांशीराम आवास निवासी इंदू देवी पत्नी राजेश कुमार का आरोप है कि 18 सितंबर की शाम सात बजे किशन ऊर्फ नेता, उमर, शाहित निवासी कांशीराम आवास एक साथ तेज रफ्तार बाइक से पहुंचे और उसके ब्लॉक के सामने गिर पड़े। उस वक्त बिजली नहीं थी। वह टॉर्च दिखाई। आरोप है कि तीनों उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध पर तीनों घर में घुस गए और उसे, सास और बेटी को मारे पीटे। उसकी बेटी का बाल पकड़ कर खींचते हुए बाहर ले गए। शोर सुनकर उसका 14 वर्षीय बेटा सोनू पहुंच कर छुड़ाने लगा तो उक्त लोग उसके बेटे को मारपीट कर घायल कर दिए।

# घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

लोहरौली, हिन्दुस्तान संवाद। दुधारा थाना क्षेत्र के चिवटना चौराहे पर सोमवार को देर शाम एक बोलेरो ने एक व्यक्ति को ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे आस पास के लोग सीएचसी इलाज के लिए ले जा रहे थे। इलाज के लिए ले जाते समय घायल व्यक्ति की मौत हो गई। शव पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

सेमरियावां के पचदेवरा निवासी परमात्मा वर्मा पुत्र राम देव (71) दिन में करीब 5 बजे चिवटना चौराहे पर स्थित घर पर पैदल जा रहा था। परमात्मा सरयू नहर की पुलिया पारकर घर पहुंचने वाला था कि नौवा गांव की ओर से एक तेज रफ्तार बोलेरो आ रही थी। जा रहे व्यक्ति को बोलेरो ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।




दुर्घटना के बाद गाड़ी को निकालती जेसीबी व ग्रामीण। • हिन्दुस्तान

## बेटी के शादी का रह गया अरमान

पचदेवरा निवासी परमात्मा के परिवार में दो बेटे व तीन बेटी है। परमात्मा ने बड़ी पुत्री व एक बेटा की शादी कर दिया है। एक पुत्र व दो पुत्रियों के शादी का अरमान टूट गया। पांच बच्चों के पिता की मौत से पूरा परिवार टूट कर बिखर गया। माता-पिता व भाई बहन गुड़िया की शादी धूमधाम से करने की तैयारी कर रहे थे। हंसते खेलते परिवार के मुखिया की मौत से पत्नी व बच्चों पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा।

# दुकानदार को पीटने के आरोप में 11 पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली पुलिस ने डीघा पुल के नीचे दुकान चलाने वाले एक दुकानदार को मारपीट के आरोप में तीन नामजद समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बगहिया मोहल्ले के बलराम गुप्ता ने बताया कि रविवार को वह अपने डीघा पुल के नीचे स्थित दुकान पर बैठे थे तभी बरदहिया बाजार के बंटी ठाकुर उर्फ विजय शर्मा, कांशीराम आवास के दर्शन और पुरानी सब्जी मंडी के विनय राय आपने सात से आठ अज्ञात सहयोगियों के साथ लाठी डंडा लेकर चार पहिया वाहन से उतरे और उनको बिना कुछ कहे सुने जान से मारने की नीयत से पीटते हुए पैर को लाठी से पीटकर तोड़ दिए।



रेलवे ट्रैक का जायजा लेते एएसपी। ● हिन्दुस्तान

# एएसपी ने रेलवे ट्रैक का लिया जायजा

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने रविवार की देर शाम खलीलाबाद- मगहर रेलवे स्टेशन के बीच गुजरे रेलवे ट्रैक का जायजा लिया। इसके साथ ही संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा को लेकर रेलवे प्रशासन के साथ ही पुलिस प्रशासन भी बेहद संजीदा है। उसी कड़ी में एएसपी सुशील कुमार सिंह,सीओ अजीत चौहान, कोतवाल सतीश सिंह ,मगहर चौकी इंचार्ज राजीव सिंह, कांटे चौकी इंचार्ज दिलीप सिंह ने रविवार की देर शाम सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेलवे ट्रैक को बारीकी से देखा।

# झूठी निकली सूचना बैरंग लौटी पुलिस

मेंहदावल। नगर पंचायत मेंहदावल के एक मैरेज हाल में सोमवार की देर शाम दो धर्मों के युवक- युवती की शादी होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की जांच पड़ताल में सूचना झूठी निकली। युवक- युवती एक ही धर्म के थे। जांच के बाद पुलिस बैरंग वापस लौट गई।

# एमवी एक्ट में 53 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 53 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 58,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की।

# दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपी को उमरिया बाजार के दक्षिण बंधे से गिरफ्तार किया। एसओ रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता से दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट क्षेत्र के रहने वाले आरोपी सूरज पर दुष्कर्म, धमकी देने और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# बीएमसीटी मार्ग पर जाम की समस्या

## परेशानी

जागरण संवाददाता, दुधारा : बीएमसीटी मार्ग पर लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ रही है। क्षेत्र के लोहरौली, भिटवा, बाघनगर, सेमरियावां जैसे प्रमुख चौराहे पर हर दिन जाम लग रहा है। जाम के चलते इस मार्ग पर वाहन रेंगकर चल रहे हैं। साइकिल व रिक्शा, बाइक और पैदल चलने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर अतिक्रमण के कारण दिक्कत हो रही है। विभागीय अधिकारी मामले में बेखबर बने हुए हैं।



बीएमसीटी मार्ग पर स्थित लोहरौली मे लगा जाम। जागरण

सोमवार को चौराहों पर दो घंटे से ज्यादा लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ी। दुधारा थाना में गुरुवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। शासन ने वर्षों से क्षतिग्रस्त सड़क का दंश झेल रहे लोगों को सड़क निर्माण कार्य पूरा कराकर उनके समक्ष पेश सारी बाधाएं दूर कर दिया था। लेकिन प्रसिद्ध बाजारों में ब्लाक मुख्यालय, अस्पताल, बैंक सहित कई शिक्षण संस्थान हैं। जिसके कारण क्षेत्रीय लोगों सहित छात्र-छात्राओं तथा लगने वाले साप्ताहिक बाजार के कारण वाहनों व लोगों का जमावड़ा लग जाता है।

लोगों ने कहा कि सड़क की पटरी पर अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के चलते सड़क पर जाम लग रहा है। स्कूलों से छुट्टी के समय चौराहों पर विद्यालयों से वाहनों के आते ही पीछे से जाम लगना शुरू हो जाता है। सड़क के दोनों किनारों पर अतिक्रमण के चलते जगह नहीं बचती है।

इस संबंध में दुधारा के थानाध्यक्ष जेपी दुबे ने कहा कि जाम की समस्या के निस्तारण के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। अगर पटरी के किनारे अतिक्रमण मिलेगा तो कार्रवाई होगी। इसको लेकर तैयारी परी कर ली गई है।

**53 वाहन चालकों से भरवाया जुर्माना : संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने वाले 53 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के मामले में कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से 58 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# महिला को पीटने के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली पुलिस ने कांशीराम आवास में महिला को पीटने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि कांशीराम आवास की रहने वाली इंदू देवी ने बताया कि वह ब्लाक नंबर 40 में परिवार के साथ रहती है।

18 सितंबर को शाम सात बजे के करीब दूसरे ब्लाक के किशन उर्फ नेता व अमर और शाहिल तीनों एक साथ बाइक तेज रफ्तार से आए और उनके ब्लाक के सामने गिर पड़े। वहां लाइट नहीं थी जिसके चलते वह टार्च जलाकर देखने लगी। जिस पर उक्त तीनों अपशब्द कहने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपित उसके घर में घुसकर उन्हें व उनकी लड़की और सास को को पीटने लगे। उनकी लड़की का बाल पकड़ कर खीचते हुए घर के बाहर लाए और मारने लगे।

# होमगार्ड से मारपीट मामले में तीन पर केस

जासं, संतकबीर नगर : मेंहदावल बाईपास के नीचे से ठेला हटवाने के दौरान होमगार्ड को पीटने तथा जाति सूचक शब्द कहते हुए काम में बांधा डालने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि कोतवाली में तैनात होमगार्ड लालधर ने तहरीर में लिखा है कि 21 सितंबर को वह बाईपास चौराहे पर ड्यूटी पर वर्दी में थे। सुबह 11 बजे के करीब कुछ लोग ब्रिज के नीचे से फल का ठेला लगाकर आवागमन बाधित कर रहे थे। वह फल का ठेला हटवाकर किनारे लगवा रहे थे। बरई टोला की लक्ष्मी, सिंदूरी तथा पठान टोला की संगीता ठेला न हटाने का विरोध करने लगी।

# मारपीट और लूटपाट के मामले में छह पर केस

**बखिरा**। बखिरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और लूटपाट के मामले में छह आरोपियों पर केस दर्ज किया है। क्षेत्र के चिट्ठापार गांव निवासी शिवचंद यादव उर्फ प्रेमचंद ने कोर्ट को दिए प्रत्यावेदन में बताया कि 20 जनवरी की देर शाम सात बजे धर्मेंद्र का उपनाम बुलाने की बात को लेकर गांव के ही विपक्षी धर्मेंद्र, संदीप, पंकज कुमार, मनोज, राजेश व विशंभर दरवाजे पर चढ़ आए और गाली देने लगे। मना करने पर मारने के लिए दौड़ पड़े। उनसे बचने के लिए घर में घुसकर दरवाजा बंद करने लगे तो वह जबरदस्ती घुसकर मारे-पीटे। बचाव में आई पत्नी व अन्य से भी मारपीट की। इसके बाद उक्त लोग जानमाल की धमकी देते हुए बाइक को तोड़कर पत्नी के गले का मंगलसूत्र लेकर भाग गए। पुलिस ने उनके ही खिलाफ केस दर्ज कर लिया। थाना बखिरा पुलिस ने मामले में कोर्ट के आदेश पर सभी आरोपी के खिलाफ तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। संवाद

## पति व सास-ससुर पर मारपीट का केस

**संतकबीरनगर।** दुधारा क्षेत्र के मदना गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट का मामला पुलिस के सामने आया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया। मुवस्सिरा खातून ने बताया कि 21 सितंबर को रात 11 बजे पारिवारिक विवाद को लेकर पति अब्दुल हकीम, ससुर-सास गाली देते हुए मारे-पीटे। इसकी सूचना मायकेवालों को दी। 22 सितंबर को मां और भाई ससुराल आए और बातचीत शुरु की। संवाद

## घर में घुसकर मारपीट का केस

**बखिरा।** बखिरा थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर घर में घुसकर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। करैली गांव निवासी जवाहिर ने कोर्ट को दिए प्रत्यावेदन में बताया कि छह मई को शाम पांच बजे मिट्टी उड़ने के विवाद को लेकर पटीदार शांती देवी, गुड़िया व नेहा गाली देने लगे। मना करने पर मारने के लिए टूट पड़े। वह बचने के लिए अपने घर में भागे तो उक्त लोगों ने जबरदस्ती घर में घुसकर मारपीट की। संवाद

## गड्ढे में कूड़ा फेंकने के विवाद में मारपीट

**संतकबीरनगर।** दुधारा क्षेत्र के पिड़वा गांव स्थित गड्ढे में फेंकने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला पुलिस के सामने आया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया है। मोहम्मद जमील ने शिकायत पत्र के माध्यम से बताया कि 21 सितंबर को सुबह आठ बजे उनके द्वारा प्लास्टिक में कूड़ा रखकर गड्ढे में फेंकने की बात को लेकर गांव के ही मूंसे गुप्ता गाली देते हुए मारे-पीटे। संवाद

## महिला से मारपीट के मामले में तीन पर केस

**संतकबीरनगर।** शहर के कांशीराम आवास में एक महिला से मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियोंपर केस दर्ज किया है। कांशीराम आवास की रहने वाली इंदू देवी ने बताया कि 18 सितंबर को शाम सात बजे के करीब दूसरे ब्लाक के किशन उर्फ नेता व अमर और शाहिल तीनों एक साथ बाइक से तेज रफ्तार से चलाते हुए आए और उनके ब्लाक के सामने गिर पड़े। वह टॉर्च जलाकर देखने लगीं, जिस पर मारने-पीटने लगे। संवाद

## मारपीट के मामले में 14 पर केस

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने बताया कि बगहिया निवासी बलराम गुप्ता ने बताया कि रविवार को वह अपने डीघा पुल के नीचे स्थित अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी बरदहिया बाजार निवासी बंटी ठाकुर उर्फ विजय शर्मा, कांशीराम आवास निवासी दर्शन और पुरानी सब्जी मंडी निवासी विनय राय आठ अन्य अज्ञात साथियों के साथ बिना कुछ कहे जान से मारने की नीयत से बुरी तरह मारते-पीटे। संवाद

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। महुली पुलिस दुष्कर्म, मारपीट और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित सूरज पुत्र परमात्मा चौधरी साकिन कब्सा थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर को उमरिया बाजार के दक्षिण बंधे से गिरफ्तार किया।

वांछित पर दुष्कर्म करने व धमकी देने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया था। महुली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय में पेश जेल भेज। संवाद

# धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस, निकला विवाह कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेंहदावल क्षेत्र के नायक टोला मोहल्ला स्थित मैरिज हॉल में था आयोजन**

मेंहदावल। क्षेत्र के बीएमसीटी मार्ग के नायक टोला मोहल्ल स्थित निजी मैरिज हॉल में धर्म परिवर्तन के लिए आयोजित कार्यक्रम की सूचना पर सोमवार की देर शाम पुलिस पहुंची। कुछ हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता भी वहां पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस ने लगभग एक घंटे तक सारे कागजात जांच कर अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए उसके बाद दोनों पक्षों को शादी करने की अनुमति दे दी।

मेंहदावल थाना क्षेत्र के बीएमसीटी मार्ग के नायक टोला मोहल्ला में स्थित एक मैरिज हॉल में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच लोकल इंटेलीजेंस ने इसकी सूचना मेंहदावल पुलिस को दी कि यहां पर धर्म परिवर्तन की कार्यक्रम चलने की सूचना है। घटना की जानकारी के बाद तत्काल मेंहदावल थानाध्यक्ष रामकृपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

उसके बाद वहां कुछ महिलाओं ने अंदर आने से मना कर दिया। इसके बाद महिला पुलिस कर्मियों को बुलाया गया। महिला पुलिसकर्मियों के आने के बाद पुलिस टीम अंदर जाकर छानबीन शुरू कर की। लगभग एक घंटे तक पुलिस ने वर व वधू पक्ष के सारे कागज को गहनता से जांच की। उसके बाद उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए शादी करने की अनुमति दी।

वधू ने 12 दिसंबर 2023 को तेलंगाना राज्य से धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम धर्म अपनाया था। उसके बाद वह कुशीनगर के रहने वाले मुस्लिम धर्म के युवक से शादी करने के लिए यहां पर आई हुई थी। घटना की जानकारी होने के बाद तमाम हिंदू संगठन व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। मैरिज हॉल के बाहर 100 से अधिक लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

पुलिस को कई बार वहां से भीड़ हटाने के लिए एक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मेंहदावल एसओ रामकृपाल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद मैरिज हॉल पर जांच के लिए गए थे, दोनों वर-वधू बालिग हैं। इसलिए उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए शादी करने की अनुमति दी गई है, और सारे रिश्तेदारों के डिटेल इकट्ठा कर लिया गया है।

# शांतिभंग की आशंका में नौ का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम अलग-अलग मामले में नौ आरोपियों को पकड़ कर शांतिभंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के खिलाफ धर-पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी।

थाना दुधारा पुलिस ने तीन, बखिरा पांच और थाना धनघटा पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया। संवाद

# समुचित ढंग से हो रेलवे ट्रैकों की सुरक्षा

**संतकबीरनगर।** एएसपी सुशील कुमार सिंह रविवार देर रात को पुलिस टीम के साथ रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। कोतवाली क्षेत्र से गुजरने वाले रेलवे ट्रैकों का रात्रि में जायजा लिया। कहा कि क्षेत्र में पड़ने वाले रेलवे ट्रैकों की सुरक्षा समुचित तरीके से हो, जो शासन की प्राथमिकता में है।

सुरक्षा को देखते हुए सभी बिंदुओं को बारीकी से देखा। इसके लिए सभी जिम्मेदारों को निर्देश दिया। इस दौरान सीओ खलीलाबाद अजीत चौहान, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह सहित व अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# त्योहार में बिगाड़ा माहौल तो होगी जेल : जिलाधिकारी

गोण्डा। जिले में त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। त्योहार को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पंचायत सभागार में पीस कमेटी की मीटिंग की गई। डीएम नेहा शर्मा और एसपी विनीत जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में एएसपी भी रहे। अफसरों ने कहा कि त्योहार में माहौल बिगाड़ने वाले को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

डीएम और पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग में मौजूद धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद किया।

करते हुए उन्हें आगामी त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# बेटियों के सुरक्षा की दी जानकारी

गोंडा। ब्लॉक परसपुर के अभईपुर कंपोजिट विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला कल्याण विभाग की ओर से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन आशीष मिश्रा ने महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा और अधिकार के बारे में जानकारी दी गई।

# दो दिन चले अभियान में 112 वारंटी पकड़े गए

- डीआईजी और एसपी के निर्देश पर चला अभियान
- बहराइच में 95, बलरामपुर में 36 वारंटी पकड़े गए

गोण्डा, संवाददाता। डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के निर्देश पर वांछित अपराधियों, एनबीडब्ल्यू व जिलाबदर अपराधियों के विरुद्धअभियान चलाकर कार्यवाही की गयी। इसके तहत गोण्डा से एनबीडब्लू के अन्तर्गत 112 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। वहीं नौ वांछितों के साथ एक जिलाबदर के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

जबकि, बलरामपुर में 36 वारंटी व चार वांछित पकड़े गए। वहीं बहराइच में 95 वारंटियों के साथ 14 वांछित आरोपी दबोचे गए। श्रावस्ती से एनबीडब्लू के अन्तर्गत 19 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। गोंडा जिले में दो दिन में कुल 112 वारंटी पकड़े गए। इसमें थाना खरगूपुर से 17, कोतवाली नगर से 15, कोतवाली देहात से 13, करनैलगंज से 10, नवाबगंज से 9, इटियाथोक, उमरीबेगमगंज व कौड़िया से सात-सात, छपिया व कटरा बाजार से छह-छह, मनकापुर से पांच, तरबगंज से तीन, वजीरगंज, मोतीगंज व परसपुर से दो-दो तथा खोड़ारे से एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्गविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने कृष्ण प्रसाद मिश्रा व उदयभान सिंह निवासी लैबुडवा को गिरफ्तार का न्यायालय भेजा।

## गैर इरादतन हत्या में वांछित दो अभियुक्त बंदी

करनैलगंज। खेत में जानवरों की सुरक्षा के लिए लगाए गए तार में उतरे करंट से किशोर की मौत के मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि एक जुलाई को कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम खजुरिया निवासी गल्लर ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया कि उनका लड़का मुकेश (17 वर्ष) अपनी भैंस चराने के लिए गया था और उनके पड़ोस के लोगों ने खेत में कटीले तार लगा रखे थे। जिसमें करंट दौड़ाया गया था। करंट की चपेट में आकर मुकेश की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

# अधीक्षण अभियंता पर चहेतों को ठेका देने का आरोप

गोंडा, संवाददाता। सरयू नहर परियोजना प्रथम के मुख्य अभियंता से मिलकर जिले के कई ठेकेदारों ने अधीक्षण अभियंता की शिकायत की है। ठेकेदारों का आरोप है कि पंच दशम मंडल के सिंचाई कार्य के अंतर्गत धनईपट्टी रजबहा के कार्य लिए शासन ने लगभग 15 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसके तहत पक्का और कच्चा कार्य होना है।

उधर, एसई मनोज साहू का कहना है कि जो निविदा आमंत्रित की गई है वह दो प्रतिशत धरोहर धनराशि पर आमंत्रित की गई है। रालोद के प्रदेश सचिव संजय पाठक के साथ शिकायत करने पहुंचे ठेकेदारों का आरोप है कि उन्हीं कार्यों को अपने स्तर पर चहेतों को देने के लिए निविदा निकाली गई है। जिसमें 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि पर टेंडर आमंत्रित किया गया है। जबकि टेंडर डालने पर धरोहर धनराशि दो प्रतिशत का ही नियम बताया जा रहा है। बाकी निविदा होने के बाद ही जमानत राशि जमा करना पड़ता है। इससे पहले निविदा दो प्रतिशत धरोहर धनराशि अधीक्षण व अधिशासी अभियंता स्तर से निकाली गई थी। अधीक्षण अभियंता की ओर से परियोजना को टुकड़ों में तोड़ अपने चहेतों को ही कार्य देने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

# शहर के प्रमुख चौराहों पर सिग्नल लाइट लगेगी

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए
- ऑटोमेटिक चालान की व्यवस्था करने को कहा

गोण्डा, संवाददाता। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी होगी। इसलिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

शहर में गुरुनानक चौराहा, अम्बेडकर चौराहा तथा झूलेलाल चौराहे पर जल्द ही सिग्नल लाइट एवं ऑटोमेटिक कैमरे से चालान की व्यवस्था कराई जाए। संयुक्त भ्रमण करते हुए दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से जो कार्रवाई की है उसका सत्यापन कराएं। सभी लोग अपने-अपने स्कूली वाहनों का परमिट व फिटनेस कराकर परिवहन विभाग को अवगत कराएं अन्यथा की दशा में ऐसे वाहनों का रजिस्ट्रेशन तत्काल निरस्त करते हुए कार्यवाही की जायेगी।

सड़क पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण बनता है जाम का सबब, व्यापारी भी उठा चुके हैं जाम लगने का मुद्दा

# अतिक्रमण से सिमटीं सड़कें, लग रहा जाम

**समस्या**

गोण्डा, संवाददाता। शहर में अतिक्रमण के कारण सड़क सिमटती ही जा रही है, जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। घंटों जाम में फंसकर हैरान होना आम बात हो गई है। कहीं लोगों ने अपना सामान सड़क तक फैला रखा है तो कहीं पर सड़क के किनारे वाहनों को बेतरतीबी से खड़ा किए जाने के चलते जाम लग रहा है।

इस रोड पर जाम और अतिक्रमण एक विकराल समस्या बन गई है। जिला अस्पताल से मरीजों तक को जाम के चलते परेशानी हो रही है। हालांकि कई बार अतिक्रमण हटाने का अभियान जोर-शोर से चलाया गया लेकिन कुछ दिन बाद जिम्मेदारों की लापरवाही से फिर वही स्थिति हो जाती है। लोगों का कहना है कि प्रशासन ने जाम से निपटने का स्थाई हल अब तक नहीं निकला है। इस सड़क से न तो अतिक्रमण को हटाया जा सका और सड़क के किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर भी कोई अंकुश नहीं लगाया जा सका है।

सबसे अधिक जाम दुखहरण नाथ मंदिर के साथ ईदगाह मोड़ और जिला अस्पताल के पास दिखाई देता है। जिसमें एंबुलेंस भी जाम में फंसी रहती है। लोगों का कहना है कि गुरुनानक चिराहे से बडगांव तक जगह-जगह जाम लगने से परेशानी बढ़ती जा रही है और जिम्मेदार इस समस्या पर उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।



शहर में महिला अस्पताल के सामने पटरी पर सजी दुकानें।

**सड़क पर सजती है, सब्जी मंडी :** यहां अतिक्रमण का जाल रोज फैलता जा रहा है और नगर पालिका परिषद अतिक्रमण के मामले में मूकदर्शक की भूमिका निभा रहा है। जयनारायण चौराहे से पहले सड़क पर सब्जी मंडी सजती है। यहां चप्पे-चप्पे पर अतिक्रमण है। सड़क पर ठेला और वेंडरों ने कब्जा कर लिया है। प्रतिदिन 12 घंटे जाम लगता है। उधर, कुछ निजी अस्पताल में पार्किंग न होने के कारण लोग सड़को पर मजबूरन गाड़ियां खड़ी करते हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**व्यापारियों ने उठाई जाम की समस्या :** बीते दिनों नगर कोतवाली में हुई मीटिंग में शहर के प्रबुद्ध व्यवसायियों ने जाम की समस्या उठाई थी। उनका कहना है कि जाम की समस्या का समाधान होना चाहिए। अधिकारियों द्वारा गुरुनानक चौराहे के पास सड़क पर सवारियां भरने वाली निजी बसों को हटवाने के बाद भी दूसरे ही दिन से नियमों को दरकिनार कर फिर सड़क पर बसे खड़ी कर दबंगई से सवारियां भरते दिखे। जिस पर व्यापारियों ने सीओ नगर और नगर कोतवाल को इनसे लगने वाले जाम से अवगत करवाया था। वहीं अन्य लोगों का कहना है कि प्रशासन अगर चाहता है कि शहर अतिक्रमण मुक्त हो तो कारगर कार्रवाई करे। इनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं होने से मनोबल बढ़ता जा रहा है।

> प्रतिदिन नगर कोतवाली पुलिस टीम गश्त कर अतिक्रमण और अवैध खड़े वाहनों को हटवाती है। इसके अलावा रोड पर अतिक्रमण न हो इसके लिए यातायात कर्मियों को लगाया गया है, यदि फिर भी निजी बस या अन्य वाहन रोड़ पर खड़ा करता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे।
>
> – मनोज रावत, एएसपी पूर्वी

- जाम से परेशानी बढ़ती जा रही है और जिम्मेदारों का समस्या पर रवैया उदासीन
- न तो अतिक्रमण हटा और न ही सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर अंकुश लगा

## स्टेशन रोड पर हो रही अवैध पार्किंग

स्टेशन रोड पर अवैध पार्किंग के कारण भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कोतवाली के पास एक बैंक के पास लगातार अवैध पार्किंग होने से लोगों को आने-जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर कई बार लोग उच्च अधिकारियों को सूचित कर चुके हैं लेकिन कुछ दिन कार्रवाई होने के बाद समस्या जस की तस बन जाती है।

# 'अभियान चलाकर लंबित राजस्व वाद का करें निस्तारण'

**राजस्व वसूली में खराब प्रगति पर आयुक्त देवीपाटन मंडल ने जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश**

जासं • गोंडा : पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। बिना सभी पक्षों को सुने वाद का निस्तारण न किया जाय। यह निर्देश कार्यालय सभागार में आहूत में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि धारा 80 के तहत लंबित सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने चेताया कि अनावश्यक रूप से किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए। उन्होंने अगले माह तक मामलों की स्थिति में सुधार नहीं होने पर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। मंडल में पांच वर्ष से अधिक पुराने 2847 वादों में से अब तक सिर्फ 496 वाद निस्तारित हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक 248 वाद बलरामपुर जनपद में निस्तारित किए गए हैं। आयुक्त ने राजस्व वसूली में सभी जिलों की प्रगति खराब मिलने पर नाराजगी जताई। टापटेन बकायेदारों से अभियान चलाकर वसूली करने के निर्देश दिए गए। मंडल में कुल 13318 भू-माफिया के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 12956 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि भू-माफिया से संबंधित लंबित मामलों का भी जल्द निस्तारण किया जाए।



समीक्षा बैठक करते आयुवत देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील • सौ. सूचना विभाग

**आइजीआरएस शिकायत निस्तारण में सुधार के निर्देश :** आइजीआरएस पर दो लाख 51 हजार 324 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो लाख 45 हजार 108 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आइजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की बात सुनकर ही आख्या लगाई जाए और यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही हुई तो मुख्यमंत्री कार्यालय से कार्रवाई होगी।

**सभी विभागों को रैंकिंग सुधारने के निर्देश :** आयुक्त ने बैठक में मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों को प्रदेश स्तर पर अपनी रैंकिंग सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने और तहसीलदारों के माध्यम से राजस्व वसूली को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कर करेत्तर राजस्व प्राप्ति में सभी जिलों की खराब प्रगति पर नाराजगी जताई और तत्काल सुधारने के निर्देश दिए।

# चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

वजीरगंज। थानाक्षेत्र के परसापुर महडौर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पीड़िता अहिल्या देवी ने बीते 19 सितम्बर को चोरी का केस दर्ज कराते हुए गांव के व्यक्ति पर संदेह जाहिर किया था।

सोमवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी की अगुवाई में करदा प्राथमिक स्कूल के पास संदीप जायसवाल निवासी परसापुर महाडौर व फिरोज उर्फ अंसार आलम निवासी रमराईपुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया।

# अधेड़ को टक्कर मारने में मुकदमा दर्ज

खरगूपुर। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर अधेड़ को ठोकर मारने के आरोप में ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला थाना क्षेत्र के गोकर्णनाथ शिवाला का है। महेश गोस्वामी निवासी हरदइया कोतवाली इटियाथोक पैदल अपने दुकान पर जा रहे थे। शराब ठेके के पास अचानक एक ई रिक्शा चालक ने उनको ठोकर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये।

# भूमि विवाद में दंपति पर मारपीट का आरोप, केस

वजीरगंज। थानाक्षेत्र के बंधवा नदई पुरवा निवासी सुमन देवी ने गांव के राजेन्द्र वर्मा व उनकी पत्नी पूनम पर जमीन विवाद में मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। मामला 21 सितंबर का है।

# कोर्ट के आदेश पर हमले का केस दर्ज

- बघमरवा गांव से जुड़ा है मामला
- पैरवी न करने की धमकी दी थी

तरबगंज, संवाददाता। हत्या के मामले में पैरवी से नाराज आरोपियों के परिजनों ने मृतक के वृद्ध पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम बघमरवा, किंधौरा के मृतक के भाई रोहित सिंह पुत्र कप्तान सिंह ने न्यायालय वाद प्रस्तुत कर कहा था कि वह रोजगार के सिलसिले में दिल्ली में रहता है। घर पर वृद्ध व बीमार पिता, औरतें व बच्चे रहते हैं। पीड़ित के सगे भाई दीपक सिंह की हत्या सात फरवरी 2023 को विपक्षियों ने कर दी थी। मुकदमे में सुलह के लिए दबाव बनाने के लिए बीते साल 25 नवंबर को रात में विपक्षी रामजनम व रामनेवास अपने पांच साथियों के साथ पीड़ित के दरवाजे पर आए। उसके वृद्ध व बीमार पिता को जान से मार डालने की धमकी देते हुए मारने के लिए हमलावर हो गये। कहने लगे कि हत्या वाले मुकदमे में पैरवी करना बन्द कर दो। इसी बात पर राम जनम तिवारी ने उसके पिता पर जान से मार डालने की नीयत से कट्टे से फायर कर दिया, संयोग से गोली उनके कनपटी के बगल से निकल गयी और वह बाल-बाल बच गये। यही नहीं राम नेवास तिवारी ने पिता व औरतों को मार डालने की नीयत से हथगोला फेंका जो दूर जाकर गिरा और फट गया। एसओ राजेश सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है।

# तोड़ी गई सड़कों को तुरंत ठीक कराएं : डीएम

संसू, जागरण • गोंडा : पेयजल परियोजना को संचालित करने में यदि कहीं भूमि की उपलब्धता को लेकर विवाद की समस्या आ रही है तो उसे संबंधित एसडीएम के साथ समन्वय बनाकर समाधान कराएं और कार्य शुरू किया जाय। पेयजल परियोजना से आच्छादित गांव में जहां भी सड़क तोड़कर पाइप डाली गई है उन सड़कों को कार्यदायी संस्था तत्काल ठीक कराए। यदि लापरवाही मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत समीक्षा बैठक में डीएम नेहा शर्मा ने जलनिगम के अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कराये गए कार्यों में किसी प्रकार की समस्या/शिकायतों या रेस्टोरेशन पानी की शिकायत को तत्काल दूर किया जाए। संबंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था निर्धारित गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक के अनुसार कार्य कराएं, इसमें शिथिलता नहीं होनी चाहिए। कार्यदायी संस्था को मैनपावर बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



जल जीवन मिशन की समीक्षा करतीं डीएम नेहा शर्मा • सौ. सूचना विभाग

**डीएम ने समीक्षा बैठक में जलनिगम के अधिकारियों को दिए निर्देश, लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी**

डीएम ने कहा- खुले में शराब पीने वालों पर करें कार्रवाई: डीएम नेहा शर्मा ने शराब की दुकानों के बाहर और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह कदम शराब की दुकानों के बाहर भीड़ लगाकर नशा करने से माहौल खराब होने की शिकायतें मिलने पर उठाया गया है। जिला आबकारी अधिकारी को विशेष अभियान चलाकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि जनपद में शराब की दुकानें निर्धारित समयसीमा के बाद किसी भी स्थिति में न खुलें।

# दो गांवों में जंगली जानवर की दहशत के बीच पेट्रोलिंग जारी

रुपईडीह, संवाददाता। चार दिन पहले क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में जंगली जानवर ने तीन बच्चों और दो मवेशियों को नोच कर घायल कर दिया था। इसके बाद से ग्रामीण काफी भयभीत है। इस पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने वन विभाग के अधिकारियों को दोनों गांव में बराबर पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया है।

विकास खंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल व तेलियानी पाठक में जंगली जानवर ने तीन बच्चों व दो मवेशियों को नोचकर घायल कर दिया। गांव में चीख पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्रित होकर लाठी, डंडा व टॉर्च जानवर को भगाते हुए इसकी सूचना डायल 112 व वन विभाग के अधिकारियों को दी। साथ ही घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गए।

सूचना पर गांव में पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ड्रोन कैमरा की निगरानी में जंगली जानवर की पहचान करने का प्रयास किया परंतु जानवर कहीं नहीं दिखा। इससे गांव के लोग अभी भी भयभीत हैं।



रुपईडीह में ग्रामीणों के साथ पेट्रोलिंग करते वन विभाग के कर्मचारी।

## आरोपित गिरफ्तार

खरगूपुर : प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि अर्जुन निवासी राजाजोत बेलवा सुलतान थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर ने युवती का अपहरण किया था। आरोपित को संझवल पोखरा से गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## किशोरी का अपहरण

वजीरगंज : गांव निवासी व्यक्ति ने कहा कि उनकी का कोतवाली देहात के एक गांव निवासी युवक ने अपहरण कर लिया है। खोज करने के बाद भी पता नहीं चल रहा है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# सिग्नल लाइट व कैमरे से होगा वाहनों का चालान

संसू, जागरण • गोंडा : स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी है। ऐसे में यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। यह बात कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम नेहा शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पाट पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से जो कार्यवाही की गई है, उसका सत्यापन कराएं। सभी स्कूलों के प्रबंधक अपने स्कूली वाहनों का परमिट एवं फिटनेस कराकर परिवहन विभाग को अवगत कराएं। हाईवे के किनारे स्थित ढाबा, पेट्रोल पंप पर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शहर के गुरुनानक चौराहा, अंबेडकर चौराहा व झूलेलाल चौराहे परसिग्नल लाइट एवं आटोमेटिक कैमरे से चालान की व्यवस्था जल्द कराई जाए। अवैध रूप से लगा रहे सब्जी एवं फल के ठेलों को हटवाने के निर्देश दिए गए।

# फार्मासिस्ट व स्वास्थ्य कर्मी पर मुकदमा दर्ज

गोंडा : किरण हास्पिटल के संचालक डा. मनोज कुमार सिन्हा ने फार्मासिस्ट व स्वास्थ्य कर्मी पर धोखाधड़ी का मुकदमा कराया है। संचालक ने कहा कि बूढ़ादेवर भार्गव कालोनी निवासी फार्मासिस्ट लक्ष्मी नारायण चौहान व ग्राम फिरोजपुर निवासी स्वास्थ्य कर्मी अभिषेक यादव हास्पिटल में काम करते थे। रुपये के लेनदेन में हेराफेरी की है और अभिलेख गायब कर दिया है। आशंका व्यक्त की है कि अभिलेख का दुरुपयोग किया जा सकता है। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि फार्मासिस्ट समेत दो नामजद व अज्ञात पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# चोरी का आरोपित गिरफ्तार

डुमरियाडीह : वजीरगंज के परसापुर महडौर में हुई चोरी का पुलिस ने राजफाश किया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि करदा प्राथमिक स्कूल के पास चोरी के आरोपित संदीप जायसवाल निवासी परसापुर महाडौर व फिरोज उर्फ अंसार आलम निवासी रमराथीपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितो से चोरी का माल बरामद किया गया है। (संसू)

# ई रिक्शा चालक पर मुकदमा

खरगूपुर : खरगूपुर–आर्यनगर मार्ग पर गोकरण शिवाला के पास दुकानदार महेश गोस्वामी निवासी हरदइया को ई रिक्शा चालक ने ठोकर मार दी। अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के पुत्र पवन कुमार गोस्वामी ने ई रिक्शा चालक बवाली मिश्र निवासी पंचुरखी मनोहर जोत के विरुद्ध मुकदमा कराया है। (संसू)

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, मुकदमा

वजीरगंज (गोंडा) : दहेज के लिए विवाहिता की पिटाई की। पुलिस ने पति समेत पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया है। टिकरी निवासी लक्ष्मी ने कहा कि उनकी शादी टिकरी निवासी आनंद गुप्ता से हुई थी। शादी के बाद ससुराल पहुंचने पर दहेज की मांग की जाने लगी। पति, सास संजू, ननद पिंकी, रिंकी व नंदोई संतोष निवासी ग्राम मधवापुर पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। दहेज न मिलने पर प्रताड़ित करने लगे। 22 सितंबर को रात में पिटाई की और घर से भगा दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# वन विभाग के कर्मचारी कर रहे पेट्रोलिंग पकड़ में नहीं आ रहा जंगली जानवर

## जीव के हमलों से दहशत में फरेंदाशुक्ल, तेलियानीपाठक के ग्रामीण

संसू, जागरण टीम • गोंडा : वन विभाग की टीम तीन दिन बाद भी खाली हाथ रही। दिनरात पेट्रोलिंग के बावजूद जंगली जानवर वन विभाग के कर्मचारियों की पकड़ से दूर हैं। वहीं, घटना से दो गांवों के लोग दहशत में हैं। ग्रामीण रतजगा करने के साथ ही टोली बनाकर रखवाली कर रहे हैं। 20 सितंबर की रात रुपईडीह ब्लाक की ग्राम पंचायत फरेंदाशुक्ल गांव के मजरा दर्जीपुरवा में जंगली जानवर घुस आया। दरवाजे पर बैठे साहिल के हाथ में जानवर ने काट लिया और शोर होने पर भाग गया। वहीं, तेलियानी पाठक गांव में गणेश दत्त पांडेय का बेटा अभिषेक खेल रहा था, तभी जानवर ने हमला कर दिया। जंगली जानवर ने बछिया पर भी हमला करके घायल कर दिया। तेलियानीडीहा पुरवा में घर के बाहर चारपाई पर बैठे जगदीश यादव के बेटे लोकेश पर जानवर ने हमला करके घायल कर दिया।

बच्चे के शोर मचाने पर घरवाले लाठी-डंडा लेकर दौड़े तो वह भाग गया। घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद हालत ठीक होने पर तीनों बच्चों को घर भेज दिया गया है। वहीं, जानवर न पकड़े जाने से ग्रामीण दहशत हैं। वन विभाग की टीम तीन दिन से पेट्रोलिंग कर रही है, लेकिन जानवर का पता नहीं चल सका।

ग्रामीण उमेश साहू, सुरेश यादव, शिवनारायण का कहना है कि यदि जल्द जानवर नहीं पकड़ा नहीं गया तो डर बना रहेगा। डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि फरेंदाशुक्ल व तेलियानी पाठक गांव में बच्चों पर किसी जंगली जानवर ने हमला किया है, गांवों में वन विभाग के अधिकारी बराबर पेट्रोलिंग कर रहे हैं।



फरेंदाशुक्ल गांव में पेट्रोलिंग करते वन विभाग के कर्मचारी • सौ. सूचना विभाग

**छह अन्य गांवों में हो चुके हैं हमले:** तरबगंज के पथार व खजुरी गांव में भी जंगली जानवर हमला कर चुका है। धानेपुर में हमला करने वाले सियार को ग्रामीणों ने मार दिया था। छपिया व नवाबगंज के गांवों में भी जंगली जानवर बच्चों पर हमला कर चुका है, लेकिन वन विभाग की टीम अब तक किसी भी जानवर को पकड़ नहीं सकी।

# हत्यारोपित गिरफ्तार

संसू, जागरण • कर्नलगंज : खेत में जानवरों की सुरक्षा के लिए लगाए गए तार में उतरे करंट से किशोर की मौत मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि आरोपित अनिल उर्फ अन्नू तिवारी, सुशील तिवारी निवासी ग्राम खजुरिया को गिरफ्तार किया गया है।

# परीक्षा से वंचित कर बच्चों के उत्पीड़न का आरोप

संसू, जागरण • गोंडा : पथवलिया शांतिनगर कालोनी के रहने वाले भानु प्रताप शक्ल ने जिलाधिकारी से शिकायत कर सेंट जेवियर्स स्कूल पंतनगर प्रबंधतंत्र पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

डीएम को दिए गए पत्र में भानु प्रताप ने कहा कि दो बच्चे सेंट जेवयर्स स्कूल पंतनगर में कक्षा दो व तीन में पढ़ते हैं। गत 20 सितंबर को दो बच्चों की परीक्षा थी, लेकिन विद्यालय प्रबंधतंत्र ने उनके दोनों बच्चों को परीक्षा से वंचित कर दिया। दोनों बच्चों को अलग एक कमरे में बैठाकर उनका मानसिक उत्पीड़न किया गया। विद्यालय प्रबंधतंत्र की इस कार्रवाई से उनके दो बच्चे डरे सहमे हैं। भानु प्रताप ने जिलाधिकारी से विद्यालय प्रबंधतंत्र के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सेंट जेवियर्स स्कूल की प्रधानाचार्य डा. परमिंदर संधू ने बताया कि कुछ विद्यार्थियों के पास प्रवेश पत्र नहीं था, ऐसे उनकी परीक्षा पर रोक लगाई गई थी। शुल्क न जमा करने वाले बच्चों का प्रवेश पत्र नहीं जारी किया गया था। उत्पीड़न करने का आरोप निराधार है।

# उप निदेशक आज सुनेंगे कर्मचारियों की समस्या

संसू, जागरण • गोंडा : उप निदेशक पंचायत देवीपाटन मंडल गिरीश चंद्र रजक ने कर्मचारियों के समस्याओं की सुनवाई के लिए मंगलवार को कार्यालय में बैठक बुलाई है।

उन्होंने बताया कि उप्र पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का समाधान कराने के लिए बैठक बुलाई गई है। मंडल अध्यक्ष नरसिंह नरायन पांडेय के अलावा गोंडा, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती जिले के जिलाध्यक्षों को बैठक में बुलाया गया है।

# जिला सचिव बने भानु

आर्यनगर : ब्लाक रुपईडीह की ग्राम पंचायत बेलवा बाजार निवासी भानु प्रताप मिश्र को समाजवादी पार्टी युवजन सभा का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। मनोनयन पर प्रधान उत्तम चंद्र दुबे, शिवनारायण मिश्र, धीरेंद्र प्रताप मिश्र, लालमन दुबे, उमाशंकर दुबे व बब्बू श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त की है। (संसू)

# जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**कटरा बाजार (गोंडा)।** कटरा बाजार कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि पहाड़ापुर निवासी जिला बदर अपराधी मनोज कुमार को सोमवार को उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने उसे एक सितंबर को जिलाबदर किया था। (संवाद)

# भुगतान न होने व निविदा की धरोहर राशि बढ़ने पर बिफरा ठेकदार संघ





सिंचाई विभाग में आक्रोश जताते ठेकेदार • जागरण

संसू जागरण • गोंडा : सिंचाई विभाग में भुगतान न होने व निविदा की धरोहर राशि बढ़ाने को लेकर ठेकेदारों का गुस्सा कम नहीं हो रहा है। मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व सरयू परियोजना के मुख्य अभियंता को संबोधित ज्ञापन में ठेकेदारों ने बकाया भुगतान न होने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि पंचदशम मंडल गोंडा के धनईपट्टी रजबहा में 15 करोड़ का कच्चा व पक्का कार्य स्वीकृत किया गया है। चहेते ठेकेदारों को कार्य देने की साजिश के तहत इसकी निविदा में धरोहर धनराशि दस प्रतिशत मांगी गई है, जबकि शासनादेश में धरोहर राशि दो प्रतिशत का ही नियम है, बाकी निविदा स्वीकृत होने के बाद जमानत राशि जमा करना पड़ता है। ज्ञापन देने वालों में रालोद के प्रदेश सचिव संजय पाठक, ननकऊ सिंह, अनिल श्रीवास्तव शामिल रहे। अधीक्षण अभियंता मनोज साहू ने बताया कि नियमानुसार ही कार्य किया जा रहा है। दबाव बनाने के लिए आरोप लगाए जा रहे हैं।

# सिविल जज जूनियर डिवीजन ने कोतवाली का किया निरीक्षण



नगर कोतवाली का निरीक्षण करतीं सिविल जज ( जू.डि .) शर्मिष्ठा शाहू • जागरण

संसू, जागरण • पंडरी कृपाल (गोंडा) : कोतवाली नगर का सिविल जज जूनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट शर्मिष्ठा शाहू ने निरीक्षण किया।

उप निरीक्षक उमाशंकर उपाध्याय ने कोतवाली नगर का ग्राम अपराध रजिस्टर, अपराध आठ रजिस्टर, आगुंतक रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क, मालखाना अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई व डाक रजिस्टर दिखाया। किस प्रकार पुलिस कार्रवाई करके

**अपराध रजिस्टर, आगुंतक रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क, मालखाना अपराध, जनसुनवाई व डाक रजिस्टर भी देखा**

न्यायालय में चार्ज सीट भेजती है, इस बारे में जानकारी दी। पुलिस के कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक, अपराध निरीक्षक अरविंद यादव, विनोद यादव उपस्थित रहे।

# किशोरी के अपहरण का आरोपी बंदी

खरगूपुर (गोंडा)। कोतवाल खरगूपुर कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजाजोत बेलवा सुल्तान देहात कोतवाली निवासी अर्जुन संझवल पोखरा के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को अगवा कर ले गया था। मामले में किशोरी के पिता ने थाने में आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। (संवाद)

# किशोरी को अगवा करने वाले पर केस

वजीरगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बीते 22 सितंबर को सोनबरसा बक्सरा थाना कोतवाली मनकापुर निवासी प्रदीप कुमार बहला-फुसला कर ले गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर केस दर्जकर लिया गया है। (संवाद)

# गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

करनैलगंज (गोंडा)। करनैलगंज कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि बीते एक जुलाई को क्षेत्र के ग्राम खजुरिया निवासी गल्लर ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा कि उनका बेटा मुकेश (17) अपनी भैंस चराने के लिए गया था। पड़ोस के लोगों ने खेत में कटीले तार लगाकर उसमें करंट प्रवाहित किया था। करंट की चपेट में आकर मुकेश की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। बताया कि आरोपी अनिल तिवारी व सुशील तिवारी निवासी खजुरिया गांव को सोमवार को उपनिरीक्षक बब्बन सिंह ने गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# रंजिश में युवक पर हमला, केस

परसपुर (गोंडा)। नगर पंचायत परसपुर के राजाटोला निवासी प्रेम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए बताया कि उनका बेटा विशाल सिंह रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे मोहल्ला राजपुर स्थित धार्मिक स्थल पर जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए चार लोगों ने रोक लिया और रंजिश में लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घायल बेटे को सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि प्रेम सिंह की तहरीर पर परसनपुरवा चरहुआं गांव निवासी राजवर्धन सिंह, अजीत सिंह, लालजी सिंह व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# चोरी के माल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

डुमरियाडीह (गोंडा)। वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के परसापुर महडौर निवासी अहिल्या देवी के घर 19 सितंबर को चोरी हो गई थी। मामले में अहिल्या ने चोरी का केस दर्ज कराते हुए गांव ही एक व्यक्ति पर चोरी का आरोप लगाया था। तफ्तीश के दौरान आरोप सही पाए जाने पर सोमवार को करदा प्राथमिक विद्यालय के पास से गांव निवासी संदीप जायसवाल व रमरायीपुर निवासी अंसार आलम को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर बैट्री, इंवर्टर, दो गैस सिलिंडर, टूटा संदूक, भगोने के तीन ढक्कन, भगोना व पीतल की बटुली व परात बरामद हुई है। (संवाद)

# लाखों की हेराफेरी में तीन पर केस

गोंडा। शहर के ददुआ बाजार स्थित निजी अस्पताल के संचालक डॉ. मनोज सिन्हा ने फार्मासिस्ट समेत तीन के खिलाफ लाखों रुपये की हेराफेरी करने के आरोप में नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। डॉ. मनोज सिन्हा ने एसपी विनीत जायसवाल से शिकायत कर बताया कि फार्मासिस्ट लक्ष्मीनारायण चौहान निवासी भार्गव कॉलोनी बूढ़ा देवर व कर्मचारी अभिषेक यादव निवासी फिरोजपुर तरहर कोतवाली देहात करीब 10 से 12 वर्षों से उनके अस्पताल में काम करते थे। अस्पताल की सभी पत्रावली और प्रपत्रों की देखभाल और पैसों का हिसाब-किताब भी रखते थे। लक्ष्मीनारायण व अभिषेक ने मिलकर किसी बाहरी व्यक्ति की मदद से लाखों रुपये की हेराफेरी की है। कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि केस दर्ज

# दो भाइयों समेत सात पर जानलेवा हमले का केस

**तरबगंज (गोंडा)।** कोर्ट के आदेश पर तरबगंज के किंधौरा वघमरवा गांव निवासी दो सगे भाइयों व पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव के ही रोहित सिंह ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अपील की थी। वताया कि वीते 07 फरवरी 2023 को उनके भाई दीपक सिंह की हत्या गांव की ही कविता व उसके किशोर भाई ने अपने एक साथी के साथ मिलकर कर दी थी। हत्या का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपियों के पिता रामजनम सुलह करने का दवाव वना रहे थे। वताया कि 25 नवंबर की रात रामजनम व उसके भाई राम नेवास अपने पांच साथियों के साथ आए और उनके वृद्ध पिता कप्तान सिंह पर हत्या के मुकदमे की पैरवी बंद करने का दवाव वनाते हुए धमकी दी। मना करने पर पिता कप्तान सिंह पर फायर कर दिया। रवगंज इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने वताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# राहुल गांधी पर टिप्पणी करने वालों पर हो कार्रवाईः कांग्रेस

गोंडा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं की ओर से की गई टिप्पणी के मामले में कांग्रेसियों ने सख्त एतराज जताया है। उन्होंने टिप्पणी करने वाले नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के तहत सोमवार को कांग्रेसी कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए। वहां नारेबाजी करते हुए विरोध जताया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि जनता तमाम समस्याओं से जूझ रही है लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही। कहा कि राहुल गांधी पर टिप्पणी करने वाले नेताओं पर सरकार सख्त कार्रवाई करे। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट विश्वामित्र को सौंपा गया। (संवाद)

# कांग्रेस प्रवक्ता के मामले की जांच शुरू

गोंडा। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शिवकुमार दुबे का भाजपा सदस्यता कार्ड वायरल होने का मामला तूल पकड़ने लगा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र के साथ नगर कोतवाली पहुंचकर कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष के खिलाफ तहरीर दी है। साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है।

कांग्रेस के जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे को भाजपा का सदस्य बनाए जाने का कार्ड 21 सितंबर को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कार्ड वायरल होने के बाद भाजपा के सदस्यता अभियान पर कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल उठाया था। सोमवार को जिला प्रवक्ता ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें आरोप लगाया कि भाजपा के सदस्यता कार्ड के जरिए उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई है। नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि तहरीर मिली है। साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

, विभाग ने बढ़ाई चौकसी

# अब दत्तनगर में दिखा जंगली जानवर

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। हिंसक जंगली जानवरों की आमद से कई गांवों के लोग सहमे हुए हैं। वन विभाग की टीमें निगरानी तो कर रही हैं लेकिन अभी तक किसी भी गांव में जंगली जानवर पकड़ नहीं सकीं। सोमवार सुबह नवाबगंज के दत्तनगर में एक जंगली जानवर निकला। इसकी जानकारी पर ग्रामीणों ने लाठियां लेकर उसे भगा दिया। वहीं, रुपईडीह की दो ग्राम पंचायतों के लोग अभी भी खौफजदा हैं।

डीएम नेहा शर्मा ने सोमवार को वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर जंगली जानवरों पर अंकुश लगाएं। डीएम ने वन विभाग की ओर से अब तक किए गए प्रयासों की जानकारी ली। डीएफओ पंकज शुक्ल ने बताया कि कुछ स्थानों पर सियार ने हमले किए हैं। मौसम का हवाला देते हुए कहा कि जल्द ही जंगली जानवर बाहर आना बंद कर देंगे। डीएम ने कहा कि गांवों के लोगों को जागरूक करें।

वहीं, नवाबगंज व बेलसर क्षेत्र में हुए जंगली जानवरों के हमले के बारे में अभी तक वन विभाग कुछ स्पष्ट नहीं कर सका है। तरबगंज के रंगधार पुरवा में बच्चे पर जंगली जानवर के हमले के बारे में भी वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर सका है। इससे गांव के लोग सहमे हैं। रुपईडीह के फरेंदा शुक्ल व तेलियानी पाठक पंचायत में लोगों पर हमला करने वाले जंगली जानवर की पहचान भी नहीं हो पाई है। डीएफओ ने बताया कि विभाग की टीमें सक्रिय हैं।

## जंगली जानवरों के हमले को लेकर जिलाधिकारी ने बुलाई विभागीय बैठक



नवाबगंज में दत्तनगर गांव के पास भागता हिंसक जंगली जानवर। स्रोत : वीडियोग्रेब

# करंट से पांच बकरियां मरीं, महिला झुलसी

## नवाबगंज के मीरपुर में एचटी लाइन से पोल व झाड़ियों में करंट उतरने से हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

नवाबगंज/गोंडा। नवाबगंज के मीरपुर गांव में सोमवार को हाईटेंशन लाइन से झाड़ियों में उतरे करंट की चपेट में आकर पांच बकरियां मर गईं। बकरियों को बचाने की कोशिश के दौरान एक महिला भी करंट लगने से झुलस गई। एक दिन पहले ही कटरा बाजार नगर पंचायत में पोल में करंट उतरने से एक बालक झुलस गया था।

नवाबगंज क्षेत्र के मीरपुर गांव की गुलफशा, महरुन्निशा, अमीरुन्निशा, समद व जमील सोमवार को रेहली गांव की ओर जाने वाली सड़क के किनारे बकरियां चरा रहे थे। हाईटेंशन लाइन से पोल व आसपास झाड़ियों में करंट उतरा था। जिसकी चपेट में आने से जमील की तीन, गुलफशा की एक व महरुन्निशा की एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गई।

बकरियों को बचाने दौड़ीं अमीरुन्निशा करंट की चपेट में आकर झुलस गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंचे बिजलीकर्मियों ने तुरंत लाइन बंद कराकर तार को छू रही लता को काट दिया है। घटना से स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

मीरपुर के महेश कुमार व रेहली गांव के रामलौटन ने बताया कि बिजली के पोल के पास व तारों को छू रहे पेड़ की लताओं की सफाई नहीं की जाती। लेखपाल जोखनलाल यादव ने रिपोर्ट बनाकर तहसील मुख्यालय को भेज दी।

उपखंड अधिकारी लोकेश कुमार ने कहा कि ऐसा टेक्निकल फाल्ट के कारण हुआ है। बकरियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद क्षतिपूर्ति दिलाने का प्रयास करेंगे।



नवाबगंज के रेहली मीरपुर गांव में करंट लगने से झुलसीं अमीरुन्निशा। संवाद

## तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप, लोग बेहाल

बलरामपुर। शहरवासियों को सोमवार को बिजली कटौती की समस्या से जूझना पड़ा। बिना सूचना के नगर क्षेत्र में तीन घंटे तक बिजली कटौती की गई, इससे उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं को खासी परेशानी हुई। बिजली विभाग की तरफ से तार बदलने के लिए सोमवार की सुबह 10 बजे बिना बताए ही बिजली काट दी गई। नगर के नौशहरा मोहल्ले में तार बदलने का काम चला। इसके साथ ही भगवतीगंज पावर हाउस में टेस्टिंग के लिए भी कई मोहल्ले में बिजली गुल रही। नगर के मोहल्ला नौशहरा, अलीजानपुरवा, चिकनी, गोविंदबाग, सराय फाटक में बिजली न रहने से लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल दिखे। नगर के चिकनी मोहल्ला निवासी मनीष श्रीवास्तव, राजकरन, अनीसुल हसन, फिरोज व कमल आदि ने बताया कि बिना सूचना के ही बिजली कटौती की दी गई, सोमवार को तेज धूप व उमस के कारण गर्मी में परेशान होना पड़ा। एसडीओ मोहम्मद अकील ने बताया कि तार बदलने के कारण लाइन कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बंद की गई थी। (संवाद)

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

वजीरगंज (गोंडा)। वजीरगंज थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी लक्ष्मी ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनकी शादी हिंदू रीति रिवाज टिकरी निवासी आनंद गुप्ता के साथ हुई थी। शादी में दान दहेज भी दिया गया था, लेकिन और दहेज की मांग को लेकर पति आनंद गुप्ता, सास संजू, ननद पिंकी, रिंकी व नंदोई मधवापुर निवासी संतोष दहेज में और पांच लाख रुपयों की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। दहेज न मिलने पर 22 सितंबर की रात साढ़े आठ बजे पिटाई की और जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# शराब पीकर हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। खुलेआम शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की अब खैर नहीं होगी। सोमवार को जिला प्रशासन ने हुड़दंग पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। अब खुले में शराब पीने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, निर्धारित समय से शराब व बीयर की दुकानें बंद कराने और ओवररेटिंग को लेकर लगाम लगाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। माना जा रहा है कि लापरवाही बरतने वाले आबकारी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिले में शराब की दुकानों के बाहर देर रात तक जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में मारपीट और हुड़दंग की शिकायतों को डीएम ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया से

## डीएम ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

कहा कि शराब की दुकानों के बाहर किसी तरह की जमावड़ा मिला तो संबंधित के साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में जिला आबकारी अधिकारी स्तर से अभियान चलाकर व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त कराई जाए। सार्वजनिक स्थल, बाजार, कस्बे को सुरक्षा के दृष्टिगत जरूरी इंतजाम किया जाएं।

डीएम ने कहा कि पिछले दिनों से हाईवे से लेकर दुकानों के बाहर और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग की घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में निर्धारित समय सीमा तक ही शराब की दुकानें खुलें। दुकानें बंद होने के समय का कड़ाई से पालन कराया जाए। ओवररेटिंग (अधिक कीमत पर शराब बेचना) पर सख्त नजर रखी जाए।

# सिग्नल से चलेगा ट्रैफिक कैमरे से होंगे चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात व्यवस्था में सुधार की बनी रणनीति

गोंडा। शहर के अंवेडकर, गुरुनानक और झूलेलाल चौराहे पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत सिग्नल से यातायात का संचालन होगा। यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों का सीसीटीवी कैमरों से चालान किया जाएगा। इससे जहां जाम की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं, संदिग्धों समेत अन्य पर पैनी नजर रखी जाएगी। प्रशासन स्तर से सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लगाने का फैसला लिया गया है।

डीएम नेहा शर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की वैठक में शहर के तीन प्रमुख चौराहों की सुरक्षा व यातायात प्रबंधन दुरुस्त करने के लिए रणनीति वनाई। गुरुनानक, अंवेडकर और झूलेलाल चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। अधिकारियों ने वताया कि जिले के किसी भी चौराहे पर अभी तक ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था नहीं है। शहर में जाम की समस्या से आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे निजात दिलाने के लिए व्यापारियों व स्वास्थ्यकर्मियों समेत अन्य की ओर से मांग की गई थी। ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले पुलिस के लिए चुनौती वने हुए हैं। ऐसे में ऑटोमेटिक चालान की व्यवस्था से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। बैठक में डॉ. रश्मि वर्मा, आरके सरोज, शैलेंद्र त्रिपाठी, सौरभ वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# पुलिस ने दो अभियुक्तों को दबोचा

बलरामपुर। थाना हरैया सतघरवा पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हफीजुल्ला पुत्र जहूर उर्फ दफेदार व भोनू पुत्र हबीब फकीर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था।

# मारपीट करने वाले आरोपी को पकड़ा

बलरामपुर। कोतवाली नगर पुलिस ने मारपीट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने बताया कि भानु तिवारी उर्फ अभिषेक तिवारी पुत्र वीरेंद्र तिवारी मारपीट की घटना में शामिल थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। उन्हें पकड़ने में सफलता मिल गई है।

# जाम के झाम से जूझ रहे नगरवासी

उतरौला। नगर में लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासी राजू, कल्लू, इदरीश, राजकुमार, मनीष व फिरोज ने उप जिलाधिकारी को पत्र देकर नगर में जाम से निजात दिलाने की मांग की है। बड़े वाहनों का आवागमन होने से लोगों को घंटों जाम में जूझना पड़ता है।

# अभियान चलाकर लंबित राजस्व वाद का करें निस्तारण : शशिभूषण

जासं • गोंडाः पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। बिना सभी पक्षों को सुने वाद का निस्तारण न किया जाय। यह निर्देश कार्यालय सभागार में आहूत में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने अधिकारियों को दिए।



कार्यालय में समीक्षा बैठक करते आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील

उन्होंने कहा कि धारा 80 के तहत लंबित सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने चेताया कि अनावश्यक रूप से किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए। उन्होंने अगले माह तक मामलों की स्थिति में सुधार नहीं होने पर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। मंडल में पांच वर्ष से अधिक पुराने 2847 वादों में से अब तक सिर्फ 496 वाद निस्तारित हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक 248 वाद बलरामपुर जनपद में निस्तारित किए गए हैं। आयुक्त ने राजस्व वसूली में सभी जिलों की प्रगति खराब मिलने पर नाराजगी जताई। टापटेन बकायेदारों से अभियान चलाकर वसूली करने के निर्देश दिए गए। मंडल में कुल 13318 भू-माफिया के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 12956 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि भू-माफिया से संबंधित लंबित मामलों का भी जल्द निस्तारण किया जाए।

आइजीआरएस शिकायत निस्तारण में सुधार के निर्देश : आइजीआरएस पर दो लाख 51 हजार 324 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो लाख 45 हजार 108 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आइजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की बात सुनकर ही आख्या लगाई जाए और यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही हुई तो मुख्यमंत्री कार्यालय से कार्रवाई होगी।

**सभी विभागों को दिए गए रैंकिंग सुधारने के निर्देश**

आयुक्त ने बैठक में मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों को प्रदेश स्तर पर अपनी रैंकिंग सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने और तहसीलदारों के माध्यम से राजस्व वसूली को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कर करेत्तर राजस्व प्राप्ति में सभी जिलो की खराब प्रगति पर नाराजगी जताई और तत्काल सुधारने के निर्देश दिए।

# मारपीट सहित अन्य मामले में आरोपी को पकड़ा

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने मारपीट सहित अन्य मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक रामबरन ने बताया कि जोखू पुत्र भुरदुर निवासी किशुनपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मारपीट सहित अन्य मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे।

# विद्युत अधिनियम के तहत दो को पकड़ा

बलरामपुर। विद्युत अधिनियम के दो अभियुक्तों को थाना कोतवाली देहात की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्त न्यायालय से वंचित चल रहे थे। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि छोटकऊ पुत्र राम मिलन, लक्ष्मन विद्युत अधिनियम में न्यायालय से वंचित चल रहे थे। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया गया है।

# डीएम ने की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा

बलरामपुर। आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण का सोमवार को डीएम ने समीक्षा की। संतुष्टि के अनुसार निस्तारण न होने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी डीएम ने अधिकारियों को दी है। डीएम पवन अग्रवाल ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण अपलोड करने से पहले सम्बन्धित अधिकारी वार्ता कर फीडबैक जरूर लें।

## पेंशन आक्रोश मार्च 26 को

बलरामपुर : अटेवा पेंशन बचाओ मंच 26 सितंबर को दोपहर तीन बजे पेंशन आक्रोश मार्च निकालेगा। जिलाध्यक्ष अनुराग ने बताया कि बाइक रैली दोपहर तीन बजे छोटा परेड ग्राउंड से कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी कार्यालय तक निकाली जाएगी। (जासं)

## आठ वारंटियों को दबोचा

बलरामपुर : चार थानों की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में छह वारंटी आरोपितों की गिरफ्तारी की है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि गैंसड़ी पुलिस ने मझौली मार्ग निवासी अजय पाल वर्मा व परसा पलईडीह निवासी रमेश कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया है। पचपेड़वा पुलिस ने गोबरी गांव निवासी कृष्ण कुमार, विशुनपुर टनटनवा निवासी अहमद व राजू को पकड़ा है। रेहराबाजार पुलिस ने किशुनपुर ग्रंट फत्तेडीह निवासी जोखू की गिरफ्तारी की है। देहात कोतवाली पुलिस ने कलंदरपुर गांव के छोटकऊ व लालाजोत बेलहा निवासी लक्ष्मन को गिरफ्तार किया है। (जासं)

# बेटियों को किया जागरूक

बलरामपुर : मिशन शक्ति फेज-4 के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एसपी विकास कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। गांवों के चौराहों, गांवों व भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर बेटियों व महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, यूपी डायल 112, आपात कालीन सेवा 181 आदि के बारे में जानकारी दी गई। (जासं)

# तेंदुए के हमले से पिंजरे में दुबक गई बकरी और बंद हो गया शटर

## पिंजरे के अंदर नहीं गया तेंदुआ पंजों के तीन जगह मिले निशान

संसू, जागरण• गैंसड़ी (बलरामपुर): हलौरा गांव में लगे पिंजरे तक तेंदुआ आया लेकिन, कैद नहीं हुआ। पिंजरे में बंधी बकरी को निवाला बनाने के लिए तेंदुआ ने पिंजरे पर तीन तरफ से हमला किया। उसके पंजे के निशान पिंजरे पर ग्रामीणों ने देखे हैं। छह स्थानों पर निशान है। पिंजरे के गेट की तरफ तेंदुआ नहीं गया। बकरी तक न पहुंच पाने से आक्रोशित तेंदुआ के लगातार हमला करने से

रविवार रात में पिंजरा गिर गया जिसका शटर बंद हो गया लेकिन, तेंदुआ पिंजरा में नहीं घुसा और भाग खड़ा हुआ। गांव के मोहम्मद रफीक लाला ने बताया कि रात में तेंदुआ पिंजरे के पास आया पिंजरे में बंधी बकरी को पिजड़े के पीछे से ही पकड़ने लगा। पिंजरे पर छह जगहों पर तेंदुए के पंजे के निशान बने हैं। सोमवार सुबह पिंजरा गिरा था, बकरी उसी में दुबकी हुई थी। क्षेत्रवासी मोहम्मद रफीक, लाला, जवाद, इसरार, साकिब, अमानुल्ला, सकील, वहीद, इब्राहिम, लल्लू आदि ने कहा कि हम सभी लोग अपने पालतू मवेशियों को घर के अंदर बांध रहे हैं। छोटे बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने देते हैं। साथ ही खेतों में आवश्यकता पड़ने पर समूह बनाकर जा रहे हैं। 11 सितंबर को गांव में



हलौरा गांव में लगा पिंजरा • जागरण

तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। चालाक तेंदुआ पकड़ में नहीं आ रहा है। वह शिकार की तलाश में भटकता रहता है। मेहंदिया निवासी बेकारु पाल ने बताया कि तेंदुआ उसके घारी में बंधी बकरी को उठा ले गया था। अजीम ने बताया कि तीन दिन पूर्व बकरी लैबुडवा नाले पर शाम तीन बजे चरा रहा था। फारुख और जगन के बाग में घात लगाए बैठे तेंदुए ने झपट्टा मार कर उसकी एक बकरी को उठा ले गया। लैबुड़वा निवासी अब्दुल समद ने बताया कि अपने मुर्गी फार्म में बेटे सुबराती के साथ सो रहा था। तेंदुआ अपने दो बच्चों के साथ रात्रि 11बजे मुर्गी फार्म में बंधी बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह बाहर टार्च जलाया तो देखा तेंदुआ और दो शावक बाहर खड़े थे। शोर मचाने पर भाग गया। हलौरा के रफीक ने बताया कि उसके मुर्गी फार्म पर मुर्गी लोड करवाने आ रहे सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारियों को तेंदुआ सरयू नहर के निकट रोड पर ही मिल गया। तेंदुआ वहां से भाग गया।

**शीघ्र पकड़ा जाएगाः** उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि रेंजर अमरजीत प्रसाद, वन दारोगा शशिकांत शुक्ल, वनरक्षक चंद्रभान व अन्य के साथ गांवों में जाकर प्रतिदिन लोगों को जागरूक किया जा रहा है। तेंदुआ पिंजरे के पास आने लगा है तो शीघ्र ही पकड़ा जाएगा।

# मंडल में लंबित वादों के निस्तारण में बलरामपुर अव्वल

गोंडा। देवीपाटन मंडल के जिलों में 2,351 वाद पांच साल से लंबित हैं। वहीं, 248 वाद निस्तारण कराकर बलरामपुर जिला पूरे मंडल में अव्वल रहा है। मंडलीय सभागार में सोमवार को आयोजित कर करेत्तर व राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में कमिश्नर शशिभूषण लाल सुशील ने लंबित वादों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए हैं। साथ ही तहसील व जनपद के 10 टॉपटेन बकायेदारों से वसूली का आदेश दिया है।

समीक्षा के दौरान कमिश्नर के सामने आया कि मंडल में पांच वर्ष से अधिक पुराने 2,847 वादों में से अब तक केवल 496 वाद निस्तारित हुए हैं। जिसमें सबसे अधिक 248 वाद बलरामपुर में निस्तारित किए गए हैं। हालांकि निस्तारण की धीमी गति को देखते हुए कमिश्नर ने फटकार लगाई। मंडल स्तर पर वाणिज्य कर में 38.80 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 25.23 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जिसमें गोंडा सबसे आगे और बहराइच सबसे पीछे रहा। स्टांप और पंजीकरण में 49.79 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 40.58 करोड़ रुपये की वसूली हुई। इसमें गोंडा सबसे आगे और बलरामपुर सबसे पीछे रहा। इसके अलावा कमिश्नर ने आबकारी, परिवहन और वन समेत अलग-अलग विभागों की समीक्षा की। (संवाद)

# मारपीट के मामले में आठ दोषी करार

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीप नारायन तिवारी ने मारपीट के मामले में आठ लोगों को दोषी करार दिया है। न्यायाधीश ने सभी दोषियों को एक-एक हजार रुपये अर्थदंड भी जमा करने का आदेश दिया है।

अदालत से

थाना गौरा चौराहा निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर प्रार्थना दिया था कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ गांव के ही 11 लोगों में मारपीट कर दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया तो उसने न्यायालय पर परिवाद दायर किया।

बयान के बाद 11 लोगों को न्यायालय ने तलब किया। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता पवन कुमार वर्मा ने चार गवाहों को न्यायालय में पेश किया।

## कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपों से किया बरी

## न्यायाधीश ने दोषियों पर लगाया एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने सभी को नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपों से बरी कर दिया।

न्यायाधीश ने सज्जाद, जियाऊ, नंदलाल, इदरीश, हनीफ, सुबराती, अतीउल्ला और ननकन को मारपीट का दोषी करार दिया है। दोषियों को एक-एक हजार रुपये अर्थदंड जमा करने का आदेश दिया है।

अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को एक-एक माह का कारावास भुगतना पड़ेगा। अर्थदंड में से चार हजार रुपये पीड़िता को देने का आदेश भी न्यायाधीश ने दिया है।

# विद्युत अधिनियम में दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली की पुलिस ने विद्युत अधिनियम के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी बृजनंदन राय ने बताया कि ग्राम कलंदरपुर निवासी छोटकऊ एवं लालाजोत बेलहा निवासी लक्ष्मन को गिरफ्तार करके विधिक कार्रवाई की गई है। (संवाद)

## ■ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** मारपीट करने के आरोप में आरोपी को रेहरा बाजार थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम किशुनपुर ग्रंट फत्तेडीह निवासी जोखू को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। (संवाद)

## ■ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलरामपुर।** मारपीट, अपमानित करने व वाहन से टक्कर मारने के आरोप में दो लोगों को पचपेड़वा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि ग्राम विशुनपुर टनटनवा निवासी अहमद को मारपीट और धोबियन टोला पुरानी बाजार निवासी राजू को वाहन से टक्कर मारने के आरोप में दोनों के घर से गिरफ्तार किया गया है। वहीं मारपीट के आरोप में पचपेड़वा थाना की पुलिस ने ग्राम गोबरी निवासी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# दो वांछित अभियुक्तों को दबोचा गया

बलरामपुर। थाना गैसड़ी पुलिस के दो मामले के दो वांछितों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। दोनों व्यक्तियों को न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। उप निरीक्षक रियाज अहमद ने बताया कि अजय पाल वर्मा पुत्र रूप नारायण वर्मा निवासी मझौली व रमेश कुमार वर्मा निवासी परसा पलईडीह को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहे थे।

# पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को दबोचा

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा की पुलिस ने दो वांछित को उसे समय गिरफ्तार कर लिया जब वह बिशनपुर टनटनवा गांव में मौजूद थे। उप निरीक्षक अरुण कुमार यादव ने बताया अहमद पुत्र नंगा, राजू पुत्र रोजन थाना पचपेड़वा के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# जांच में नहीं हुई बकरी को निवाला बनाने की पुष्टि

नानपारा संवाददाता।क्षेत्र के अगनूपुरवा में हिंसक जानवर द्वारा बकरी का शिकार करके ले जाने पर भेड़िए की ओर से शिकार करने वीडियो वायरल होने पर सोमवार को उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडे, वनक्षेत्राधिकारी नानपारा हरिओम श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युमन कुमार सिंह ने गांव पहुंचकर जांच की, बकरी के अवशेष नहीं मिले। जांच में पुष्टि नहीं हुई।

# दो महिलाओं सहित 23 वांछित गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## डीआइजी के निर्देश पर एसपी ने जिले में चलाया अभियान

बहराइच। डीआइजी के निर्देश पर वांछितों के खिलाफ जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एसपी के आदेश पर पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित 23 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों में खलबली मची रही।

अभियान के अंतर्गत मोतीपुर पुलिस ने मारपीट, जान से मारने की धमकी के आरोपी परवानी गौढ़ी निवासी रमेश, नयापुरवा निवासी शंकर पाल, पहलीपुरवा सर्रामुंदरी निवासी हसरत उल्ला, गोपिया निवासी आसिफ, पयागपुर पुलिस ने आर्म्स व आबकारी एक्ट के आरोपी बुद्धराम, विनय कुमार, सुजौली पुलिस ने झुर्री उर्फ बाल गोविंद, गोनई को गिरफ्तार किया।

रानीपुर थाना पुलिस ने मिलन, सूर्यबली, सकूना, खतूना, रामगांव पुलिस ने बब्लू उर्फ हसरत अली, बाबू, प्रताप उर्फ रामप्रताप, नानपारा कोतवाली पुलिस ने नसीम, कबीर, नरेंद्र कुमार, शब्बीर, मुन्ना, बिल्लू, सलीम व काशीराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हिन्दुस्त

# नगर कोतवाली में लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा

बहराइच, संवाददाता। एएसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा ने सोमवार को नगर कोतवाली में आर्डरली रूम किया। उन्होंने विवेचकों से विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की।

लंबित विवेचनाओं के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक के 21 सितम्बर से विवेचना निस्तारण व एनबीडब्लयू की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी सिटी ने शत-प्रतिशत कार्यवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा की ओर से 3 अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके दृष्टिगत वारंटियों की गिरफ्तारी, जिला बदर एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाई कर पूर्ण मनोयोग से अभियान को सफल बनाए जाने को निर्देशित किया। लम्बित अभियोगों का शीघ्र अनावरण करते हुए बरामदगी, गिरफ्तारी, वाहन चोरी की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, अवैध लाल नीली बत्ती आदि का चालान करने को निर्देशित किया गया।

हिन्दु

# विदेश से दूसरे के पैसे मंगाने पर खाता सीज

बहराइच। बैंक खाते में पड़ोसी की मदद के फेर में नम्बर दे दिया। खाड़ी देश से रकम जब खाते में आई, तो उसे पड़ोसी को दे दिया। जब खाता धारक को धन की जरूरत हुई, तो पता लगा विदेश से अवैध तरीके से धन लेनदेन में खाता ही सीज हो गया। एसपी के निर्देश पर साइबर क्राइम थाने में खाता धारक का केस दर्ज किया गया है।

दरगाह थाने के इमामगंज निवासी रज्जब अली की रानीपुर थाने के रमवापुर चौराहे पर दुकान है। पड़ोस की मोबाइल के कारोबारी रानीपुर थाने के सरवा गांव निवासी हसीब ने सऊदी अरब से रुपये मंगाने के लिए रज्जब अली से बैंक का खाता नम्बर मांगा और उसने बंधन बैंक का खाता नम्बर मुहैय्या करा दिया। इस बैंक खाते में एक ही दिन में दो - दो लाख दो बार में आए और फिर 1.33 लाख रुपये आ गये। रकम के आने पर रज्जब ने 4 लाख का चेक दिया और 1. 33 लाख रुपये नकद दे दिए। पड़ोसी हसीब ने चेक से चार लाख रुपये निकाल लिए। कुछ दिनों बाद बैंक से रुपये निकालने जब रज्जब बैंक पहुंचा तो बताया गया कि अवैध लेनदेन को लेकर उसका खाता सीज है। एसपी के निर्देश पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज हो सका।

## विहिप ने की राष्ट्र विरोधी तत्वों की गिरफ्तारी की मांग

संसू, जागरण● बहराइच : विश्व हिंदू परिषद (विधि प्रकोष्ठ) ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंपा और राष्ट्र विरोधी तत्वों के गिरफ्तारी की मांग की। कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। नेतृत्व जिला संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने किया। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बारावफात जुलूस के दौरान जेहादी मानसिकता वाले राष्ट्रद्रोही युवकों ने सरेआम फलिस्तीन व पाकिस्तान के झंडे लहराकर राष्ट्र विरोधी नारे लगाए थे। फखरपुर के कुंडासपारा स्थित मंदिर के सामने भीड़ ने सनातन धर्म विरोधी नारे लगाए। खैरीघाट के रायपुर में भी पाकिस्तान का झंडा लहराया गया। संगठन की ओर से लिखित शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। विहिप नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि रानीपुर थाने के कटघरा सरकारी स्कूल के पीछे अवैध तरीके से धर्मस्थल का निर्माण कराया जा रहा है। हुजूरपुर के श्रीपालपुर में भी अवैध मदरसे का निर्माण हो रहा है। जिले में लव जिहाद एवं मतांतरण की घटनाएं बढ़ गई हैं, लेकिन पुलिस को सूचना दिए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है। ज्ञापन देने वालों में तरुण सिंह, राजकुमार सोनी, बृज किशोर, अजय सिंह, राहुल कनौजिया, उमाकांत, रामेंद्र मिश्र, लव निगम आदि शामिल रहे।

## लोकतंत्र सेनानी की मौत, पुलिस कर्मियों ने दी सलामी

संसू, जागरण ● महसी (बहराइच) : हरदी थाना के सिसैया चूरामणि के गौढ़ी गांव निवासी 75 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी हरिद्वार प्रसाद का सोमवार को निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। पैतृक आवास सिसैया में पुलिस कर्मियों ने उन्हें सलामी दी। उनके निधन से पूरा गांव शोक में डूब गया। लोकतंत्र सेनानी हरिद्वार प्रसाद ने इमरजेंसी के दौरान छह माह जेल में बिताए। उनके निधन की सूचना पाकर एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह, एसओ सुरेश कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस लाइन से पहुंचे पुलिस कर्मियों ने उन्हें तिरंगा झंडा ओढ़ाकर गार्ड आफ आनर दिया। लोकतंत्र सेनानी के बड़े बेटे मनोज कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस मौके पर भाजपा नेता योगेश्वर सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, शिवा सिंह, हितेंद्र, लेखपाल प्रभात कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भेड़िये की खामोशी से ग्रामीणों को राहत, तलाश जारी

संसू, जागरण • महसी (बहराइच) : भेड़िये की खामोशी से ग्रामीणों को राहत मिली है, बावजूद इसके तलाश जारी है। भेड़िये के सरदार को पकड़ने के लिए वन विभाग जुटा हुआ है।

वन विभाग की ओर से भेड़िये को अपने जाल में फंसाने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। लगातार थर्मल ड्रोन से सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन भेड़िये की लोकेशन नहीं मिल रही है। हमलों पर नियंत्रण के लिए पहरा और कड़ा कर दिया गया है। नौ दिन पूर्व सिसैया निवासी राम किशन की बकरी को भेड़िया गन्ने के खेत में उठा ले गया। सर्च आपरेशन चलाया गया, लेकिन भेड़िया भाग निकला। इसके बाद हमले का कोई मामला सामने नहीं आया है। सोमवार को मिश्रनपुरवा, कोलैला, महराज बगिया समेत आसपास के इलाके में सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गांव के हितेंद्र, जगदीश समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि कुछ राहत मिली है। खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि लगातार निगरानी की जा रही है। पूरी रात गश्त की जा रही है।



महसी के सिकंदरपुर स्थित महराज बगिया में भेड़िए की तलाश में वन कर्मियों संग कांबिग करते डीएफओ अजीत प्रताप सिंह • जागरण

रविवार की रात भी भेड़िए की ओर से कोई हमला नहीं किया गया। प्रभावित गांवों में टीमों की ओर से पोस्टर, बैनर लगाने के साथ गोष्ठी आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है। हमलों पर नियंत्रण के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पांच भेड़िये पकड़े गए हैं। लोकेशन मिलते ही छठवें भेड़िये को पकड़ लिया जाएगा।

\- अजीत प्रताप सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच

**तेंदुए की चहलकदमी से दहशत**–मोतीपुर/मिहींपुरवा : मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर–1 मोतीपुर सिंचाई कालोनी में आए दिन शाम को तेंदुए की चहलकदमी देखने को मिल रही है। सोनू त्रिपाठी एवं अन्नू यादव ने बताया कि एक हफ्ते से मुहल्ले में तेंदुआ चहलकदमी कर रहा है, जिससे लोगों में दहशत है। (संसू)

# बुलेट, फेस रीडर व पीटीजेड कैमरों से नेपाल सीमा पर नजर

अमित पांडेय

बहराइच। नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और भी मजबूत की जा रही है। यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करीब 50 सीसीटीवी कैमरे सीमा से होकर गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की कड़ी निगरानी कर रहे हैं। इसके साथ ही डॉग स्क्वायड, एक्सरे बैगेज मशीन से भी चेकिंग होती है। बिना पहचान पत्र दिखाए कोई व्यक्ति सीमा पार नहीं कर सकता। एसएसबी, एटीएस, खुफिया विभाग व आईबी की टीमें भी लगातार नजर गड़ाए रखती हैं।

जिले की सीमा से करीब 110 किलोमीटर नेपाल की खुली सीमा लगती है। बावजूद इसके रूपईडीहा कस्बे से ही नेपाल से मुख्य आवागमन की सुविधा है। पुलिस व एसएसबी के मुताबिक हर दिन करीब एक लाख लोग यहां से नेपाल और नेपाल से भारत आते-जाते हैं।

सीमा से होकर गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच की जिम्मेदारी एसएसबी की है। इस समय एसएसबी द्वारा सीमा पर आधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों के साथ-साथ डाग स्क्वॉयड, एक्सरे बैगेज मशीन आदि की सहायता से जांच की जा रही है। (संवाद)



भारत-नेपाल सीमा पर रुपईडीहा में लगाया गया अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरा। संवाद



भारत-नेपाल सीमा पर रुपईडीहा में आने-जाने वाले लोगों की चेकिंग करता एसएसबी का डॉग स्क्वॉयड। संवाद

**ग्रामीण क्षेत्र में बनी सीमा चौकी :** नेपाल सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों में भी एसएसबी ने सीमा चौकियां बनाई हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र से भी आवागमन करने वाले नागरिकों पर नजर रखी जा रही है। एसएसबी ने ग्राम मुंशीपुरवा, शिवपुरा, निबिया व संतलिया समेत करीब एक दर्जन गांवों के पास चौकी बनाई है। सीमा पर तैनात एसएसबी 42वीं वाहिनी के इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यहां पहचान पत्र देखकर ही किसी को आने-जाने दिया जाता है ताकि सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जा सके। बताया सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी समय-समय पर समन्वय स्थापित कर ऑपरेशन को अंजाम दिया जाता है।

**ऑटोमोटिव नंबर रिकॉग्निशन कैमरा :** इस कैमरे से सीमा से होकर गुजरने वाले वाहनों का नंबर स्कैन किया जाता है जिससे सुरक्षा के रूप में यह जाना जा सके कि यह गाड़ी सीमा से होकर कितनी बार आवागमन कर चुकी है।

## सीमा पर सुरक्षा के हैं कड़े इंतजाम

" नेपाल सीमा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिली है। **-मोनिका रानी, डीएम**

## सीमा पर लगे कैमरे व उनकी खासियत

**पीटीजेड कैमरा** सीमा पर लगाए गए पीटीजेड कैमरों का उपयोग बड़े क्षेत्र की निगरानी के लिए किया जाता है। ये कैमरे 360 डिग्री पैन या 180 डिग्री झुकाव के बीच कहीं भी कवरेज पर सकते हैं। इससे सीमा पर काफी दूरी से निकलने वाले लोगों पर भी नजर रखने में आसानी होती है।

**बुलेट कैमरा** बुलेट कैमरों का नाम उनके बेलन जैसे आकार के कारण रखा गया है जो बुलेट जैसे दिखते हैं। ये कैमरे आमतौर पर एक निश्चित लेंस के माध्यम से अपेक्षाकृत संकीर्ण दृश्य क्षेत्र को कवर करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।

**फेस रीडर** ये कैमरे नेपाल सीमा से होकर गुजरने वाले लोगों की फेस रीडिंग के काम आते हैं। इससे किसी भी फोटो के साथ टैली कर यह जानकारी मिल सकती है कि संबंधित व्यक्ति कितनी बार सीमा से होकर गुजर चुका है।

# युवक को धारदार हथियार से किया घायल

बहराइच। देहात कोतवाली क्षेत्र के सरस्वती नगर निवासी यश सिंह (25) ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि पुरानी रंजिश के चलते रविवार की रात शिवाकांत मिश्रा, अनुज सिंह शूटर, गौरव, सारिम नादाब और 15 अज्ञात युवक उसके घर में घुस आए। इसके बाद लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जब तक आसपास के लोग एकत्रित होते, तब तक दबंग फरार हो गए। देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि चार नामजद सहित आठ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

# महिला से 10 लाख रुपये हड़पे

बहराइच। भूमि का बैनामा कराने के नाम पर ठगों ने महिला से 10 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद न तो भूमि दी और न ही रुपये वापस किए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

**कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा**

देहात कोतवाली क्षेत्र के भटपुरवा निवासी शफीकुन ने कोर्ट में वाद दायर किया था। बताया कि वह आवासीय जमीन खरीदना चाहती थी जिसके लिए प्रॉपर्टी डीलर शेखदहीर निवासी असद से बात की थी। जनवरी 2020 में उसने पांच बिसवा जमीन का सौदा 10 लाख रुपये में किया था। बैनामा के दौरान वह जमीन किसी और की होने की बात पता चली थी।

उसने धोखाधड़ी की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी जिस पर असद के पिता सिकंदर अली ने बाराबंकी जिले में की जा रही प्लाटिंग में से एक हजार वर्ग फीट जमीन देने के वादा किया था। बातचीत के दौरान सिकंदर अली और उनके बेटा-बेटी भी मौजूद थे। काफी समय बीतने के बाद भी रुपये या जमीन कुछ भी नहीं मिला।

रुपये देने से मना करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सुनवाई नहीं हुई तो पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। इस पर कोर्ट के आदेश पर देहात कोतवाली पुलिस ने पिता सहित तीन लोगों पर धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। (संवाद)

# अब मोतीपुर की सिंचाई कॉलोनी में दिखा तेंदुआ

## स्थानीय लोग एक सप्ताह से लगातार तेंदुए के आने की कह रहे बात

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर सिंचाई कॉलोनी में रविवार की शाम एक तेंदुआ सीसीटीवी में कैद हुआ। इसके बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

सिंचाई कालोनी निवासी सोनू त्रिपाठी, अन्नू यादव, तूफानी यादव आदि ने बताया कि बीते एक सप्ताह से लगातार तेंदुए की मूवमेंट हो रही है। तेंदुआ मोहल्ले के आसपास घूमता देखा जा रहा है।

वहीं अब मोहल्ले के अंदर घूमता दिख रहा है। दहशत की वजह से शाम होते ही सभी लोग घरों में कैद हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मोतीपुर रेंज के वनकर्मियों से शिकायत की गई है तो उन्होंने गोला पटाखा दागने को कहा है।



मोतीपुर सिंचाई कॉलोनी परिसर में सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में दिखा तेंदुआ। -अमर उजाला

## बंदरों के उत्पात से परेशान ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट



बहराइच कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने आए चौखड़िया के ग्रामीण। -संवाद

बहराइच। बंदरों के उत्पात से आजिज महसी के चौखड़िया निवासी ग्रामीण सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने बंदरों केहमला करने व फसल नुकसान करने की बात कहते हुए डीएम से शिकायत की। साथ ही अभियान चलाकर बंदरों से छुटकारा दिलाने की मांग की। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि इस समस्या का समाधान कराने के लिए जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश दिए गए है। (संवाद)

## भेड़िये की दहशत में सियार को मार डाला

नानपारा। कोतवाली क्षेत्र नानपारा के कोटवा गांव में सोमवार शाम ग्रामीण खेत की ओर गए थे। आरोप है उसी दौरान खेत से निकले जानवर ने उन्हें दौड़ा लिया। ग्रामीण भेड़िया-भेड़िया कहकर शोर मचाते हुए भागे फिर वहीं लाठी-डंडे से उसे पीट-पीट कर मार डाला। जानवर की मौत के बाद पता चला कि जिसे ग्रामीण भेड़िया समझ रहे थे, वह सियार था। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम पड़ताल में जुटी है। (संवाद)

# दहशत के बीच दूसरे दिन जागे जिम्मेदार अगनूपुरवा पहुंचे और की पड़ताल

संवाद न्यूज एजेंसी

नानपारा (बहराइच)। दो भेड़ियों द्वारा बकरी को दबोचकर भागने का वीडियो वायरल होने के बाद से नानपारा तहसील क्षेत्र में दहशत है। ग्रामीण लाठी लेकर रखवाली कर रहे हैं। बावजूद इसके रविवार को न तो प्रशासन और न ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अमर उजाला ने सोमवार के अंक में इससे संबंधित खबर प्रमुखता से प्रकाशित की जिसके बाद एसडीएम, सीओ व रेंजर अगनूपुरवा पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जंगली जानवरों से बचाव के प्रति जागरूक किया। हालांकि वन विभाग की टीम को कोई पगचिह्न नहीं मिला।

अमर उजाला इंपैक्ट

क्यूआर कोड स्कैन कर देखें संबंधित वीडियो।

नानपारा तहसील के नए परिसर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित अगनूपुरवा गांव से शुक्रवार की शाम घर में बंधी बकरी को भेड़िये जैसे दिखने वाले जानवर उठा ले गए थे। इसका सीसीटीवी फुटेज शनिवार की शाम वायरल हुआ था और ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी।

खबर का संज्ञान लेकर सोमवार को एसडीएम अश्वनी पांडेय, सीओ प्रद्युम्न सिंह व रेंजर हरिओम श्रीवास्तव सहित वन व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सभी ने पीड़ित बकरी स्वामी से जानकारी ली और आम के बाग व रास्तों पर पड़ताल की।

रेंजर ने वन टीम के पगचिह्नों की तलाश की लेकिन उन्हें मौके पर कोई पगचिह्न नहीं मिला। इसके बाद ग्रामीण दो दिन की देरी से पगचिह्न मिट जाने की बात कहते सुने गए।



नानपारा के अग्नूपुरवा गांव में बकरी को भेड़िया द्वारा उठाए जाने की सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग मिलने के बाद जांच करती वन विभाग की टीम व पुलिस। -संवाद

### ग्रामीणों को किया जागरूक

एसडीएम अश्वनी पांडेय ने पीड़ित मुन्ना से जानकारी ली। उसने व अन्य ग्रामीणों ने भेड़िये द्वारा बकरी उठाने की बात कही गई। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को रात में टॉर्च लेकर निकलने, घर के बाहर न सोने व डंडा आदि लेकर निकलने व सतर्क रहने के प्रति जागरूक किया।

### पूरे गांव में दहशत का माहौल व आक्रोश

सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में भेड़िये जैसे दो जानवरों द्वारा पलक झपकते ही बकरी को उठा ले जाने का वीडियो देखने के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। सोमवार को भी ग्रामीण दहशत में दिखे। वहीं प्रशासन व वन विभाग की शिथिलता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी रहा।

महामंत्री श्रीधर दूबे ने दी है। (संवाद)

# किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

जरवलरोड (बहराइच)। थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि 19 सितंबर को उसकी 17 वर्षीय बेटी स्कूल गई थी। देर शाम तक वह नहीं लौटी। अगले दिन उसने फोन कर इंदौर में होने की बात करते हुए एडमिशन कराने की बात बताई और फोन काट दिया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-09-2024

# दूसरे दिन भी भंगहा में पसरा सन्नाटा

**फॉलोअप**

हरिहरपुररानी, संवाददाता। भंगहा बाजार में दो समुदायों में हुई झड़प के बाद दूसरे दिन बाजार में सन्नाटा छाया रहा। पुलिस ने ड्रोन कैमरे से निगरानी की और टावर पर जबरन लगाए गए धर्म विशेष के झंडे को पुलिस ने उतरवा दिया।

कोतवाली क्षेत्र भिनगा के भंगहा बाजार में शनिवार देर रात को धामिक झंडा लगाने को लेकर विवाद हो गया था। नवरात्र को लेकर एक समुदाय के कुछ बच्चे धार्मिक झंडा लगा रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने विरोध करते हुए विवाद शुरू कर दिया। जिसमें मारपीट होने लगी तो दूसरे समुदाय के लोगों ने घर व छतों से पथराव कर दिया। जिसमें एक पक्ष से शकुंतला व प्रीतम तथा दूसरे पक्ष से इमरान समेत तीन लोग घायल हो गए।



भंगहा बाजार में पसरा सन्नाटा। • हिन्दुस्तान

दो समुदाय से जुड़े इस मामले की गंभीरता को देखते हुए रात में ही भारी संख्या में पुलिस व पीएसी को तैनात कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मौके से 23 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार सुबह पूरा बाजार पुलिस छावनी में तब्दील रहा।

सोमवार को भी भंगहा बाजार में सन्नाटा छाया रहा। इक्का दुक्का दुकानें ही खुलीं। पुलिस ने ड्रोन कैमरा उड़ा कर लोगों के घरों पर निगरानी की।

इसके साथ ही टावर पर लगे धर्म विशेष का झंडा उतरवाया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। मौके पर पीएसी तैनात रही। वहीं हिरासत में लिए गए 23 लोगों को सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# भंगहा में सामान्य हो रहे हालात

## खुली तो कहीं बंद रहीं दुकानें, बाजार में पसरा सन्नाटा, पुलिस तैनात

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** धार्मिक झंडे को लेकर शनिवार रात भंगहा बाजार में हुए पथराव के बाद अब मामला पूरी तरह से शांत हो चुका है। पुलिस ने मामले में गिरफ्तार सभी 23 आरोपियों को जेल भेज दिया है। जबकि शेष आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

घटना के दूसरे दिन बाजार में मिलाजुला असर देखने को मिला। कुछ स्थानों पर दुकानें खुली तो ज्यादातर दुकानें बंद रहीं। वहीं सुरक्षा के लिए मौके पर अभी पुलिस बल तैनात है।

भंगहा बाजार में शनिवार रात धार्मिक बैनर लगाने को लेकर दो समुदाय में विवाद हो गया था। इस दौरान दोनों तरफ से हुए पथराव में एक महिला सहित कुछ लोग घायल हो गए थे। हालांकि मौके पर भारी पुलिस बल के आ जाने के बाद मामला शांत हो गया था। इस दौरान पुलिस ने शनिवार रात ही 44 लोगों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कर 23 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। जिन्हें सोमवार को जेल भेजा गया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर अब भी पुलिस व पीएसी बल तैनात है।



भंगहा में बवाल करने के गिरफ्तार आरोपी। -संवाद



क्षेत्र में पसरा सन्नाटा। -संवाद

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

गौड़रा निवासी किशन वर्मा, भंगहा बाजार निवासी संतोष कुमार पटवा, मंजीस पटवा, प्रीतम पटवा, अजय पटवा, आजाद अहमद, मारूफ कुरैशी, निजामुद्दीन, इरशाद, हाशिम, अनवार अहमद, शमशाद अहमद, अंजार, अली अहमद, मोहम्मद फारूक, अरशद अंसारी, साजिद, मोहम्मद तल्हा, अफजल, शिब्ली, अनीस अहमद, मोहम्मद जुनैद व अनवर अली को पुलिस

बाजार में कई लोगों ने अपनी दुकान खोली, लेकिन ज्यादातर दूसरे दिन भी बंद रहीं। इस दौरान बाजार में भी इक्का-दुक्का लोग ही आते जाते दिखे। बाजार में चहल पहल न होने व लोगों के घरों से न निकलने के कारण जिन लोगों ने दुकान खोला भी। उनमें से भी ज्यादातर दुकानदार ग्राहक के न आने के कारण अपनी दुकान बंद कर घर चले गए।

इस बारे में प्रभारी निरीक्षक भानुप्रताप सिंह का कहना है कि भंगहा बाजार में स्थित पूरी तरह से सामान्य है। फिर भी सुरक्षा को देखते हुए पुलिस तैनात किया गया है। आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। स्थिति पूरी तरह से अब सामान्य है।

# तीन वारंटी गिरफ्तार किए

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। रविवार को वारंटियों की धरपकड़ के लिए थानाध्यक्ष थाना सोनवा अखिलेश कुमार पाण्डेय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने चन्द्रिका पासी पुत्र रामसमुझ पासी निवासी हुसेनपुर खुरुहरी, छोटकऊ पुत्र सुदामा व बड़कऊ उर्फ रामपल्टन पुत्र नंगे उर्फ ननकऊ निवासी बेदौरा थाना सोनवा को उनके घर से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक राम सजीवन निषाद, उपनिरीक्षक विनायक सिंह, आरक्षी अमित कुमार वर्मा, वीरेन्द्र यादव आदि शामिल रहे।

# 53 वाहनों का चालान, 92 हजार जुर्माना

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक की ओर से दिए गए निर्देश के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की गई।

जिसके तहत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग के दौरान 53 वाहनों का मोटर अधिनियम में ई-चालान कर 92 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# 15 बोटा सागौन के साथ दो गिरफ्तार

**धरपकड़**



रेन्ज कार्यालय परिसर में खड़ी लकड़ी से लदी पिकप। ● हिन्दुस्तान

श्रावस्ती, संवाददाता। अवैध कटान कर सागौन की 15 बोटा लकड़ी पिकप पर लादकर ले जाई जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने लकड़ी समेत पिकप को पकड़ लिया। साथ ही मौके से टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

ककरदरी वन क्षेत्राधिकारी को रविवार देर रात मुखबिर ने सूचित किया कि जंगल से अवैध कटान कर लकड़ी पिकप से ले जाई जा रही है जो कोतवाल क्षेत्र भिनगा के भंगहा मोड़ से होकर जाने वाली है। सूचना मिलते ही रेंजर सुबोध शुक्ला ककरदरी वन टीम व भिनगा रेंज की टीम साथ लेकर मुखबिर के बताए रास्ते पर पहुंचकर कार्रवाई में जुट गए। वन विभाग की टीम ने भंगहा मोड़ से आगे मछरिहवा गांव के पास एक पिकप को आते देखा। पास आने पर पिकप को रोका गया और तलाशी ली गई। इसमें अवैध कटान की 15 बोटा सागौन की लकड़ी लदी थी। वन विभाग की टीम ने पिकप समेत लकड़ी को कब्जे में लेते हुए मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान चन्द्रशेखर पुत्र रामछवि व कन्हैयालाल पुत्र बालकराम निवासी सिटकहना थाना गिलौला के रूप में हुई। टीम की ओर से लकड़ी से लदी पिकप को जब्त करते हुए उसे रेंज कार्यालय में ले जाकर खड़ा करा दिया गया। रेंजर सुबोध शुक्ला ने बताया कि लकड़ी को जब्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध लिखापढ़ी की जा रही है। लकड़ी जंगल की है या नहीं इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। जांच की जा रही है।

## पिकअप पर लदी 15 बोटे सागौन की लकड़ी बरामद

संसू, जागरण • श्रावस्ती : ककदरी जंगल से अवैध कटान के बाद लकड़ी लेकर जा रहे पिकअप वाहन को रविवार की रात वन टीम ने पकड़ लिया। पिकअप से सागौन के 15 बोटे बरामद हुए। वन टीम लकड़ी, वाहन व आरोपितों को रेंज कार्यालय ले आई। वन विभाग आरोपितों पर कार्रवाई में जुटा है। भिनगा रेंजर नंद किशोर को सूचना मिली कि वन क्षेत्र ककरदरी जंगल से अवैध कटान के सागौन के बोटे लादकर पिकअप निकल रही है। वे टीम के साथ भंगहा मोड़ पहुंचे। इसी दौरान मछरिहवा गांव के पास से निकल रहे वाहन को घेराबंदी पकड़ लिया। इसमें जंगल से काटे गए 15 बोटे सागौन की लकड़ी बरामद हुई। सूचना ककरदरी के रेंजर सुबोध शुक्ला को दी गई। वे भी वन टीम के साथ भंगहा मोड़ पहुंचे। पिकअप, लकड़ी व पकड़े गए आरोपितों को लेकर रेंज कार्यालय चले गए। रेंजर ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान कन्हैया लाल व चंद्रशेखर निवासी गिलौला के रूप में की गई। टीम ने लकड़ी, पिकअप व आरोपितों को रेंज कार्यालय लाया गया है। कार्रवाई की जा रही है। अन्य आरोपितों की भी तलाश की जा रही है।

# श्रावस्ती की महिला से हुआ था दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। बजरिया पुलिस ने श्रावस्ती की महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में ऑटो चालक और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ऑटो चालक ने मदद का झांसा देकर परेशान महिला को पहले बातों में उलझाकर अपने घर ले गया।

फिर वहां उसे बंधक बनाकर अपने साथी के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। पकड़े गए ऑटो चालक बजरिया के खटिकाना निवासी मंगूलाल और अफीमकोठी निवासी चुन्नू लाल वर्मा को जेल भेज दिया है।

बता दें, श्रावस्ती निवासी महिला शनिवार को रोडवेज बस से कानपुर आई थी। रास्ते में उसका किसी ने पर्स गायब कर दिया था। परेशान महिला झकरकटी बस स्टैंड के पास मदद की गुहार लगा रही थी। उसी दौरान खटिकाना निवासी चालक मंगूलाल हमदर्दी जताते हुए मदद का झांसा देकर महिला को अपने घर लाया, जहां देर रात उसने चुन्नू लाल वर्मा को भी बुला लिया।

दोनों ने महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध पर मारपीट भी की। आरोपियों के चंगुल से छूटकर थाने पहुंची पीड़िता की सुनवाई न होने पर उसने रविवार को डीसीपी सेंट्रल से शिकायत की जिसके बाद डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### इंस्पेक्टर को जांच के आदेश

दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत को नजरंदाज कर उसे थाने से टरकाने पर डीसीपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एसीपी मामले की जांच करेंगे और अगर आरोप सही पाए गए तो इंस्पेक्टर समेत कई पुलिस कर्मियों पर गाज भी गिर सकती है।

# 15 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भंगहा मोड़ पर रविवार रात वन विभाग की टीम ने एक पिकअप रोकी। इसमें 15 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद हुई। इस दौरान टीम ने वाहन व लकड़ी व चालक सहित एक अन्य को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। जिनकी पहचान गिलौला थाना क्षेत्र के गिलौला बाजार निवासी चंद्रशेखर व कन्हैयालाल के रूप में हुई है। इस बारे में रेंजर भिनगा नंद किशोर ने बताया कि वाहन चालक लकड़ी से संबंधित कागज नहीं दिखा सका। इस पर दोनों आरोपियों को लकड़ी सहित वन कार्यालय भिनगा लाया गया है जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुर्चहवा के पास सोमवार तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में थाना क्षेत्र के ग्राम गजोबरी निवासी बाइक सवार जगतराम (55) व उसकी पत्नी निर्मला (50), बेटा अजय (20) घायल हो गए। यह तीनों एक ही बाइक से थाना क्षेत्र के तिवारी गांव अपनी बेटी के घर जा रहे थे। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को मल्हीपुर सीएचसी लाया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने निर्मला को जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया है, जबकि जगतराम व अजय का सीएचसी में इलाज चल रहा है। (संवाद)

# बयान से पलटी महिला पर दर्ज होगा मामला

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पटना निवासी लक्ष्मी देवी ने दो वर्ष पूर्व दो लोगों के विरुद्ध छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद न्यायालय पर भी बयान दिया था, लेकिन बाद में बहस के दौरान महिला अपने बयान से मुकर गई। इस पर न्यायालय ने झूठा मामला दर्ज कराने के आरोप में महिला के विरुद्ध मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। (संवाद)